दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — प्रदेश में आज से शुरु निकाय चुनाव की...
4 रविवारीय — ठिठुरन भरी ठंड से बचना है तो खाएं...
9 मनोरंजन/व्यापार — दीपिका ने कार्तिक से की रिक्वेस्ट...
11 खेल — वार्नर का रिकॉर्ड तिहरा शतक...

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 1 दिसम्बर, 2019, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-286 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

महापौर की हॉट सीट पर 'लक्ष्मीपुत्र' ही बनेंगे दावेदार!

सुकांत राजपूत

रायपुर। एक बार फिर सूबे में सियासी दलों के बीच शहरी और ग्रामीण नीजाम हासिल करने की होड़ मच गई है। इसमें सबसे करीबी सियासी पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के लिए मेयर पोस्ट ही सबसे हॉट सीट होगी। तुर्रा यह कि महापौर पद के लिए खासतौर पर राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य पांच बड़े शहर हैं। सबसे ज्यादा रायपुर मेयर पोस्ट के लिए जद्दोजहद होगी। इसके बाद बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, अंबिकापुर और जगदलपुर रईस सियासतदानों की नजर में है।

नगरीय निकाय चुनाव के कायदे-कानून में बदलाव के बाद महापौर और अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होना है। ऐसे में कोई लक्ष्मीपुत्र ही चुनावी बिसात ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहरी सरकार के लिए मची होड़, शुरु जोड़-तोड़

- मेयर बनने बीजेपी से ज्यादा कांग्रेस में पैसे वाले
- तभी मिलेगी हॉट सीट जो 70 वार्ड में खर्च करेगा

रायपुर के पैसे वालों की चर्चा

- भाजपा- राजीव अग्रवाल, छगन मुंदड़ा
- कांग्रेस- आनंद या अजीत कुकरेजा, गजराज पगारिया, ऐजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे

दावा- पैसा नहीं नाम को तरजीह

प्रदेश भाजपा संगठन में पार्टी चुनाव के साथ ही साथ निकाय चुनाव के लिए टिकट के दावेदारों पर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन की बैठकें तो हुई लेकिन नगरीय निकाय चुनाव के लिए तय तारीख की बैठक आज 1 दिन पहले 30 नवंबर को की गई। पीसीसी लीडर समेत छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया और पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने बैठक ली है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

जिसने पशुओं की पीड़ा हरने का पेशा अपनाया था उसके साथ पाश्विक कृत्य करने वाले दरिंदों को चौराहे पर जिंदा जला देना चाहिए, लेकिन देश का कानून इसकी इजाजत नहीं देता।
अपराधियों पर वर्षों मुकदमा चलेगा। नाबालिक हैवान छूट जाएंगे, 10 हजार रूपए और सिलाई मशीन पाएंगे। हम मोमबत्ती जलाएंगे और अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेंगे। फिर ऐसी वीभत्स घटना की प्रतीक्षा करेंगे। अब मोमबत्ती नहीं मशाल उठाने की और समवेत स्वर में यह गाने की जरूरत है - जला दो इसे, फूंक डालो ये दुनिया, मेरे सामने से हटा लो ये दुनिया, ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या....?

शपथ ग्रहण और कार्यवाही को संविधान सम्मत न बताते हुए विपक्षी दल भाजपा का हंगामा, किया वाकआउट

उद्धव सरकार ने जीता विश्वास मत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंबई। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाराष्ट्र की नई सरकार ने शनिवार को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। इस दौरान भाजपा सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। लेकिन वे उद्धव को विश्वासमत हासिल करने से नहीं रोक सके। भाजपा के हंगामे के बीच शिवसेना-कांग्रेस-एनसीपी की महाविकास आघाड़ी की सरकार ने बहुमत सिद्ध कर दिया। महाराष्ट्र विधानसभा में हुए फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष में 169 सदस्यों ने वोट किया, जबकि इसके खिलाफ वोट करने वालों की संख्या शून्य रही। भाजपा के सदस्यों ने शपथ ग्रहण का मुद्दा उठाकर पहले तो हंगामा किया।

169 वोट पड़े विश्वास मत के पक्ष में

विधि सम्मत नहीं हुआ शपथ ग्रहण

भाजपा सदस्यों का कहना था कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों का शपथ ग्रहण विधि सम्मत नहीं हुआ। भाजपा की आपत्ति शपथ लेने वाले मंत्रियों के द्वारा कथित तौर पर शिवसेना प्रमुख बालासाहब ठाकरे व शिवाजी महाराज का नाम लेने पर थी। इसके जवाब में शिवसेना, एनसीपी व कांग्रेस के सदस्यों ने कहा कि मंत्रियों की ओर से शपथ के पहले या बाद में कोई अपने आदर्श महापुरुष व आराध्य देव का नाम ले सकता है।

ऐसे चला हंगामा

...ऐसे तो भंग करनी पड़ेगी संसद: भुजबल

एनसीपी के छगन भुजबल ने कहा कि मंत्रियों ने राज्यपाल द्वारा दिलाई गई शपथ जस की तस ली। पहले या बाद में किसी के द्वारा अपने आदर्श नेता या आराध्य देवता के नाम लेने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यदि भाजपा सदस्य इसको लेकर आपत्ति उठाते हैं तो संसद भंग कर देनी चाहिए। क्योंकि हमने देखा है कि संसद में कई सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने शपथ ग्रहण के दौरान श्रीराम कहा तो किसी ने कुछ और।

शपथ में लिया सोनिया का नाम

पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज की विधानसभा की कार्यवाही संवैधानिक नहीं थी। सरकार को नया अधिवेशन बुलाना चाहिए था। लेकिन पुराने वाले को ही कंटीन्यू किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि शपथ ग्रहण संविधान के अनुरूप नहीं हुआ। किसी ने सोनिया गांधी का नाम लिया तो किसी ने कोई और नेता का। प्रोटेम स्पीकर को हटाने का भी कोई प्रावधान नहीं है। लेकिन प्रोटेम स्पीकर को हटाया गया।

मोदी सरकार के 180 दिन

छह माह में देश की एकता, विकास के लिए अनेक फैसले

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 180 दिन पूरे होने पर शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश के विकास, सामाजिक सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देने के लिये अनेक निर्णय किये। पीएम मोदी ने हैशटैग (ह्) इंडिया फर्स्ट के छह माह... के साथ एक के बाद एक दो ट्वीट किए। पीएम मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय से प्रेरित होकर और 130 करोड़ भारतीयों के आर्शीवाद से राजग सरकार नये उत्साह से भारत के विकास और 130 करोड़ भारतीयों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बीजेपी ने गिनाई उपलब्धियां

मोदी सरकार के छह महीने पूरे हो जाने पर बीजोपी फॉर इंडिया की तरफ से 'सिक्स मंथ ऑफ इंडिया फर्स्ट' हैशटैग के साथ ट्वीट करते हुए सरकार की उपलब्धियां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

अग्नि-3 मिसाइल का पहली बार रात में हुआ ट्रायल

बालासोर (ओडिशा) ए.। परमाणु क्षमता से लैस सतह से सतह तक मार करने वाली बलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का शनिवार को पहली बार नाइट ट्रायल हुआ। ओडिशा तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप स्थित इंटिग्रेटेड टेस्ट रेंज से रात 7 बजकर 20 मिनट पर मिसाइल का परीक्षण हुआ। अग्नि-3 मिसाइल की मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है।

सिलिंडर में ब्लास्ट से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू और कश्मीर के रामबन जिले में गैस सिलिंडर में विस्फोट होने से एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई। शुक्रवार की रात हुए ब्लास्ट की वजह से महिला और तीन बच्चियों ने तत्काल ही मौत हो गई थी, जबकि शनिवार को दो अन्य बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह घटना रामबन के मैत्रा इलाके में किराए के घर में रहने वाले बिशन दास के घर में हुई। इस घटना में बिशन की पत्नी दर्शना देवी (36), उनकी बेटियां आशू देवी (13), संतोष देवी (7) और प्रियंका देवी (3) की झुलसने की वजह से मौत हो गई।

सियाचिन: हिमस्खलन में दो जवान शहीद

नयी दिल्ली (वार्ता)। दुनिया के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र सियाचिन में आज एक बार फिर हिमस्खलन भारतीय सैनिकों के लिए काल बनकर आया जिसकी चपेट में आने से दो जवान शहीद हो गये। सेना के अनुसार उसके जवानों का एक दल आज तड़के करीब 18 हजार फुट की ऊंचाई पर गश्त लगा रहा था कि वह अचानक हुए हिमस्खलन की चपेट में आ गया।

झारखंड विस चुनाव: 13 सीटों पर 64.44% वोटिंग

झड़प और नक्सली उपद्रव के बीच वोटिंग खत्म

- सबसे अधिक 67.30 प्रतिशत वोट लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में

रांची (वार्ता)। झारखंड में प्रथम चरण में शनिवार को तेरह विधानसभा सीटों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक सम्पन्न कराए गए मतदान में 64.44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर उरांव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुखदेव भगत समेत 189 प्रत्याशियों के

चुनावी भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सहकारी समितियों के जरिए आज से धान खरीदी शुरू

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से स्त्रधान खरीदी की सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूरी कर ली गई है। जिले में आज एक दिसम्बर रविवार से टोकन के माध्यम से धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिला सहकारी बैंक रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. जोशी ने बताया की रायपुर जिले में 82 समितियों के तहत 126 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं।

किसानों को न हो परेशानी: भगत

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने प्रदेश में रविवार एक दिसम्बर से शुरू हो रहे धान खरीदी के लिए सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रहना चाहिए।

सिरपुर महानदी पिकनिक पर गये 2 छात्रों की डूबने से मौत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत माता स्कूल से स्कूली छात्रों को महासमुंद जिले के सिरपुर स्थित महानदी पिकनिक के लिए स्कूल की तरफ से ले गया था। नदी के रेत पर घूमते समय अचानक दो छात्रा नदी में डूब गये जिसके चलते उनकी मौत हो गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर दोनों छात्रों का शव निकालकर पंचनामाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल से

170 स्कूली छात्राओं को पिकनिक के लिए महासमुंद जिले में सिरपुर व महानदी घूमने के लिए स्कूल की तरफ से बच्चों को बस में भरकर स्कूल प्रबंधन ले गया था। महानदी रेत के ऊपर घूमते समय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हैदराबाद रेप: थाने में घुस रही भीड़ को रोक रही पुलिस पर चली चप्पलें

हैदराबाद ए.। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में महिला डॉक्टर से रेप की वीभत्स घटना सामने आने के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरे। आक्रोशित लोगों ने उस थाने के बाहर प्रदर्शन किया, जहां महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के आरोपियों को बंद किया गया है। शादनगर थाने में घुसने की कोशिश कर रही भीड़ को पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो पुलिस पर लोगों ने चप्पलें भी चलाईं।

विधानसभा चुनाव में फतह दिलाने वाली टीम को निकाय चुनाव का दारोमदार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज से नामांकन पत्र की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके साथ ही चुनावी तैयारियों ने भी जोर पकड़ लिया है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाने वालों को ही अब नगरीय निकाय चुनाव का दारोमदार मिला है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र समिति का भी निकाय चुनाव के लिए ऐलान आज कर दिया है। वहीं चुनावी जिम्मेदारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- कांग्रेस ने घोषणा पत्र समिति का किया ऐलान
- 12 मंत्री, 2 सांसद और 9 विधायकों को जिम्मा

कांग्रेस विधायक से बोलीं प्रज्ञा, मैं आ रही हूं आपके घर, जला देना

भोपाल ए.। मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक गोवर्धन दांगी के जिंदा जलाने की धमकी के बाद राज्य की भोपाल सीट से बीजेपी सांसद और गोडसे को लेकर दिए अपने बयान को लेकर चर्चा में आई साध्वी प्रज्ञा ने पलटवार किया है। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि कांग्रेसियों का जलाने का पुराना इतिहास रहा है और वह 8 दिसंबर को ब्यावरा जाएंगी। उन्होंने गोवर्धन दांगी से कहा कि वह उन्हें वहीं जला दें। साध्वी प्रज्ञा ने ट्वीट कर कहा, 'कांग्रेसियों को जलाने का पुराना अनुभव है। 1984 में सिखों को और नैना साहनी को तंदूर में जलाने तक का। राहुल गांधी ने आतंकी कहा और उनके विधायक गोवर्धन दांगी मुझे जलाएंगे। ठीक है तो मैं आ रही हूं ब्यावरा। उनके निवास मुल्तानपुरा पर दिनांक 8 दिसंबर 2019 समय सायं 4 बजे। जला लीजिए।

गरमा-गरम

अच्छी पहल — आम तौर पर खेलने की धुन में बच्चे बहाते हैं पसीना और भूल जाते हैं शरीर में पानी का संतुलन

गड़कटरा स्कूल में पानी पीने के लिए तीन बार बजती है वाटर बेल

जिले का एक ऐसा स्कूल जंहा नौनिहालों को अभी से एक साथ पानी पिने की प्रेरणा दी जा रही है। यही नहीं पानी पीने के लिए स्कूल में तीन बार वाटर बेल बजती है और स्कूल के सारे बच्चे मिलकर एक साथ पानी पीते हैं।

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। इस अनोखी पहल की गाथा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर शंकुल के गढ़कटरा का है। स्कूली बच्चों को जल संरक्षण के लिए अभी से प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों में नियमित पानी पीने की आदत डालने केरल के एक स्कूल से प्रेरित होकर स्कूल के शिक्षक श्रीकांत सिंह ने यह पहल शुरू की है। शिक्षक का मानना है कि नियमित पानी पीने से बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना कम हो जाती है।

इस संबंध में शिक्षक श्रीकांत का कहना है पानी पीने के फायदे के बारे में कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में एक विडियो वायरल हुआ था जिसमें पानी पीने के फायदे के बारे में बताया गया है। आम तौर पर बच्चे पढ़ने और खेलने की धुन में नियमित पानी पीने से वंचित रह जाते है। बच्चे नियमित पानी पीए इसके लिए स्कूल में तीन बार डोर वेल बजाया जाता है। लघु शंका, भोजन अवकाश के अलावा तीसरी बार खेल अवकाश के दौरान बच्चों को एक साथ बैठाकर पानी पिलाया जाता है। बच्चे अब पानी पीने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जल संरक्षण की जानकारी

शिक्षक श्रीकांत का कहना है कि वाटर बेल का उद्देश्य केवल पानी पीने की आदत डालना ही नहीं बल्कि बच्चों को पानी का महत्व के बारे में जानकारी देना भी है। जल संरक्षण के बारे में बच्चों को बताया जाता है कि जितनी आवश्यकता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब नहीं मांगते पानी पीने की छुट्टी

स्कूल संचालन के दौरान तीन वाटर बेल की सुविधा देने से बच्चे क्लास के बीच पानी पीने की छुट्टी नहीं मांगते। श्रीकांत बताते हैं इससे पहले जब वाटर बेल शुरू नहीं हुआ था तब कोई भी एक बच्चा पानी पीने के लिए छुट्टी मांगता था, उसके बाद पूरे कक्षा में छुट्टी मांगने का क्रम शुरू हो जाता था। पानी पीने की आदत डालने से स्वच्छता के प्रति हाथ धुलाई की भी आदत बच्चों में पड़ रही है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए 'अपने' ही बन रहे मुसीबत

भोपाल ए.। मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार के लिए बीजेपी से ज्यादा 'अपने' ही यानी कांग्रेस के नेता ही मुसीबतें खड़ी करने में लगे हैं। पार्टी लगातार हिदायतें दे रही है, मगर किसी पर कार्रवाई करने का साहस नहीं दिखा पा रही है, यही कारण है कि मुसीबतें खड़ी करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया के ट्विटर का बायो बदलने पर सियासी हलचल मची और अब दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह कमलनाथ सरकार के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह लगातार सरकार के सामने सवाल खड़े करते रहते हैं। पहले उन्होंने किसानों के दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ न होने का मसला उठाया, फिर चाचौड़ा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर अपने भाई दिग्विजय सिंह के आवास पर ही धरना दे दिया। वह यहीं नहीं रुके, महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ सरकार बनाने पर भी सवाल खड़े कर दिए। लक्ष्मण सिंह ने ट्वीट किया, 'महाराष्ट्र का राजनीतिक घटनाक्रम हर घड़ी बदल रहा है रूप, राजनीति छांव है कभी, कभी है धूप। राजनीति, हर पल यहां खूब खाओ, जो है समां कल हो न हो।

सिंधिया ने उठाया था सवाल

राज्य में कांग्रेस को सत्ता में आए 11 माह से ज्यादा हो गया है। सरकार को पूर्ण बहुमत नहीं है। हां, संख्या बल के लिहाज से कुल विधायकों की संख्या के मुकाबले आधे विधायक उसके पास हैं। सरकार की ताकत दूसरे दलों के विधायकों का समर्थन है। समर्थन देने वाले विधायक भी गाहे-बगाहे सरकार को घेरते रहते हैं, मगर सबसे ज्यादा दिक्कत तो उसके दल के नेता ही खड़ी किए हुए हैं।

इससे पहले, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ न होने का मसला उठाया, उसके बाद तबादलों को लेकर सवाल खड़े किए। इतना ही नहीं, समस्याओं को लेकर सिंधिया मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिख रहे हैं। उनके ट्विटर का बायो बदलने पर भी खूब सियासी हलचल मची।

निशाने पर दिग्विजय सिंह भी

दतिया के कांग्रेस नेताओं ने प्रभारी मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला और उन पर कई गंभीर आरोप लगाए। इसके अलावा विधायक ओपीएस भदौरिया और रणवीर जाटव ने भी खुलकर मंत्री पर हमले बोले। वन मंत्री उमंग सिंघार द्वारा दिग्विजय सिंह पर किए गए हमले को भुलाना आसान नहीं होगा। सिंघार ने तो दिग्विजय सिंह को शराब माफियों को संरक्षण देने तक का आरोप लगा दिया था।

शिवपुरी जिले की पोहरी विधानसभा से विधायक सुरेश राठखेड़ा ने सिंधिया के प्रति स्वामी भक्ति दिखाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि अगर सिंधिया नई पार्टी बनाते हैं तो उनके साथ जाने वालों में सबसे पहले उनका नाम होगा। इस पर भी राज्य की सियासत में हलचल मची। कांग्रेस के मीडिया विभाग की अध्यक्ष शोभा ओझा का कहना है कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है, सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, मगर सीमाओं में रहकर। सभी के बयानों पर पार्टी की नजर है।

क्यों कड़े कदम नहीं उठा रही कांग्रेस?

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है और इस बात का पार्टी के असंतुष्ट लोग भी लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कई नेता अनजाने में जनता की बात कहकर सरकार की मुसीबत बढ़ा देते हैं, ऐसे में कांग्रेस भी सख्त रुख नहीं अपना सकती, क्योंकि सख्ती से नुकसान होने का अंदेशा है।

त्रेता युग जैसी अयोध्या नगरी बसाएगी आदित्यनाथ सरकार

लखनऊ ए.। अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के राम मंदिर के हक में दिए अंतिम फैसले के बाद मंदिर निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य की योगी सरकार ने त्रेता युग जैसी अयोध्या बसाने की तैयारी की है। सरकार की मंशा श्रद्धालुओं के मामले में वेटिकन और मक्का को पीछे छोड़ने की है। इसका ब्लू प्रिंट बनाने की जिम्मेदारी लंदन स्थित कंसल्टेंसी फर्म प्राइस वाटरहाउस कूपर्स को दी गई है।

पीडब्ल्यूसी ने सरयू किनारे अयोध्या को फिर से त्रेता युग के रंग में ढालने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का भी प्लान बनाया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार ने संघ परिवार से विचार-विमर्श के बाद पीडब्ल्यूसी के इस प्लान को 'सैद्धांतिक मंजूरी' दे दी है। इस परियोजना पर आने वाले खर्च का आकलन तभी हो पाएगा, जब कंसल्टेंसी फर्म के ब्लू प्रिंट को डिवेलपर्स और राज्य सरकार द्वारा अंतिम मंजूरी मिल जाती है।

बता दें कि 26 नवंबर को वाराणसी में संस्कृति, पर्यटन और अन्य विभागों के अधिकारियों ने पीडब्ल्यूसी के ब्लू प्रिंट का प्रेजेंटेशन संघ के बड़े नेताओं के सामने दिया। बंद दरवाजों के साथ यह मीटिंग करीब 3 घंटे चली। मीटिंग बुलाई तो गई थी काशी के विकास पर चर्चा के लिए, मगर मुख्य अजेंडा अयोध्या ही था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मीटिंग में मौजूद थे और सभी अयोध्या को टॉप धार्मिक स्थल बनाने को लेकर एकमत थे।

बनेंगे 5 स्टार होटल, 4000 धर्मशालाएं

मीटिंग में मौजूद रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'अयोध्या आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को मैनेज करने के लिए हमें संपन्न लोगों के साथ ही गरीब परिवारों से आने वालों का भी ध्यान रखना होगा।' उन्होंने बताया कि इसके लिए सरकार छह 5-स्टार होटल, सात 3-स्टार होटल और करीब 4000 धर्मशालाओं का निर्माण करेगी।

सड़कों की बदलेगी रंगत

इसके साथ ही अयोध्या के विभिन्न मठ, मंदिरों और सड़कों की भी रंगत बदली जाएगी। अयोध्या के अंदर ही पांच रेलवे ओवरब्रिज बनेंगे। साथ ही सुल्तानपुर, बस्ती, प्रयागराज और वाराणसी जाने वाले रास्तों को सिक्स लेन हाइवे में परिवर्तित किया जाएगा।

मंगेतर पर लांछन, पंखुड़ी ने कही ये बात

लखनऊ ए.। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता अनिल यादव के साथ 1 दिसंबर को दिल्ली में सात फेरे लेने जा रही कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट पंखुड़ी पाठक ने अपने भावी पति पर लगाए जा रहे आरोपों पर इशारों ही इशारों में जवाब दिया है। अपने मेंहदी की एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट करते हुए पंखुड़ी पाठक ने कहा कि सत्य वह सूरज है, जिसे फरेब के बादल बुझा नहीं सकते। कभी समाजवादी पार्टी की सदस्य रहीं पंखुड़ी पाठक अनिल यादव पर उनकी पूर्व पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों से बेहद आहत हैं। अपने शादी की तैयारियों को अंतिम रूप देने में व्यस्त पंखुड़ी पाठक ने ट्वीट किया, 'सत्य वह सूरज है, जिसे फरेब के बादल ढक सकते हैं लेकिन बुझा नहीं सकते।' बता दें कि पंखुड़ी पाठक और अनिल यादव की शादी पर संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं।

14 महीने तक जबरन घर में बंधक बनाया : ज्योति

अनिल यादव की पूर्व पत्नी ज्योति यादव ने आरोप लगाया कि बेटे को मारने की धमकी देकर उससे जबरन तलाक दिलाया गया। इसके बाद 14 महीने तक जबरन घर में बंधक बनाकर शारीरिक उत्पीड़न और मारपीट की गई। नोएडा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने वकील वीके पांडेय के साथ पहुंचीं ज्योति यादव ने कहा कि वह विजयनगर (गाजियाबाद) की रहने वाली हैं।

ज्योति यादव ने कहा कि जुलाई 2013 में उनकी शादी सेक्टर-62 नवादा गांव के अनिल यादव से हुई थी। मई 2015 में बेटे का जन्म हुआ। इसी दौरान अनिल एसपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बन गए। एसपी सरकार ने सितंबर 2016 में अनिल यादव और पंखुड़ी पाठक समेत अपने नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका भेजा। वहां से लौटते ही अनिल का व्यवहार बदल गया और उसने मारपीट शुरू कर दी।

ज्योति के मुताबिक, अनिल के मोबाइल में दोनों का अश्लील विडियो मिला। अनिल से पूछने पर पता चला कि विडियो पंखुड़ी ने बनाया है और अब उसे ब्लैकमेल कर शादी करने का दबाव बना रही है। अनिल ने उससे तलाक मांगा तो ज्योति ने इनकार कर दिया। आरोप है कि बेटे को जान से मारने की धमकी देकर सितंबर 2018 में तलाक ले लिया।

बीजेपी हराने को आरजेडी-जेडीयू को साथ आना होगा'

पटना ए.। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को साथ आने की नसीहत दी है। रघुवंश ने कहा कि अगर महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी गैर-बीजेपी दल इकट्ठा होते हैं तो बीजेपी हारेगी। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी के साथ आकर सरकार बनाने पर रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा है, 'अगर महाराष्ट्र की तर्ज पर बिहार में गैर-बीजेपी पार्टियां साथ आती हैं तो एनडीए की हार होगी। कोई और रास्ता बचा नहीं है। बिहार में बीजेपी को हराने के लिए आरजेडी और जेडीयू को साथ आना ही होगा।



आपको बता दें कि लंबे समय से रघुवंश प्रसाद सिंह आजेडी और जेडीयू के साथ आने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया था कि जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार कभी भी पाला बदल सकते हैं। उन्होंने कहा था, नीतीशजी को आप जानते हैं। वह निश्चित रूप से पाला बदलेंगे लेकिन कोई भी व्यक्ति इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता है कि वह कब करेंगे या क्या करेंगे। इससे पहले भी कई बार यह हो चुका है। यह आश्चर्यजनक नहीं है।

एक साल से थे यमन में बंधक, यूं पहुंचे भारत

एक साल तक रहे बंधक, नाव चुराकर भागे और 10 दिन में पहुंचे भारत, तट पर पहुंचते ही चूमी जमीन

कोच्चि/मदुरै ए.। यह उनके लिए बेहद भावुक करने वाला पल था। सभी ने भारतीय सरजमीं पर पैर रखे तो घुटनों के बल बैठ गए और धरती को चूमा। उनकी खुशी का ठिका नहीं था। यमन से किसी तरह जान बचाकर लौटे 9 भारतीय मछुआरों के लिए यह नई जिंदगी पाने जैसा अनुभव था। वे किसी तरह से बचकर आए थे। लौटने तक नाव में 500 लीटर ईंधन, आधी बोरी प्याज और ढेर सारा भाग्य मौजूद था।

केरल के रहने वाले दो और तमिलनाडु के 7 मछुआरे बीते एक साल से यमन में उत्पीड़न का शिकार हो रहे थे। किसी तरह उन्होंने अपने मालिक की बोट को चुराया और उसमें सवार होकर निकल पड़े। लगातार 10 दिनों तक 3,000 किलोमीटर लंबा समुद्री सफर तय करने के बाद वे किसी तरह भारत आ सके। कोच्चि के तट से 75 समुद्री किलोमीटर यानी 138 किलोमीटर की दूरी पर भारतीय कोस्ट गार्ड के जवान अल थिराया बोट में सवार हुए थे। यह बोट शुक्रवार को दोपहर 1:15 बजे कोच्चि के तट पर पहुंची। इस बोट के बारे में कोस्ट गार्ड के डॉर्नियर एयरक्राफ्ट को जानकारी मिली थी।

दरअसल यह कहानी 13 दिसंबर, 2018 को शुरू हुई थी, जब इन मछुआरों ने तिरुवनंतपुरम छोड़ा तो वह किसी और ऐसे किनारे की तलाश में थे, जहां ज्यादा मछलियां पकड़ सकें। हालांकि बीच में उन्हें एक यमन एंप्लॉयर ने झांसा देकर एक तरह से कैद कर लिया। वह उन्हें नाव में ही रखता था और काम करवाता था। इसके बदले में उन्हें खाने के अलावा ज्यादा कुछ नहीं मिलता था।

परिजनों से की फोन पर बात, तसल्ली से किया डिनर

पुलिस ने बताया कि इन मछुआरों ने कोस्टल पुलिस स्टेशन पर रात गुजारी है और उन्हें शनिवार को इमिग्रेशन की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। एक कोस्टल पुलिस अधिकारी ने बताया, 'उन्होंने फोन पर अपने परिवारों से बात की और डिनर किया। हमें खबर मिली है कि उनके परिजन शनिवार तक तक कोच्चि पहुंच जाएंगे। यदि कोई और समस्या न हुई तो उन्हें रिहा कर दिया जाएगा।

गिरती अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार पर भड़के प्रकाश राज

बोले- नेहरू से पूछें या टीपू सुल्तान से?

हैदराबाद ए.। भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल के दूसरी तिमाही के आंकड़ों में बताया गया है कि जीडीपी विकास दर और घटकर 4.5 पर्सेंट के स्तर आ गई है। इस मुद्दे पर मोदी सरकार की आलोचना केवल राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि फिल्म कलाकार भी कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में ऐक्टर प्रकाश राज का भी नाम जुड़ गया है।

गिरती अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार पर तीखा तंज करते हुए प्रकाश राज ने ट्वीट कर कहा, 'इकॉनमी आईसीयू में है...विकास और विश्वास इन्क्यूबेटर में है। हम किससे सवाल पूछें.... नेहरू से या टीपू सुल्तान से... बस पूछ रहा हूं।

बता दें कि प्रकाश राज को मोदी सरकार की तीखी आलोचना करने वालों में गिना जाता है। वह

पहले भी मोदी सरकार की नीतियों पर निशाना साध चुके हैं। प्रकाश राज ने 2019 के आम चुनावों में सेंट्रल बेंगलुरु सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था जिसमें वह बुरी तरह हार गए थे। प्रकाश राज ने 'सिंघम' और 'दबंग 2' जैसी सुपरहिट हिंदी फिल्मों में काम किया है।

हैदराबाद गैंगरेप-मर्डर | **हैदराबाद में एक महिला सरकारी डॉक्टर के साथ गैंगरेप, हत्या में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा**

मदद की गुहार न लगा सकीं डॉक्टर, आरोपी ने बंद कर दिया था मुंह

हैदराबाद ए.। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक सरकारी डॉक्टर के साथ गैंगरेप, हत्या और जला देने के दिल दहला देने वाले मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि इस जघन्य वारदात के एक आरोपी मोहम्मद आरिफ ने हैवानियत के दौरान पीड़िता का मुंह दबा रखा था ताकि उनकी चीखों को कोई सुन न सके। वह तड़पती रहीं और दरिंदे उनके साथ हैवानियत करते रहे। माना जा रहा है कि सांस नहीं ले पाने के कारण हैदराबाद की इस 'निर्भया' की मौत हो गई। इस बीच पुलिस ने कहा है कि आरोपियों ने ही साजिश के तहत स्कूटी से हवा नकाल दी थी ताकि वे महिला डॉक्टर को अपने जाल में फंसाकर वारदात को अंजाम दे सकें।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गैंगरेप के दौरान महिला डॉक्टर ने मदद के लिए गुहार लगाना शुरू कर दिया। आरोपियों को लगा कि वे पकड़े जा सकते हैं। इसी बीच मोहम्मद आरिफ ने महिला पशु डॉक्टर का मुंह बंद कर दिया ताकि उनकी आवाज बाहर न आ सके। माना जा रहा है कि इसी दौरान सांस नहीं ले पाने के कारण महिला डॉक्टर की दम घुटने से मौत हो गई।

वकीलों का ऐलान- आरोपियों को कोई कानूनी मदद नहीं देंगे

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सरकारी डॉक्टर के साथ गैंगरेप, हत्या और जला देने के दिल दहला देने वाले मामले में आरोपियों के लिए मुसीबतें और बढ़ गई हैं। हैदराबाद में वकीलों ने चारों आरोपियों का केस न लड़ने का फैसला किया है। शादनगर बार असोसिएशन ने शनिवार को ऐलान किया है कि डॉक्टर से रेप करने वाले चारों आरोपियों को किसी भी तरह की कानूनी मदद नहीं दी जाएगी।

गैंगरेप, हत्या और जला देने के 4 आरोपी अरेस्ट

तेलंगाना पुलिस ने महिला डॉक्टर के साथ गैंगरेप, हत्या और जला देने के 4 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मोहम्मद आरिफ, नवीन, चिंताकुंता केशावुलु और शिवा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि हैवानियत की यह घटना बुधवार रात 9.35 से 10 बजे के बीच की है। पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के बाद आरोपी डॉक्टर के शव को एक ट्रक पर लादकर हाइवे पर कुछ आगे बढ़े और एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल और डीजल खरीदा।

सड़क से सोशल मीडिया तक न्याय की गुहार

इसके बाद तीनों लोग जबरन महिला डॉक्टर को पास के ही एक खाली प्लॉट में ले गए और उनके साथ गैंगरेप किया। स्कूटी दूर करने के बाद शिवा लौटा और उसने भी महिला डॉक्टर के साथ रेप किया। बता दें कि हैदराबाद के इस निर्भया कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक पीड़िता डॉक्टर के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। इस बीच, पीड़िता की मां ने सभी दोषियों को सबके सामने जिंदा जलाने की मांग की है। परिवार वालों ने यह भी कहा है कि साइबराबाद पुलिस उन्हें दौड़ाती रही। अगर उसने तत्काल कार्रवाई की होती तो पीड़िता को जिंदा बचाया जा सकता था।

साजिश के तहत दिया घटना को अंजाम

उन्होंने बताया कि सुनसान जगह पाकर आरोपियों ने डॉक्टर के शव को फेंक दिया और पेट्रोल छिड़कर उसमें आग लगा दी। हैदराबाद पुलिस ने बताया कि लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को अरेस्ट किया गया। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनर ने बताया कि पूरी साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें चारों आरोपी शामिल थे। सज्जनर ने बताया कि बुधवार की शाम को चारों आरोपियों ने देखा कि एक महिला टोल प्लाजा के पास स्कूटी खड़ी कर रही है। इसके बाद सभी आरोपियों ने गैंगरेप की साजिश रची। महिला डॉक्टर कैब लेकर गचिबोवली गईं और रात करीब 9 बजे अपनी स्कूटी लेने के लिए वापस लौटीं। उन्होंने पाया कि उनकी स्कूटी के एक टायर में हवा नहीं है।

■ न्यूज गैलरी

जनसम्पर्क संचालनालय के स्टॉफ बदन सिंह हुए सेवानिवृत्ति

रायपुर। जनसंपर्क संचालनालय में पदस्थ बदन सिंह का आज यहां नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन में सेवानिवृत्ति की विदाई का आयोजन किया गया था। बदन सिंह बड़े सज्जन, धार्मिक और अच्छे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं, इन्होंने लम्बे समय तक शासकीय सेवा का निर्वहन अच्छे ढंग से किया है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें खुशी-खुशी सेवानिवृत्ति की विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जनसम्पर्क संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारी से घिरे बदन सिंह के चेहरे पर खुशियां उनके संतोषजनक सेवानिवृत्ति की पहचान दिलाती है।

उपभोक्ता फोरम ने रेलवे पर लगाया हर्जाना

रायपुर। आरक्षण करने के बाद यात्रा के दिन ट्रेन में परिवादी और उसकी पत्नी द्वारा आरक्षित कराई गई स्लीपर बर्थ वाले कोच को ट्रेन में नहीं लगाया गया और इसके संबंध में किसी प्रकार की जानकारी या सूचना भी परिवादी को नहीं दी गई, जिसके लिए रेलवे को सेवा में निम्नता का जिम्मेदार मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य राजेन्द्र पाध्ये और लता चंद्राकर ने रु. 13247 हर्जाना लगाया।

रेल मंडल के 16 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के विभिन्न विभागों के 16 रेलकर्मी को अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों के मध्य सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से एवं प्रमाण-पत्र मेडिकल संबंधी कागजात सेवा मेडल पारिवारिक परिचय पत्र आदि सामुदायिक भवन डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी रायपुर में आयोजित समारोह में वितरित किया गया। रायपुर रेल मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में इंजीनियरिंग से 7, विधुत से 4, यांत्रिक से 5, कर्मचारी रहे।

गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ः एक हजार ने दी परीक्षा

रायपुर। मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' अन्तर्गत राज्य के 36 ई-साक्षरता केन्द्रों में न 29 और 30 नवम्बर को ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन किया गया। सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिलों में 29 नवंबर तथा रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के जिलों में 30 नवंबर 2019 को ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन किया गया। छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी द्वारा आयोजित ऑनलाइन बाहय मूल्यांकन में प्रदेश के 934 शिक्षार्थी सफल हुए। एक दिसम्बर से सभी ई-साक्षरता केन्द्रों में 2 बैच संचालित होंगे।

प्रदेश में आज से शुरु निकाय चुनाव की दावेदारी

■ 151 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए आज से नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

नियम बना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति के लिए अभ्यर्थी समेत सिर्फ 3 को प्रवेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव के लिए दावेदारी शुरु हो गई है। आज से राज्यभर में निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हुई। नामांकन पत्र के लिए तय नियमों में साफ कर दिया गया है कि नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति के दौरान अभ्यर्थी सहित केवल तीन लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रदेश के 151 नगरीय निकायों में चुनाव के लिए आज से नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर निगम समेत अन्य के लिए निर्वाचन की सूचना 30 नवंबर की सुबह 10.30 बजे जारी होगी। 30 नवंबर से छह दिसंबर तक प्रत्याशियों के ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। वहीं राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के दौरान अभ्यर्थी सहित कुल तीन लोग ही उपस्थिति रह सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा गया हैं कि नाम निर्देशन पत्र की प्रस्तुति के दौरान अभ्यर्थी स्वयं , उसका प्रस्तावक और नामित एक अन्य व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन कराया जाये।

6 नपा. में सुबह 7 से दोपहर 3 तक मतदान

नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग की छह नगर पालिकाओं कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर में सुरक्षा कारणों से सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा, ताकि मतदान दलों को मुख्यालय में लौटने का समय मिल सके। बाकी जगहों पर सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक–मतदान होगा।

चुनावी प्रक्रिया के लिए पूरी हुई तैयारियां

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से के मुताबिक प्रदेश के10 नगर निगमों, 38 नगर पालिकाओं और 103 नगर पंचायतों के दो हजार 840 वार्डों में एक ही दिन 21 दिसंबर को मतदान और 24 दिसंबर को मतगणना होगी। इस चुनाव में 39 लाख 82 हजार 601 मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। कुल पांच हजार 406 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार मतदान बैलेट पेपर पर होगा। पार्षद प्रत्याशियों के पास 30 नवंबर से छह दिसंबर तक ऑनलाइन नामांकन फार्म जमा भरने का समय होगा। गौरतलब है कि पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद महापौर–अध्यक्षों का अप्रत्यक्ष चुनाव और दो की जगह एक चरण में सभी निकायों में चुनाव होंगे। इसके साथ ही प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन फॉर्म और पार्षद प्रत्याशी चुनावी व्यय का ब्योरा देंगे।

मंडावी ने विस. उपाध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से मनोज मंडावी ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्यसभा सांसद व छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया की उपस्थिति में विधानसभा में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय विकास मंत्री डॉ शिव डहरिया, उद्योगमंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विधायक धर्मजीत सिंह और सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व श्री मंडावी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से उनके कक्ष में जाकर मुलाकात की।

पीसीसी की बैठक में पुनिया का निर्देश दावेदारों के नाम रविवार तक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में दावेदारों की टिकट तय करने के लिए जिला कमेटियों को रविवार की शाम तक पीसीसी ने निर्देश दिया है। राजीव भवन में पीसीसी की हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने दोपहर 12 बजे तक सभी जिलों में बैठक करने के निर्देश दिये हैं. वहीं शाम तक सभी सिंगल नाम पीसीसी को भेजने का निर्देश दिया है. जिलों में होने वाली बैठकों में प्रभारियों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है.

बैठक में सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, ताम्रध्वज साहू सहित मंत्री व पदाधिकारी मौजूद थे। पीसीसी की बैठक के बाद पुनिया ने जिलों और मोर्चा प्रकोष्ठों की भी बैठक ली। बैठक में कोरबा प्रभारी अटल श्रीवास्तव ने बताया कि कोरबा में तैयारी पूरी है. वहीं बिलासपुर में 40 से ज्यादा वार्डों में सिंगल नाम तय होने की जानकारी बैठक में दी गई।

रायपुर शहर विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

लोक कलाकारों के साथ महाविद्यालय, स्कूलों तथाअंधमूक बधिर शाला मठपुरैना एवं हीरापुर के बच्चों ने भी भाग

रायपुर। रायपुर शहर विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज रायपुर के मायाराम सुरजन शाला के सभागार में आयोजित हुआ। यह आयोजन जिला प्रशासन के साथ-साथ स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सेल एवं युवा कल्याण विभाग और स्कुल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, वक्तृत्व में कला एवं पारंम्परिक खेल, गेड़ी, भवरा, फुगड़ी के साथ-साथ वादन के तहत तबला, हारमोंनियम, बांसुरी की प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें लोककलाकारों के साथ महाविद्यालय और स्कूलों तथा अंध मूक बधिर शाला मठपुरैना, हीरापुर के बच्चों ने भी भाग लिया।

प्रतियोगिता में 15-40 आयु वर्ग के अंतर्गत लोक गायन समूह में छांया कुशवाहा एवं साथी, वक्तृत्व कला में राजिद शेख, लोकगायन में लाकेश साहू, लोकनृत्य में जै संतराम ग्रुप, वादन में राजकुमार साहू, बांसुरी में पवित्र सोनी, भौंरा में मनीष यादव, फुगड़ी में भारती नेताम प्रथम रहीं।

छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने में सभी वर्गों का योगदान महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने में सभी वर्गों का योगदान महत्वपूर्ण है। श्री बघेल शनिवार को रायपुर में ऑल इंडिया क्षत्रिय फेडरेशन के एक बिजनेस मीट कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी के साथ मिलकर राज्य को समृद्ध और सम्पन्न बनाने की ओर अग्रसर है। राज्य के सभी व्यवसायी और उद्यमी यहां की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार व्यापार और उद्योग के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय फेडरेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

निकाय चुनाव 100 से अधिक बिक चुके है फार्म, ऑनलाइन की भी है व्यवस्था

नामांकन खरीदने शहरी सियासत के दावेदार कतारबध्द

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया आज से शुरु हो गई है। नामांकन फ़ॉर्म ख़रीदने के लिए उम्मीदवारों की होड़ लगी हुई है. दो बजे तक सौ से ज़्यादा नामांकन फॉर्म बिक चुका है। सामान्य वर्ग पुरूष के लिए 5 हजार शुल्क है, जबकि सामान्य वर्ग महिला और एसटी-एससी, पिछड़ा वर्ग अन्य महिला पुरूष प्रत्याशी के लिए 2500 रुपये नामांकन शुल्क है. कलेक्ट्रेट परिसर में ही निर्वाचन की 6 अलग-अलग स्टॉल लगी हुई है, जहां से नामांकन फार्म खरीदा जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया कि आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है. 6 दिसंबर को 3 बजे तक अंतिम समय होगा. नगरीय निकाय चुनाव में 10 नगर निगम 38 नगर पालिका परिषद और 103 नगर पंचायत में चुनाव होना है. जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है. वहीं प्रत्याशियों से अपील करते हुए आयुक्त ने कहा कि इसकी ऑनलाइन व्यवस्था भी है. जिसमें काटा छाटी गलती होने की गुंजाइश कम है घर बैठे भी नामांकन भरा जा सकता है. उसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि साथ ही सभी जगह ऑफ लाइन नामांकन फ़ार्म दिया जा रहा है। वहाँ भी प्रत्याशी पूर्ण रूप से जानकारी ले सकें इसके लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया है. जिससे किसी भी प्रकार की गलती न हो, फ़ॉर्म में गलती होने से उम्मीदवारों का छँटनी हो जाता है। फ़ार्म ख़रीदने पहुँचे उम्मीदवारों ने बताया कि ऑनलाइन से ज्यादा अच्छा ऑफलाइन फार्म ख़रीदना है. इससे लोगों में उत्साह भी होता है. मिल जुलकर फार्म ख़रीदने आते हैं और यहाँ तैनात अधिकारियों से तमाम तरह की नियम क़ानून को सीधे जान भी लेते हैं. फ़िलिहाल हम लोगों ने फार्म ख़रीद लिया है. फ़ार्म ख़रीदने में कोई दिक़्क़त नहीं हो रही है। नियमानुसार दस्तावेज़ जमाकर 5-10 मिनट में फ़ॉर्म ख़रीदा जा सकता है।

महिला सुरक्षा : राज्य की सुनसान जगहों पर गश्त बढ़ाएगी पुलिस

पुलिस महानिदेशक ने सभी एसपी को किया निर्देशित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाने जा रही है। अब राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर के प्रमुख व सुनसान इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ जाएगी। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर इस संबंध के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को प्रमुख स्थानों और सुनसान जगहों पर पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा है। हाल ही में रांची एवं हैदराबाद में महिलाओं के साथ घटित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त निर्देश जारी किये गये हैं। इन निर्देशों के मुताबिक सुनसान जगहों या अन्य स्थानों पर दुष्कर्म, छेड़खानी या दैहिक शोषण की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करेंगी।

रायपुर में इन इलाकों में बढ़ेगी पेट्रोलिंग

राजधानी में अटल नगर (नवा रायपुर), टाटीबंध, रायपुरा, भाटागांव, बोरियाकला, माना, सड्डू, उरला और कबीर नगर के अलावा तीनो रिंग रोड के आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग एवं फिक्स पिकेट बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये गये हैं कि रात्रिकालीन बस, ट्रेन एवं अन्य परिवहन साधनों में आकस्मिक चेकिंग की जाये जिससे महिलाओं के विरुद्ध कोई अपराध घटित न होने पाये।

बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही

निर्देश में कहा गया है कि चूंकि पुलिसकर्मी वर्दी में हमेशा ड्यूटी में रहते हैं इसलिए ड्यूटी आते एवं लौटते समय पुलिसिंग के लिये तत्पर रहें। पुलिस की यह समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारी भी है। महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। महिलाओं के प्रति घटनाओं के रोकथाम के लिये कंट्रोल रूम में हेल्पलाइन नंबर, महिला डेस्क एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। आपात समय में हेल्पलाइन नंबर अथवा कंट्रोल रूम में तुरंत संपर्क किया जा सकता है।

ठंड के मौसम में सर्दी के असर से बचने के लिए बॉडी में अंदरूनी गर्मी आवश्यक

ठिठुरन भरी ठंड से बचना है तो खाएं सेहतमंद खाना!

शुरू हो गया ठंड का मौसम

खाएं कुछ जरूरी खाना सालभर बॉडी पर असर

ठंड का सीजन शुरू हो चुका है। खानपान के हिसाब से इस मौसम को हेल्दी माना जाता है। इस मौसम के खाने का असर सालभर आपकी सेहत को प्रभावित करता है। इसलिए अपनी डाइट में ऐसे फूड शामिल करें जिनमें कैल्शियम, आयरन और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स की मात्रा अधिक हो। इससे बॉडी की इम्युनिटी बढ़ती है और कई बीमारियों से बचाव होता है। एम्स के आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर डॉ. शक्ति सिंह परिहार ने ऐसे फूड्स के बारे में बताया है, जिन्हें ठंड के सीजन में खाना चाहिए। ऐसे ही 10 फूड की जानकारी आज हम दे रहे हैं।

नट्स

इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम होता है जिससे बीपी नार्मल रहता है और हार्ट प्रॉब्लम से बचाव होता है। 4-5 नट्स ऐसे ही या फ्रूट सलाद में मिक्स करके खा सकते हैं।

तिल

इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो सर्दी में होने वाली बीमारियों से बचाते हैं। यह डाइजेशन इम्प्रूव करने में मदद करते हैं। तिल के लड्डू या चटनी बनाकर खाएं।

गुड़

इसकी तासीर गर्म होती है। जिससे सर्दी-जुकाम से राहत मिलती है। इसे खाने से स्किन में नमी बनी रहती है। गुड़ की चाय पिएं या तिल-गुड़ के लड्डू खाएं।

गाजर

इसमें विटामिन ए की मात्रा अधिक रहती है। इसे खाने से बॉडी की इम्यूनिटी बढ़ती है और बीमारियों से बचाव होता है। गाजर का हलवा बनाकर खाएं या इसका जूस बनाकर पिएं।

मेथी

इसमें पोटेशियम, आयरन होता है जिससे कमजोरी दूर होती है और हार्ट प्रॉब्लम से बचाव होता है। मेथी की सब्जी या लड्डू बनाकर भी खा सकते हैं।

दिवाली का मौसम आते है हलकी-हलकी सर्दी दस्तक देना शुरू कर देती है। सर्द हवाएं चलने लगती है। ऐसे तो सभी को सर्दियों का मौसम अच्छा लगता है लेकिन इस दौरान होने वाली समस्याएं जैसे सर्दी जुखाम बदन दर्द आदि सभी के लिए बेहद कष्टदायक होती है। इस मौसम में मनुष्य के शरीर और हड्डियों को अतिरिक्त गर्मी की आवश्यकता होती है। इसके अलावा सर्दियों के मौसम में प्रतिरक्षण प्रणाली भी कमज़ोर हो जाती है। जिसके कारण बहुत सी बीमारियां होने लगती है। जिसके बचाव के लिए हम तरह के उपचार करते है। जहाँ एक ओर सर्दियों में किसी का बिस्तर से निकलने का मन नहीं करता वहीं दूसरी ओर जीभ तरह तरह के स्वाद मांगती है। जैसे मेवे के लडडू, गाजर का हलवा और न जाने क्या क्या। लेकिन ये भी सत्य है की खुद को मोटा करने का भी इस अच्छा मौसम नहीं है। माना जाता है इस मौसम में पाचन क्रिया को तेज़ होती ही है साथ-साथ तेज़ भूख भी लगती है। ऐसे तो सभी इस मौसम में अपने खान पान पर विशेष ध्यान देते है लेकिन बार थोड़ी सी लापरवाही के कारण भी बीमारियां हमे परेशान करती है। ऐसे में जरुरी है की उन खाद्य पदार्थो का सेवन करे जो न केवल हमारे स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखे बल्कि हमें बीमारियों से भी बचाये। सर्दियों के मौसम में खुद को ठण्ड से बचाने सिर्फगर्म कपडे पहनने से बात नहीं बनेगी। इसके लिए आवश्यक है की कुछ विशेष खाद्य पदार्थो को अपने खान-पान में सम्मिलित करे। ऐसे तो काफी सारी चीजे है जिनका सेवन करके आप सर्दियों में अपनी प्रतिरक्षण प्रणाली को स्वस्थ रख सकते है। लेकिन कुछ लोगो को इन खाद्य पदार्थो की पूर्ण जानकारी नहीं होती। जिसके कारण वे वो चीज खाते है जिन्हें नहीं खाना चाहियें और वे पदार्थ नहीं खाते जिन्हें खाना चाहियें। इसीलिए आज हम आपको कुछ खाद्य पदार्थो की जानकारी देने जा रहे है जिसके द्वारा आप जान सकते है की सर्दियों में किन खाद्य पदार्थो को खाना चाहिए!

हरि पत्तेदार सब्जियां और फल मददगार

इन सब्जियों में फाइबर, फोलिक एसिड, विटामिन ष्ट, पोटैशियम, मैग्नीशियम, और अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते है। इसके अतिरिक्त इनमे मौजूद आयरन सर्दियों में स्वास्थ्य को बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है। इसीलिए सर्दियों में जितना हो सके हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। आप इन्हें सलाद और सब्जी दोनों रूप में अपनी पसंद के अनुसार खा सकते है।

अदरक :-

ठंड के समय में अदरक का सेवन करना फायदेमंद होता है। ये शरीर को सर्दी के अनुकूल बना देता है जिससे ठंड लगने की संभावना कम हो जाती है। ऐसे तो इसका प्रयोग मसाले के रूप में किया जाता है परंतु अदरक की चाय और इसके रस का सेवन करने से ह्वद्वद्वह्वठ्ठद्व स्4ह्यह्लद्वद्व मजबूत होता है। ये हमारे शरीर को गर्माहट देने का काम करती है। ये आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी। सर्दियों में इसका प्रयोग चाय और सब्जी में डालकर किया जा सकता है। इसके अलावा गले की खराश जैसी समस्या में भी ये बेहद फायदेमंद औषधि है।

सूप का सेवन करें :-

सर्दियों में सूप बहुत फायदेमंद होता है। ठंड के दिनों में इसका सेवन करने से शरीर को गर्माहट मिलती है। लेकिन इसका सेवन करने से पूर्व इसकी टाइमिंग चुनना बेहद आवश्यक है। दिन के समय शरीर गर्म रहता है इसीलिए इस समय सलाद खाना बेहतर होगा जबकि रात में शरीर ठंडा रहता है इसीलिए टमाटर का सूप या चिकन सूप का सेवन करना चाहिए। ये आपको अंदर से गर्मी देने में मदद करेगा।

हरी मिर्च :-

जानकर थोड़ा आश्चर्य होगा लेकिन ये सत्य है की हरी मिर्च का सेवन करने से शरीर का तापमान भी बढ़ता है। इसीलिए अक्सर सर्दियों में हरी मिर्च खाने की सलाह दी जाती है। ये आपके खाने के स्वाद को तो बढ़ाती ही है साथ-साथ आपको ठंड से बचाने में भी मदद करती है।

हॉट चॉक्लेट :-

जैसा की आप सभी जानते है की चॉक्लेट की तासीर गर्म होती है। लेकिन क्या इसकी वजह जानते है। वजह है हॉट ष्ष्ष्ड्ड जो शरीर को गर्म रखने में मददगार होती है। यदि आप भी चॉक्लेट के शौक़ीन है तो अब समय आ गया है की आप जी भर कर चॉक्लेट खा सकते है लेकिन हां, अधिक मात्रा में खाने से स्वास्थ्य संबधी परेशानिया भी हो सकती है। ये आपको एनर्जी तो देता ही है साथ में हृदय के लिए भी बेहद लाभकारी है। इसके अलावा चॉक्लेट का सेवन करने से जाम छाती भी खुल जाती है।

विटामिन सी का भोजन

सर्दियों में जितना हो सके उतना विटामिन सी से युक्त भोजन का सेवन करना चाहिए। ये न केवल आपके Immune System को तेज़ करने का काम करता है बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते है। इस तरह के भोजन का सेवन करने से Immune System को सर्दी जुखाम से लड़ने की शक्ति मिलती है। यदि आप भी अक्सर सर्दियों में बीमार पड़ते है तो विटामिन सी युक्त भोजन और फलो का सेवन शुरू कर दें। ये आपको सर्दी से बचाने में भी मदद करेंगे।

मक्के की रोटी

सर्दियों में मक्के और बाजरे की रोटियां खाना फायदेमंद होता है। ये अनाज आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते है। इसके अतिरिक्त इनका सेवन करने से सर्दी भी नहीं लगती। इनकी सबसे बड़ी खूबी ये है की इनका सेवन केवल सर्दियों में ही किया जा सकता है और ये स्वाद में भी बेहद स्वादिष्ट होती है। इसके अलावा आप सरसो का साग, मेथी के परांठे और लहसुन की चटनी जैसे खाद्य पदार्थो का भी सेवन कर सकते है। वैसे देखा जाये तो सभी ऋतुओ की तुलना में सर्दियों का मौसम ही सबसे अच्छा होता है। क्योकि इसी मौसम में तरह तरह के खाने और स्वाद लेने को मिलते है। सर्दियों में क्या खाना चाहिए, सर्दियों में क्या खाएं, ठंड में किन पदार्थो का सेवन करें।

व्यायाम से रहे सेहत तंदरूस्त

सर्दी के मौसम में जरूरी है नियमित व्यायाम

आजकल वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। यही नहीं, जीवनशैली भी इस तरह की होती जा रही है कि हर कोई तनाव में रहने लगा है। इतना तनाव होने से शरीर और मस्तिष्क दोनों पर ही बुरा असर पड़ रहा है। व्यायाम तनाव से राहत देता है और शरीर से जुड़ी बीमारियों से भी बचाता है। अगर आपकी दिनचर्या अधिक व्यस्त है, तब भी आप कुछ देर व्यायाम जरूर करें। कुछ व्यायाम तो ऐसे हैं, जिन्हें 10 मिनट का टारगेट लेकर भी अपनी रोजाना की जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।

स्ट्रेचिंग

व्यायाम की शुरुआत हमेशा स्ट्रेचिंग से करनी चाहिए। इसके लिए हाथों की मूवमेंट, गर्दन की मूवमेंट, कंधों को गोल घुमाना चाहिए। उसके बाद पैरों को चौड़ाई में खोल कर शरीर को दाएं-बाएं मूव करना चाहिए। यह सब स्ट्रेचिंग में आता है।

प्लैंक

10 मिनट के व्यायाम में सबसे पहले आता है प्लैंक। इसको करते समय शरीर को हिलाना नहीं होता, उचित पोजिशन में होल्ड करना होता है। इसके लिए सबसे पहले पुशअप की मुद्रा में आ जाएं। फिर पैर और कमर को सीधा करें। ध्यान रखें कि आपकी कमर इस बीच झुके नहीं। जितनी देर हो सके, इसी मुद्रा में रहने की कोशिश करें और इसे करते वक्त सांस रोकने की भी कोशिश करें। अगर हो सके तो इसे और असरदार बनाने के लिए एक हाथ या एक पैर भी हवा में उठा लें। इस व्यायाम को एक मिनट तक करें।

पुशअप

प्लैंक के बाद पुशअप शुरू करें। इसके लिए बेहतर है कि मैट या एकदम सीधी जगह हो। सबसे पहले पेट के सहारे मैट पर उल्टा लेट जाएं। ध्यान रखें कि इस समय शरीर झुका हुआ न हो, बल्कि बिल्कुल सीधा हो। शरीर का पूरा वजन हाथों और पैरों के पंजों पर होना चाहिए। घुटने भी एकदम सीधे हों, मुड़े हुए नहीं। फिर पूरे शरीर को हवा में उठाएं और नीचे ले आएं। शरीर को ऊपर ले जाते समय सांस अंदर लें और शरीर को नीचे लाते समय सांस बाहर छोड़ें। यह आपका स्टैमिना भी बढ़ाते हैं।

लंजिस

इस व्यायाम के लिए पहले आप स्टैंडअप पोजिशन में आएं और अपने पैरों को हिप्स की लाइन में ले आएं। उसके बाद एक पैर आगे की ओर बढ़ाएं। ऐसा करते वक्त याद रहे कि आपका पैर 90 डिग्री पर हो और आपकी कमर सीधी हो। हाथ को आराम की मुद्रा में रखें और जमीन पर जोर डालते हुए पीछे खड़ी पोजिशन में वापस लौट आएं। अब दूसरे पैर को आगे बढ़ाएं और वापस लौट आएं। ध्यान रखें कि शरीर सीधा हो, वरना कमर में दर्द हो सकता है। इसे भी एक मिनट तक करें।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कानून फिर बचाएगा

नवीन, आरिफ़ शिवा और चिंताकुता दो की तो मसें भी नहीं भीगी हैं और ऐसा जघन्यतम अपराध! ये भी नाबालिग निकले तो कानून फिर बचा ले जाएगा इनको... कोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए कोई कार्रवाई नहीं कर सकता क्या?

- शिवानी जयपुर

मरा हुआ सिस्टम

मरा हुआ सिस्टम है भारत का आज कुछ कहने लायक ही नहीं हुँ जाने भारत की बेटियों का क्या ही होगा। रूह कांप उठती है यह सोच कर की जो चीज़ हम देखना सुनना भी पसंद नही करते वो किसी ने बर्दाश्त किया है। आखरी जाती सांस तलक कितना दर्द बर्दाश्त किया होगा। **- सोनिया राय**

खास पाती

सिसकती आबरू

रो रही इंसानियत दानव बना इंसान है। चींखती है मौन बेटी छिन गई पहचान है। माँगती है न्याय सोया क्यों सकल संसार है? रक्तरंजित इस धरा पर घूमता हैवान है। प्यास खूनी रौंदती व्यभिचार बढ़ता जा रहा। देश की बेटी लुटी अँधियार ग्रसता जा रहा। सिसकती है आबरू खामोश क्यों कानून है? वासना की आग में संसार जलता जा रहा। दग्ध अंगारे सुलगते उठ रहीं चिंगारियाँ। अश्रुधारा तोड़ देगी बेबसी लाचारियाँ। बोटियों को काट गिद्धों को खिला दो आज मिल- ले मशालें भून डालो क्यों सहें दुश्वारियाँ। आत्मरक्षा का स्वयं बीड़ा उठाओ आज फिर। लुट न पाए लाज जनता को जगाओ आज फिर। गूँजती हर चींख को मिलकर दिलाना न्याय है- आँधियों का रुख बदल तूफान लाओ आज फिर।

- डॉ. रजनी अग्रवाल

दरिंदो पर मुकद्दमा नही, चलना चाहिए मौत का तांडव

इन दरिंदो पर मुकद्दमा नही मौत का तांडव चलना चाहिए पेट्रोल डाल कर ???? डर लगने लगा है ,,हमारी बेटियां किस समाज मे है आज ,, ज़रूरी नही कि ये आग हमारे घरों तक आये तब ही हम जलें ,, इन दरिंदो पर धर्म जात उम्र की बकवास बहस की बजाए तुरंत कार्यवाही हो ताकि थोड़ा डर तो हो ,, लोग डरते ही नही है पिशाच बन चुके है न डर है न शर्म है बेहद दुःख है प्रियंका रेडी के लिये भगवान जी उसके परिवार को सहने की ताकत दे।

- रेणु जैन

अगर सुरक्षित चाहिए स्त्रियों का सम्मान

अगर सुरक्षित चाहिए स्त्रियों का सम्मान ... तो दरिंदे वहशियो के लिए कोई द्धद्धक्र नही , कोई केस नही, कोई दलीलें नही .. सिर्फ सरेआम बद से बदतर मौत का प्रावधान तब जाकर बनेगा मेरा भारत महान। **- पूजा बंसल**

मासूम बच्ची लहराती थी हवा में हाथ

मासूम बच्ची लहराती थी हवा में हाथ,,,, किसकी सत्ता किसका भय कौन राजा कौन मालिक मैं कर्मयोगी मैं ही शक्ति मैं अपनी नियंता,,, फिर कैसा डर लेकिन उम्र ने सिखा दिया उसे डरना अब उसे लड़ना भी सीखना होगा।

- माधुरी स्वर्णकार

क्यूँ हर बशर के ज़ेहन में वहशत है

क्यूँ हर बशर के ज़ेहन में वहशत है आजकल क्यूँ दांव पे हरेक की इज़्ज़त है आजकल दिल को क़रार है न फ़िज़ा में सुकून है दहशत है ख़ौफ़ है यहां नफ़रत है आजकल जुल्मो सितम के डर से है मायूस 'आरती' दिल मे कोई उमीद न हसरत है आजकल

-आरती कुमारी

मर्द वो होता हैं जो औरत का 'सम्मान ' करें

मर्द वो होता हैं जो औरत का 'सम्मान ' करें जिसके होंने से एक औरत अपने आप को सुरक्षित महसूस करती हैं !! धत् ये मेरे लफ़्ज क्या बोल गये आज कल तो ? ÷चीरहरण÷ करने वाले ही अपने आप को मर्द समझते हैं...!!

- बेबी सिंह

लघु कथा

एडजस्टमेंट

मोहन के पास एक भैंस थी जिसका नाम मांडी था। सारे परिवार के लोग इसी का दूध पीते थे। दूध भी तो ढ़ेर सारा देती थी । घर के सदस्यों के साथ-साथ घर के कुत्ते-बिल्लियां भी उसका दूध पीकर निहाल हो जाते थे। पशुपालन विभाग द्वारा लगाई जाने वाली नुमाईशों में मांडी ने अनेकों ईनाम जीते थे। दूध प्रतियोगिता में प्रथम आने पर सरकार द्वारा मांडी का चालीस हजार का बीमा किया गया। मोहन और उसकी पत्नी मांडी को अपने बच्चों से भी ज्यादा प्यार करते थे। मांडी भी बड़ी खुश रहती थी। उसने दो कटड़ियों को जन्म दिया। वे भी बड़ी हुई। घर में दूध की गंगा बहने लगी। समय बीता मांडी बूढ़ी हो गई थी, शरीर जवाब देने लगा, कई समस्याएं हो गई थी। एक दिन अचानक उसके पेट में जोर का दर्द उठा। अलसर फट गया था, हालत नाजुक थी । अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका तत्काल ही आप्रेशन करना पड़ा। सर्जन साहब ने जवाब दिया बचनी मुश्किल है, हो सकता है कभी दिन निकाल दे। पर सर्जन साहब, ये मर गई तो मेरा सारा धंधा चौपट हो जायेगा। वैसे भी मुझे आजकल पैसों की बहुत जरूरत है। मोहन ने गिड़गिड़ाते हुए सर्जन बाबू से कहा। कोई बात नहीं मोहन मांडी का बीमा है ना, वो भी चालीस हजार का। वो तुम्हें मिल जाएंगे। सर्जन साहब ने मोहन को समझाते हुए कहा। पर साहब बीमे के दो दिन बचे है उसके बाद पैसे थोड़े ही मिलेगें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1640 - 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तगाल ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1885 - प्रसिद्ध गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, पत्रकार एवं लेखक काका कालेलकर का जन्म। 1886 - प्रख्यात पत्रकार एवं समाज सुधारक राजा महेन्द्र प्रताप का जन्म। 1933 - भारत में कोलकाता और ढाका के बीच पहली यात्री विमान सेवा की शुरुआत। 1954 - प्रसिद्ध समाज सेविका और नर्मदा बचाओ आंदोलन की संस्थापक सदस्य मेधा पाटकर का जन्म। 1959 - अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया। 1962 - भारत-चीन जंग में अहम भूमिका निभाने वाले परम वीर चक्र से नवाजे गए मेजर शैतान सिंह का जन्म हुआ। 1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना। 1965 - सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की स्थापना हुई।

फास्टैग नहीं लगवाया तो कतार में करना पड़ेगा इंतजार

दूसरी लेन में गए तो दोगुना टोल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। टोल प्लाजा पर मुसाफिरों के समय का बचत करने तथा उनकी यात्रा को सुखद बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राज्य भर में अपने सभी टोल प्लाजा को कैशलेस की तरफ कदम बढ़ा रहा है। एक दिसंबर से प्रदेशभर के सभी टोल प्लाजा नगद टोल टैक्स की वसूली बंद हो जाएगी।

टोल प्लाजा पर फास्ट टैग युक्त वाहन बिना किसी रूकावट के आसानी से निकल जाएंगे। लेकिन यदि वाहन चालक बिना फास्ट टैग के टोल प्लाजा से गुजरता है तो उससे दोगुना फीस अदा करनी पड़ेगी। इसके लिए एनएचएआई के प्रदेशभर के टोल प्लाजा पर फास्ट टैग की सुविधा उपलब्ध कराई है।

आज से लागू होगा

स्काईलार्क के प्रोजेक्ट मैनेजर रामरतन भारद्वाज ने बताया कि सभी टोल में कैशलेस के लिए मशीन लगाने का काम हो चुका है। इसके लिए एनएचएआइ ने टेंडर जारी कर दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 30 नवंबर तक कंपनी कैशलेस मशीन लगाने का काम पूरा कर लेगी। इसके साथ ही फास्टैग लागू करने से पहले जिम्मेदार अधिकारियों व्दारा टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को जागरुक किया जा रहा है। जिससे उन्हें टोल में किसी प्रकार की असुविधा न हो। 1 दिसंबर से सभी टोल में फास्टैग अनिवार्य कर दिया जाएगा।

ऐसे काम करेगा फास्टैग

धमधा बायपास टोल के प्लाजा मैनेजर शेषु प्रसाद ने बताया कि फास्ट टैग बार.बार रिचार्ज होने वाला प्रीपैड टैग है। इसका उपयोग कर टोल प्लाजा पर ऑटोमैटिक भुगतान हो जाएगा। आपको टोल टैक्स चुकाने के लिए टोल प्लाजा पर रूकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टैग में रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिटी फिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एक बार एक्टिव होने के बाद इसे गाड़ी की विंड स्क्रीन पर चिपका दें। टोल प्लाजा पर लगे सेंसर खुद ही रीड कर आपके एकाउंट से टोल टैक्स की राशि डिबेट कर लेगा।

फास्टटैग हेतु लगेंगे दस्तावेज

फास्ट टैग के लिए वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र, वाहन स्वामी का पासपोर्ट साइज के फोटो, वाहन स्वामी के केवाईसी दस्तावेज जिसमें आईडी व एड्रेस प्रूफ जमा कराने होंगे।

मात्र 100 रुपए का फास्ट टैग

फास्ट टैग एनएचएआई के सभी टोल प्लाजा, प्वाइंट ऑफ सेल, ऑनलाइन शापिंग साइट समेत बैंकों से भी इसे खरीद सकते हैं। इसके लिए आपको महज 100 रूपये मूल्य चुकाना पड़ेगा। इसके बाद इसमें न्यूनतम दस रुपये से अधिकतम से अधिकतम रिचार्ज करा सकते हैं। रिचार्ज के लिए माई फास्ट टैग एप का भी उपयोग कर सकते हैं। इसे गूगल प्ले स्टोर से डाऊनलोड करना पड़ेगा। इसके अलावा पेटीएम से भी रिचार्ज किया जा सकता है। इन उपायों से मुसाफिरों की यात्रा सरल हो जाएगी।

प्रदेश में कुल 10 टोल प्लाजा

नई व्यवस्था की शुरुआत करने के लिए एनएचआइ द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम शुरू कर दिया गया है। टोल प्लाजा मैनेजर शेषु प्रसाद ने बताया कि जिन वाहनों में फास्ट टैग नही लगा होगा उनको फास्टैग वाली लेन से गुजरने पर दोगुना राशि अदा करनी पड़ेगी। उसके अलावा कैश वाली दो लेन की व्यवस्था है। जिनमे कतार का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश में एनएचएआइ के अंतर्गत 10 टोल प्लाजा आते हैं। जिसमें एनएचएआइ द्वारा लाखोली, ठाकुरटोला, धमधानाका, ढोंक छुईपाली, मुदीपार और भोजपुर टोल प्लाजा में 5 टोल प्लाजा टोल लिया जा रहा है।

इनका क्या कहना है।

फास्टैग से वाहन चालकों के ईंधन और समय की बचत होगी। साथ ही टोल में कैश हैंडलिंग व नकली नोट से बचाव के साथ पॉल्युशन में भी आएगी। **बीएल मीना**, रिजनल ऑफिसर एनएचएआइ

वाहन चालकों की सुविधा के लिए ही फास्टैग लागू किया गया है। इससे लोगो का समय बचेगा और टोल के लिए कैश लेकर चलने की जरूरत नही पड़ेगी। **शेषु प्रसाद**, प्लाजा मैनेजर

■ न्यूज गैलरी

शून्य प्रमाण पत्र जारी करने से 26.9 लाख की आय

दुर्ग। नगरीय निकाय आम चुनाव के मद्देनजर नगर निगम द्वारा आयुक्त के निर्देश पर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले लोगों को निर्वाचन संबंधी शून्य प्रमाण पत्र नगर निगम से जारी की जा रही है। इसके तहत 27 और 28 नवंबर को प्राप्त आवेदनों के आधार पर 98 लोगों को शून्य प्रमाण पत्र जारी किया गया। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचन संबंधी शून्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले 98 लोगों ने टैक्स लेकर उन्हें शून्य प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

मेसर्स महावीर की वैधता निलंबित

भिलाई। बीज निरीक्षक धमधा द्वारा मेसर्स महावीर इंटरप्राईजेस, अहिवारा धमधा के बीज विक्रय केंन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बीज नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करना पाये जाने पर उक्त बीज विक्रेता की वैधता तिथि 29 अक्टूबर 2020 को निलंबित कर दिया गया है।

'जादू मेरी सोच' का आज उद्घाटन

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा मैत्री कुंज क्रॉस स्ट्रीट 4 बीज निगम के पास नव निर्माणाधीन भवन में बच्चों के लिए एक अद्वितीय प्रोजेक्ट जादू मेरी सोच का कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन 1 दिसंबर संध्या 6 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा होगा। 7 दिसम्बर से 25 जनवरी 2020 तक चलने वाले जादू मेरी सोच प्रोजेक्ट में बच्चों को प्रतिदिन 5 मिनट गाइडेड मेडिटेशन कमेंट्री दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक सोच का विकास, जीवन में समय का सदुपयोग, एकाग्रता में वृद्धि, परीक्षा की पूर्ण तैयारी एवं तनाव मुक्त जीवन शैली आदि विषयों पर एक्सपर्टस द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही साथ सितारे जमीन पर कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग और स्पीच कंपटीशन में वीजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

ननि चुनाव : नामांकन पत्र खरीदने दिखा उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के लिए जिला कलेक्टर अंकित आनंद द्वारा कलेक्टर कक्ष में शनिवार की सुबह 10.30 बजे चुनावी अधिसूचना जारी करने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। पहले दिन ही दुर्ग नगर पालिक निगम चुनाव के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदने में भारी उत्साह दिखाया। फलस्वरुप नामांकन पत्र वितरण केंद्र ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्रत्याशियों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। पहले दिन दुर्ग में 71 एवं भिलाई निगम में 1 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। जिनमें कांग्रेस, भाजपा, जोगी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अलावा अन्य राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है। नामांकन पत्र वितरण के लिए शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। लेकिन नामांकन दाखिले के निर्धारित समय दोपहर 3 बजे तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा नहीं करने की खबर सामने आई है। नामांकन खरीदी व दाखिले के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में वार्डवार प्रत्याशियों के लिए कक्ष में व्यवस्था की गई थी। नामांकन पत्र खरीदने के लिए व्यवस्था ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय में की गई है। जबकि नामांकन पत्र दाखिल के लिए कलेक्ट्रेट के अलग-अलग कक्षों में व्यवस्था की गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को कसारीडीह वार्ड 42 से मनी गीते, प्रीति चौधरी, वार्ड 7 से विभा नायक, वार्ड 3 से आनंद कपूर ताम्रकार, वार्ड 56 से डी प्रकाश, केलाबाड़ी वार्ड 40 से मतीम शेख,भारतेंदु गौतम, वार्ड 59 से शिवेन्द्र सिंह परिहार, वार्ड 4 से ममता गोविंद देवांगन, वार्ड 47 से कविता तांडी, वार्ड 60 से अलका बाघमार, वार्ड 35 से कुलेश्वर साहू ,वार्ड 51 से प्रेमलता साहू ,पोषण साहू ,वार्ड 56 से विद्या नामदेव, वार्ड 21 से बालकिशन साहू , वार्ड 6 से सुश्री राधिका यादव, वार्ड 16 से त्रिवेणी यादव, वार्ड 18 से शीला यादव, वार्ड 23 से मंजू ठाकुर, वार्ड 58 से रमेश यादव व अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है। इनके द्वारा शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिले की तैयारी है।

सिक्कों से खरीदा नामांकन पत्र, कर्मचारियों सिक्के गिनने में छूटे पसीने, ग्रुप में पहुंचे सपा प्रत्याशी

दुर्ग नगर पालिक निगम चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन कुछ प्रत्याशी अपने निराले अंदाज से काफी चर्चा में रहे। इन प्रत्याशियों में एक नाम बालकिशन साहू का है। तितुरडीह में रहने वाले इस प्रत्याशी ने वार्ड 21 से नामांकन पत्र खरीदा है। लेकिन इसने नामांकन पत्र खरीदने के लिए साढ़े 4हजार के सिक्के व 500 रु. के नोट का उपयोग लाया। प्रत्याशी बालकिशन साहू यह सिक्के एक झोला में लेकर नामांकन पत्र खरीदने नामांकन पत्र वितरण केंद्र पहुंचा था। जिससे यहां नामांकन वितरण कार्य में लगे कर्मचारी व मौजूद प्रत्याशी आश्चर्यचकित हुए बगैर नहीं रहे। सिक्कों में 5 रु. व 10 रु. के सिक्के शामिल थे। जिन्हे गिनने में कर्मचारियों के पसीने छूट गए। प्रत्याशी बालकिशन साहू ने बताया कि वार्डवासियों के इच्छा से मैं यह चुनाव लड़ रहा हूं। नामांकन खरीदने के लिए वार्डवासियों ने आपस में सिक्के के रूप में राशि एकत्रित कर मुझे दी है। इस 5हजार की राशि में मेरे केवल 500 के नोट शामिल है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पांच प्रत्याशी ग्रुप में नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे थे। ये लोग समाजवादी पार्टी के प्रभारी बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में पहुंचे थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों में सुश्री राधिका यादव, त्रिवेणी यादव, शीला यादव, मंजू ठाकुर, रमेश यादव के नाम शामिल है।

भिलाई उपचुनाव के प्रत्याशियों ने भी प्राप्त किया नामांकन पत्र

भिलाई नगर पालिक निगम के वार्ड 3 व वार्ड 10 में उपचुनाव हो रहे हैं। जिनकी नामांकन प्रक्रिया की भी आज शुरुआत हुई। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय में इन दोनों वार्डो के नामांकन वितरण की व्यवस्था की गई है।

प्रत्याशियों की समस्याओं का अधिकारियों ने किया समाधान

नामांकन पत्र खरीदी के दौरान प्रत्याशियों को कुछ समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। जिससे प्रत्याशी काफ ी परेशान रहे। हालांकि बाद में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का समाधान किया। इससे उन्होंने राहत की सांसे ली। इन समस्याओं में जाति प्रमाण पत्र व आधार कार्ड से संबंधित समस्याएं शामिल थी। जिसका अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। महिला प्रत्याशियों को नामांकन पत्र खरीदी में छूट थी। उन्हे ढाई हजार रुपए में नामांकन पत्र दिए गए। इसके अलावा एससी व एसटी जाति वर्ग को भी छूट का लाभ मिला। अन्य वर्ग को नामांकन पत्र के लिए 5 हजार की राशि लगी।

वेस्ट बायो मेडिकल फेंका निगम ने की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। लक्ष्मी मार्केट वार्ड क्रमांक 5 के समीप एक निजी अस्पताल के द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट (जैव चिकित्सा अपशिष्ट) को बेतरतीब ढंग से फेंक दिया गया था तथा कुछ वेस्ट को सफाई कर्मचारी के रिक्शे में भी डाल दिया गया जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर उड़नदस्ता की टीम मौके पर पहुंच गई तथा बड़ी मात्रा में डाले गए बायो मेडिकल वेस्ट प्राप्त होने पर संबंधित अस्पताल के संचालक को समझाइश देते हुए 15000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। चंद्रा मौर्या चौक के समीप स्थित होटल में गंदगी फैलाई जाने पर 5000 का जुर्माना वसूल किया गया। वार्ड क्रमांक 18 वृंदा नगर विनोद फर्नीचर के संचालक द्वारा कचरा फैलाए जाने पर 1000 का शुल्क वसूल किया गया। उड़नदस्ता टीम ने आज वार्ड क्रं. 05, 18 एवं वार्ड 12 सहित निगम के अन्य स्थलों पर गंदगी फैलाए जाने, अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का विक्रय करनेए सड़क बाधा करने, एक्सपायरी पेय एवं खाद्य पदार्थ का विक्रय करने आदि को लेकर निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की तथा से 3 व्यवसायियों से 21000 का अर्थदंड शुल्क वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया। निगम की उड़नदस्ता की टीम लगातार गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही कर रही है इसी के साथ ही मलबा सड़क पर रखकर सड़क बाधा करने वालों को भी समझाइश देते हुए कार्यवाही की गई। उड़नदस्ता की टीम नियमित रूप से निरीक्षण सफाई को लेकर करती है, पूर्व में भी कई दुकानों से एक्सपायरी सामग्री जब्त की जा चुकी है।

सख्ती | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में मिला प्रतिबंधित पॉलिथीन, दुकानदार पर कार्रवाई के निर्देश

आयुक्त के साथ सूडा अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज प्रातः से रेलवे स्टेशन एवं ऐसे क्षेत्र जहां पर खुले में शौच करने की गुंजाइश हो सकती है ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण निगम के अधिकारियों के साथ किया। आयुक्त श्री रघुवंशी एवं सूडा अधिकारी आरके नारंग वार्ड क्रं. 23 पावर हाउस के समीप सुभाष मार्केट पहुंचे जहां पर उन्होंने पूरे बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया इस दौरान कुछ स्थानों पर ऑटो प्वाइंट मे कचरा एकत्र होना पाया गया जिसे हटवाने के निर्देश दिए गए।

बाजार में नालियों का निरीक्षण किया गया कुछ स्थानों पर नाली पर अतिक्रमण होना, नाली निर्मित नहीं होना, नाली जाम होना, नाली का ढलान सही न होना पाया गया जिसके लिए आयुक्त ने संधारण एवं कुछ स्थलों पर निर्माण कराने के निर्देश जोन क्रं. 3 के अधिकारियों को दिए हैं। सब्जियों का विक्रय कर रहे एक व्यवसायी के पास से प्रतिबंधित पॉलीथिन पाया गया जिस पर उस व्यवसायी से यह पूछा गया कि यह पॉलिथीन कहां से खरीदा गया है एवं उस विक्रेता के विरुद्ध प्रतिबंधित पॉलिथीन विक्रय करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं एवं व्यवसायी से अपील की गई कि प्रतिबंधित पॉलिथीन सामग्री प्रदान करने न रखें। कुछ लोगों के द्वारा अपने निवास स्थान के सामने रास्ते पर ही पशु को काटा जा रहा था जिस पर रहवासी को निर्धारित स्थल का ही उपयोग करने की समझाइश दी गई अन्यथा पशु जप्त करने के साथ ही कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने निरंतर निगम के सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। आयुक्त प्रातः 6 बजे से औचक निरीक्षण करने किसी भी क्षेत्र के लिए निकल जाते हैं वे प्रायः गली, मोहल्ले का सघन निरीक्षण करते हैं और आसपास के रहवासियों से सफाई के संबंध में पूछताछ कर जानकारी प्राप्त करते हैं कि इससे पहले सफाई कब हुई है क्या कचरा एकत्रित करने रिक्शा या अन्य वाहन आती है या नहीं यदि आती है।

छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। डीएवी पब्लिक स्कूल आमदी नगर में छात्र.छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर प्लास्टिक मुक्त शहर और स्वच्छता के प्रति सजगता का संदेश दिया। रैली श्रीराम चौक, मिलन चौक और परी गार्डन से गुजरती हुई हुड़को का चक्कर लगाकर वापस स्कूल पहुंची। इस दौरान बच्चों ने घर.घर जाकर लोगों से वन टाइम यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल नहीं करने का निवेदन किया। साथ ही उन्हे बच्चों द्वारा बनाया गया पेपर बैग भी दिया गया तथा लोगों से साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान बच्चों ने नृत्य व संगीत के माध्यम से लोगों में जागरूकता का संदेश फैलाया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद दिनेश यादव ने कहा प्लास्टिक की उपयोगिता में स्वतंत्रता न हो बल्कि इनके उपयोगों से क्या.क्या दुष्परिणाम सामने आ सकते है। कचरे और प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए हम सबको जागरूक होना होगा। जिसकी शुरूआत हम सबको अपने घर से ही करना, घर स्वच्छ तो शहर स्वच्छ होगा, शहर स्वच्छ तो देश स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह प्रयास कल्याणकारी कदम है। संगीतमय नृत्य ने हम सबका मनमोह लिया है। इस दौरान रैली में डीएवी स्कूल हुड़को के शिक्षक.शिक्षिकाओं के अलावा उपक्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ प्रशांत कुमार भी मौजूद थे।

आयुक्त ने कार्यो में नाराजगी जाहीर करते हुए सफाई संबंधी दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 3। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 एवं स्टार रेटिग में उच्च रैंकिग प्राप्त करने के लिये मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ करने के लिये निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर, कार्यपालन अभियंता आरके चंद्राकर, सहायक अभियंता प्रकाशचंद थवानी, सीबी परगनिहा एवं उप अभियंतागण डीके पाण्डेय, प्रशांत शुक्ला, मुकेश चंद्राकर, विक्टर वर्मा, कु. साधना अहिरवार सभी सफाई कार्य निरीक्षण के लिये सुबह से ही निकल रहे है तथा अपने आबंटित क्षेत्र में उपस्थित रह कर सड़क, नाली, सामुदायिक शौचालय की सफाई के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का भी निरीक्षण कर रहे है। कार्यो के निरीक्षण हेतु संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग से एसके दुबे साथ ही राहुल सिंह एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर भी भिलाई 03 के एसएलआरएम सेंटर, सामुदायिक शौचालय, तालाब, सड़क सफाई एवं नाली सफाई का निरीक्षण किये, साथ ही काम में लगे महिला समूह से एवं सफाई कर्मचारियों, सुपरवाईजरों से चर्चा किये, चल रहे कार्यो में नाराजगी जाहीर करते हुये सफाई में और कैसे सुधार लाया जा सकता है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्र./प्र.02/तह./वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जसबीर कौर भाटिया वगै. पति स्व. गुरुदेव सिंह निवासी ग्राम गुरुनानक नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1363/24, 1372/7 रकबा 0.022, 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार गुरुदेव सिंह आ. प्रीतम सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः आप मृतक खातेदार के संबंध में जांच कर जांच प्रतिवेदन अभिलेख सहित आगामी तिथि दिनांक 16.12.2019 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./281/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्ष कुमार नायक पिता एम.आर. नायक निवासी ग्राम शिक्षक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 15/26 (17/9) रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता एल कृष्ण कुमार पिता एल.एस.आर. मूर्ति निवासी ग्राम माधवपुरी हिल्स चन्द्रानगर हैदराबाद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.11.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बीना सिंह बिष्ट पति श्री मातवर सिंह बिष्ट निवासी एस.ए.एफ लाईन भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/70 रकबा 0.017 हें/ 1830 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

आवेदक श्री शैलेष वर्मा निवासी रायपुर द्वारा ग्राम जंजगिरी प.ह.न. 49 रा.नि.म. अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग में भूमिस्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 631/1, 631/2, 631/5, 631/6 एवं खसरा नं. 638/2, 638/3, 638/4 कुल रकबा 1.27 हे. कृषि भूमि है। उक्त भूमि में आने जाने के लिए रास्ते उपलब्ध नहीं है तथा मुख्य मार्ग से जुड़ने के लिए मुख्य मार्ग से दुड़ा हुआ छग शासन की शासकीय भूमि खसरा नं 626/1 है जिसमें वर्तमान में आने जाने के लिए स्थाई आम रास्त प्राप्त करने हेतु अनुमति की मांग हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति व संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई तिथि 23.12.2019 के पूर्व स्वतः व अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताङर व न्यायालय मुद्रा से आज दिनांक 25.11.2019 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार जिला दुर्ग (छ.ग.)

नोटिस

रा.प्र.क्र./571/अ-06/वर्ष 2018-19

प्रति,

1. सुरेन्द्र कुमार, रामकुमार, नारायण, तीरथ कुमार सभी पिता स्व. लखन लाल, 2. निशांत, नेहा, पिता अशोक, सरस्वती ध.प. अशोक, 3. लता सोनी पिता स्व. शरत चन्द्र, 4. बल्देव प्रसाद, प्रकाश, सविता, संध्या सभी पिता कृष्ण चंद्र, 5. सौरभ, शुभम, शुभी, पिता स्व. प्रवीण सुनीता ध.प. प्रवीण, 6. नीरा बाई ध.प. स्व. हेमचंद बिसौहाराम, लक्ष्मीनारायण, गजेन्द्र पिता स्व. हेमचंद सभी निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)।

आवेदक एन.के. दुबे आ. स्व. व्ही. एस. दुबे साकिन सेक्टर -01 भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न 22 रा.नि.मं. दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 676/1 रकबा 0.008 हें को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 29.08.1997 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 06.12.2019 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

नर्सरी में मिली अधेड़ की लाश

महासमुंद। नयापारा अटल आवास स्थित नर्सरी में शुक्रवार सुबह 8 बजे एक व्यक्ति की लाश मिली। मृतक की पहचान वार्ड 11 निवासी पीसी सोनी के रूप में हुई। वह रिक्शा चालक था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

स्काउट गाइडों का सम्मान

महासमुंद। भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में खंडस्तरीय द्वितीय एवं तृतीय सोपान कैंप का आयोजन शासकीय उमावि खट्टी में किया गया। प्राचार्य धरमसिंह महानंद के मार्गदर्शन एवं मनीषा नंदेश्वर के नेतृत्व में सोरिद स्कूल के गाइड्स ने भाग लिए। सभी गाइड्स द्वितीय एवं तृतीय सोपान के पाठ्यक्रम में पास हुए। शिविर से वापस लौटने पर शाला पविार के सदस्यों ने शाला में आयोजित समारोह में सैल्यूट देकर सम्मान व स्वागत किया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि भोलेनाथ गंधर्व, प्रधान पाठक विनय सिंह ठाकुर, व्याख्याता रामकुमार जांगड़े, पूजा श्रीवास्तव, सुखेंद्र प्रसाद द्विवेदी, नेहा बजाज, मंजू दीवान आदि ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

शादी नहीं हो रही थी तो युवक ने दी जान

महासमुंद। दूसरी शादी न होने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि मुड़ागांव निवासी भोजलाल पिता मुंशीलाल (29) की लालचुंवा खार में फांसी पर लटकी लाश मिली। बताया जाता है कि युवक दूसरी शादी न हो पाने से परेशान था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

शराब ले जाते दो पकड़ाए

महासमुंद। तेंदूकोना पुलिस ने बगारपाली मोड़ पर बाइक से शराब परिवहन करते दो युवकों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि गुरूवार रात पौने 10 बजे बगारपाली मोड़ पर दोपहिया क्रमांक सीजी 06 जीएन 2654 को रोककर तलाशी ली। बाइक में सवार रानीसागर पारा पिथौरा निवासी अनिल पिता लखनू यादव और योगेश पिता सुभान सिंह के कब्जे से पौने चार लीटर देशी-अंग्रेजी शराब बरामद की।

युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। आपसी विवाद में दो युवको में मारपीट हो गई। तुमगांव थाना क्षेत्र के अछरीडीह निवासी भगेला पिता रघु निषाद (29) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के ही भूपेंद्र ने उसके भाई भागवत निषाद के साथ गाली-गलौज कर लाठी से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भूपेंद्र के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

इंद्रधनुष अभियान 2.0 से बच्चों को लगाया जाएगा टीका

महासमुंद। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन इंद्रधनुष अभियान 2.0 चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत 2 दिसंबर को होगी। इस अभियान के अंतर्गत टीकारण से वंचित छात्रों को जानलेवा बीमारियों से बचाव व छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ एसपी वारे ने प्रेसवार्ता में बताया कि महासमुंद जिला आकांक्षी जिला में आता है। इसी वजह से मिशन इंद्रधनुष चलाया जा रहा है। 0 से 2 साल के बच्चों को टीकाकरण का लक्ष्य 90 प्रतिशत तक प्राप्ति का है। सघन मिशन इंद्रधनुष के दौरान टीकाकरण का स्थान व तिथि की जानकारी के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, एएनएम या आंगनबाड़ी केंद्र में संपर्क किया जा सकता है। स्टॉल पर बच्चे का टीकाकरण कार्ड व शिशु सुरक्षाकार्ड दकर आना होगा।

युवा नेतृत्व एवं समुदाय विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नेहरू युवा केन्द्र, राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा 3 दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं समुदाय विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 नवंबर 2019 तक स्थान कान्यकुब्ज सभागार, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से 42 युवा/युवती मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फुलबासन बाई यादव, विशिष्ट अतिथि शरद श्रीवास्तव, डॉ. सुरेश पटेल, श्रीमती मधुलिका रामटेके, शिशुपाल खोब्रागढ़े की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का

स्वागत किया गया। नेहरू युवा केन्द्र, राजनांदगांव के जिला युवा समन्वयक देवेश कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे एवं तीन दिवस के दिनचर्या को विस्तार से बताया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में शरद श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को दिमाग कैसे स्थिर रखा जाता है, इसके बारे में बहुत ही अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस चंद्रिका कौशल ने जेंडर एवं हिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रशिक्षण प्रदान किया। अजय सिंह ठाकुर युवा विकास संगठन विषय पर प्रेरणादायक प्रशिक्षण प्रदान किया। शिशुपाल खोब्रागढे ने समुदाय विकास, नेतृत्व क्षमता, संचार एवं स्वयं सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन एवं युवा मंडल गठन एवं कार्यशैली पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के साथ-साथ योग गुरू धीरज द्विवेदी ने युवाओं को योगाभ्यास एवं योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया इसके साथ ही खेलकूद, श्रमदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए मिले 70 करोड़

■ करूणा शुक्ला ने की थी मांग, अब निर्माण कार्य में आएगी गति

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगाँव। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को जल्द शुरू कराने का पूर्व सांसद करूणा शुक्ला का प्रयास रंग लाता दिखायी पड़ रहा है। सप्ताह भर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के सामने अपनी मांग रखने वाली कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री करूणा शुक्ला की जायज मांग को मुख्य मंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री मो. अकबर ने गंभीरता से लिया और उक्त राशि स्वीकृत की गई।

श्रीमती शुक्ला ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री

टीएस सिंहदेव से मुलाकात कर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के कछुआ गति से निर्माण कार्य और फंड की कमी के संबंध में चर्चा की थी, उस समय श्री सिंहदेव ने आश्वस्त किया था कि पूरक बजट में फंड की कमी को दूर कर दिया जाएगा। दो दिन पूर्व राजधानी में हुई बैठक में उक्त मुद्दा प्रमुख रूप से मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के समक्ष रखा गया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज भवन को शीघ्रता से पूर्ण किये जाने की जरूरत को जायज माना और बजट में स्वीकृत किये गए कुल 126 करोड़ रुपयों में से 70 करोड़ रूपये मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की जरूरतों को पूरा करने दिए जाने की घोषणा की। उक्त फंड की कमी को त्वरित रूप से सुलझाकर जहां स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों की आवश्यकता को पूरा किया है। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री मो. अकबर ने भी इसे एक अच्छा निर्णय बताते हुए कहा है कि भविष्य में भी इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पूर्णता में कोई कमी न आए। श्रीमती शुक्ला ने उनकी मंशा अनुसार फंड प्रदान किये जाने पर मुख्य मंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री का धन्यवाद किया है।

117 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी आज से सभी तैयारियां पूरी

राजनांदगांव। जिले में एक दिसम्बर से धान उपार्जन केन्द्रों में शुरू हो रही धान खरीदी की पूरी तैयारी हो चुकी है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने आज सहकारी समितियों के धान उपार्जन में धान खरीदी के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने 6 धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। श्री मौर्य ने राजनांदगांव विकासखंड की सेवा सहकारी समिति गठुला, सेवा सहकारी समिति घुमका, खैरागढ़ विकासखंड की वृत्ताकार सहकारी समिति अमलीपारा, वृत्ताकार सहकारी समिति भण्डारपुर, डोंगरगढ़ विकासखंड की सेवा सहकारी समिति ढारा तथा सेवा सहकारी समिति लाल बहादुर नगर के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। श्री मौर्य ने धान संग्रहण केन्द्र ठेलकाडीह और धान संग्रहण केन्द्र मदुराकुही में धान रखने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इन सभी धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की व्यवस्था हो गई है।

भारतीय क्रिकेट टीम जूनियर के खिलाड़ी का जोरदार स्वागत

भाटापारा। इंडियन क्रिकेट टीम अण्डर 19 में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सरदार सिमरजीत सिंह का शनिवार को भाटापारा पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया। वे टीम के साथ इंटर नेशनल खेलने काठमांडू नेपाल गए थे जहाँ फ़ाइनल मुकाबला ,इंडिया वरसेस नेपाल के बीच था। फाइनल मैच में 1 रनअप रहते हुए उन्होंने टीम वर्क और अच्छी कप्तानी का परिचय देते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कोच विजय रत्नाकर के मार्ग दर्शन पर ही वो नेशनल खेल पाए एवं सिल्वर मैडल देश के लिए लाने में सफल हुए है। विदित हो की सरदार सिमरजीत सिंग पिता बलविंदर सिंग निवासी भाटापारा आज नौतनवा दुर्ग एक्सप्रेस से स्टेशन पहुंचे वहाँ उनके स्वागत के लिए सिख समाज , छत्तीसगढ़ सिख फ्ढरेशन भाटापारा किराना व्यापारी संघ , जरनल संघ , सोना चाँदी एशोशियन आदि संस्थाओ ने स्वागत किया। जिसमे प्रमुख रूप से कुलवंत गुम्बर , कन्हैया सेठी ,श्री चंद छाबड़िया ,प्रकाश लछ्वानी, अमरजीत सलूजा , गुरु कुल स्कूल से रामरतन मुंधड़ा, लोकेश कुमार ,शंकर चक्रवाती हरप्रीत सलूजा , बलविंदर सिंग ,जोगिन्दर सलूजा आदि ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

36 पाव अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में शहर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से शराब ,मोबाईल और मोटर साइकिल जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की पुलिस अधीक्षक नीतू कमल बलौदाबाजार के द्वारा आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मददेनजर अवैध शराब विक्रेताओ , ढाबा संचालक , चखना दुकान संचालको के विरूद्ध

कार्यवाही करने के साथ साथ असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर जे0आर0 ठाकुर अति . पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार व के0बी0 द्विवेदी एसडीओपी भाटापारा के निर्देशन पर थाना प्रभारी महेश ध्रुव के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही भाटापारा शहर में किया गया जो मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि आरोपी बृजलाल कुरें पिता बेदराम उम्र 39 वर्ष साकिन गरूनानक वार्ड भाटपारा थाना भाटापारा शहर बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ . ग .) का भारी मात्रा में अवैध शराब अपने मोटर सायकल में रख कर पंचशील नगर गुरूनानक वार्ड भाटापारा की ओर आ रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाप व गवाहान के पंचशील नगर गरूनानक वार्ड भाटापारा मे आरोपी को रोक कर पूछताछ करने पर अपना नाम बृजलाल कुरे उर्फविशाल बताया जिसकी तलाशी लेने पर एक थैले के अंदर 36 पाव देशी मदिरा मसाला किमती 2520 रू का रखे मिला तथा आरोपी से एक सैमसंग मोबाईल किमती 6000रू व एक मोटर सायकल किमती 20000 रू जुमला किमती 28520 रू को गवाहो के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 498 / 2019 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है ।

छात्रों ने किया विधानसभा का भ्रमण

भाटापारा। विधानसभा क्षेत्र के धर्मनगर दामाखेड़ा के हाई स्कूल की विद्यार्थियों ने विधानसभा भ्रमण के दौरान विधानसभा अध्यक्षश्री चरण दास महंत पुर्व शिक्षा मंत्री श्री सत्यनारायण शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर खुशी जाहिर की। जिसमे किसान ब्लाक अध्यक्ष श्री हेमलाल साहू ने बताया कि स्कूल के बच्चों ने पहली बार विधानसभा गए और उन्हें आज छत्तीसगढ़ भाषा मे वहा अध्यक्ष महोदय के साथ सभी मंत्रियों को छत्तीसगढ़ की भाषा मे अपनी अपनी बात कही व बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभाशीष दिया । उससे बाद सभी मंत्री विधायकों के साथ फोटो खिंचवा कर बच्चो को बहुत ही खुशी मिली।

अल्ट्राटेक ने किया तालाब गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हिरमी के आद्योगिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम अमेरी के नया तालाब गहरिकरण कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को किया गया ढ्ढ जिसके मुख्य अतिथि

संयंत्र के कार्मिक प्रमुख श्री मनोज यादव ने कहा कि हमारे संयंत्र का प्रमुख उद्देश्य सीमेंट उत्पादन के साथ ही आसपास के ग्रामीणों के साथ मिलकर सामाजिक-आर्थिक विकाश कर एक विकसित समाज का निर्माण करना है, उसी के एक कड़ी में आज ये विकास कार्य आप लोगो के मांग के आधार पर किया जा रहा है ।

विशिष्ट अतिथि संयंत्र प्रबंधन से प्रशासनिक प्रमुख जितेंद्र सिंह तवर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कहा जाता है तालाब सच्चे और खरे होते है, प्राचीन काल से ही तालाब पेयजल, ग्राम निस्तारी, सिंचाई जैसे कार्यों में जीवनदायनी रही है, उन्होंने संयंत्र द्वारा फौज, पुलिस आदि में भर्ती हेतु चलाए जा रहे फिटनेस और ट्रेनींग क्लास के बारे में विस्तार से बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में नवयुवकों को शामिल होने का आह्वान किया।

भाजपा कार्यकर्त्ता सम्मेलन में शामिल हुए चंदूलाल साहू

भाटापारा। इतिहास की किताबों में अंग्रेजों द्वारा उनके शासनकाल में किस तरह से भारतीयों के अधिकार का हनन किया जाता था यह सब हम पढ़ते थे और आज छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के राज में हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं उक्त बातें भाटापारा नगर पालिका चुनाव के प्रभारी महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने भाजपा कार्यालय में बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष कहीं साहू ने कहा कि इस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को उसके अधिकारों से वंचित करते हुए उसे अपने नगर का मुखिया का चुनाव स्वयं करने का अधिकार छीन लिया विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि शहर की जनता का आशीर्वाद लोकसभा विधानसभा एवं निकाय चुनाव में हमेशा ही भाजपा को मिलता रहा है और पिछला निकाय चुनाव. मे तो पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा बढ़त भाजपा को भाटापारा से मिली।

सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, बताया हाथी कर रहे जान-माल का नुकसान

महासमुंद। हाथी प्रभावित सिरपुर क्षेत्र के गांवों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने हाथियों द्वारा पहुंचाए जा रहे जान-माल के नुकसान की जानकारी देकर 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी मांगों का निराकरण का भरोसा दिलाया। बीते साल से सिरपुर क्षेत्र में हाथियों का आगमन हुआ है तब से अब तक सैंकड़ों एकड़ फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहीं 19 लोगों की जान जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातें ध्यान से सुनीं और उसके समाधान के लिए मंत्रिमंडल में बात रखने आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में हाथी भगाओ फसल बचाओ समिति संयोजक राधेलाल सिन्हा, रमाकांत ध्रुव, मनराखन ठाकुर, राधेश्याम ध्रुव, जीवनलाल साहू, खोरबाहरा राम ध्रुव, उदेराम ध्रुव, गौतमराम ध्रुव, रूपसिंह नेताम और अरूण चंद्राकर शामिल थे। ग्रामीणों ने खासकर जनहानि पर मुआवजा 10 लाख एवं मृतक के परिवार को नौकरी देने की मांग की।

पेट रोग और चर्म रोग जांच शिविर आज

महासमुंद। महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में रविवार सुबह 11 से 3 बजे तक पेट रोग निदान एवं एण्डोस्कोपी जांच शिविर रखा गया है। रायपुर हेरीटेज हॉस्पिटल के गैस्ट्रोसर्जन, लैप्रोस्कोपी एवं विशेषज्ञ डॉ निश्चल तिवारी सेवा देंगे। वे हर माह के पहले और तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए 94252-15595 पर संपर्क किया जा सकता है। बाद अपरान्ह 3 से शाम 6 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ स्कीन केयर क्लीनिक रायपुर डॉ विनोद कोसले सेवा देंगे। चर्म रोग जांच व पंजीयन के लिए 07707-222226, 94252-15595 पर संपर्क किया जा सकता है।

मनोज जैन बने पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता में हर्ष

भाटापारा। नगर के कांग्रेस नेता व बलौदाबाजार भाटापारा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज जैन को टूण्डा नगर पंचायत का पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने से नगर में हर्ष व्याप्त है । उनकी नियुक्ति नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एवं जिलाध्यक्ष दिनेश यदु की अनुशंसा पर की गई । श्री जैन पूर्व में बिलाईगढ एवं कसडोल के पर्यवेक्षक रह चुके है । श्री जेन को टूण्डा नगर पंचायत का पर्यवेक्षक बनने पर बधाई देने वालो में सुनील माहेश्वरी छायाविधायक, पूर्व विधायक चैतराम साहू ,प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल, प्रदेश सचिव सुशील शर्मा , प्रदेश सचिव गणेश ध्रुव , जिला उपाध्यक्ष अजीत बाजपेयी ,सूनील गुप्ता पूर्व पार्षद , हेमंत उपाध्याय, सोनू पटाक, जितू तिवारी ,गिरीश पारप्यानी, सुरेश भाई, अयूब बांठिया , आदि कांग्रेसियो ने शुभकामनाये दी ।

स्वयंसेवकों ने की गोठान की सफाई

महासमुंद। 'नरवा, गरुवा, घुरुवा अऊ बारी येला बचाना हे संगवारी' थीम के साथ आशीबाई शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला के रासेयो के स्वयंसेवक छात्राओं ने कोना में सात दिवसीय शिविर के दौरान गोठान की सफाई की। विधायक विनोद चंद्राकर ने शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य गोविन्द साहू ने की। अतिथियों ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण आवश्यक योजनाओं को जिस सरलता से ग्रामीणों को समझाने का काम एनएसएस कर रहा है यह प्रशंसनीय हैं।

आयोजन | जिला न्यायालय परिसर में भी मनाया गया संविधान दिवस

मोहला एवं मानपुर में न्याय के दीप को प्रज्ज्वलित किया गया

राजनांदगांव। संविधान दिवस 26 नवंबर पर एडीआर भवन के हॉल में विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव मंसूर अहमद द्वारा समस्त न्यायाधीशगण एवं सभी कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। उन्होंने ''भारतीय संविधान के अंतर्गत नागरिकों के मूल कर्तव्य'' भाग-4 (क) के अंतर्गत निर्धारित मूल कर्तव्यों की जानकारी दी और इसका पालन करने भी कहा गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा 27 नवमबर 2019 को भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में तहसील मानपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सचिव जिला

विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर के छात्र- छात्राओं को ''भारतीय संविधान के अंतर्गत नागरिकों के मूल कर्तव्य'' भाग-4 (क) के अंतर्गत निर्धारित मूल कर्तव्यों एवं मूल अधिकारों की जानकारी दी गई एवं पाम्प्लेट्स वितरित किए गए।

कार्यक्रम में सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं (आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा योजना, तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएँ, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना 2015 व अन्य योजानाएँ) की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में निःशुल्क विधिक सेवा योजना, पाक्सो एक्ट संबंधित घटनाओं पर कार्यवाही की जानकारी, रैंगिंग एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम संबंधी जानकारी, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एएसपी एन. ठाकुर, थाना प्रभारी प्रदीप सोरी एवं स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

बीईओ ने किया स्कूल संचालन का निरीक्षण

तिल्दा-नेवरा। भरूवाडीह कला के शासकीय स्कूल की आदर्श अनुशासन व हरियाली बिखेरती छटा को देखकर शैक्षणिक भ्रमण में निकले बेमेतरा जिला विकासखंड बेरला के बीआरसीसीए, बीईओ एवं समस्त संकुल समन्वयक शिक्षकगण के साथ लगभग 200 छात्र छात्राएं दंग रह गए उन्होंने स्कुल की संचालन व्यवस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की वर्तमान परिवेश में शासकीय स्कूलों के प्रति विपरित सोच के मध्य अपवाद स्वरूप तिल्दा विकासखंड के भरूवाडीह कला के शासकीय स्कूल का अनुशासन शिक्षा व संस्कृति के प्रति रूझान स्वच्छता व पर्यावरण के मामले में सजगता एक प्रेरणादाई है शैक्षणिक भ्रमण के आगन्तुक अधिकारी गणों ने स्कुल की परिदृश्य का कायल होते हुए कहा कि भरूवाडीह कला स्कूल के छात्र छात्राओं की शिक्षा व संस्कृति के प्रति ललक अध्यापकों का कर्तब्यपरायणता पूरे छत्तीसगढ़ में एक आदर्श पाठशाला की बोध करा रही हैं उन्होंने कहा कि आज की दौर में शिक्षा की परिभाषा ही बदल गयी है गुरू और शिष्य दोनों ही कर्तब्यो से विमुख हो चुका है पठन पाठन को महज औपचारिकता की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया है ऐसी परिस्थितियों के मध्य अतीत की गुरुकुल की परछाई का अहसास करा रही भरूवाडीह कला की शासकीय शिक्षण संस्था प्रशंसा के पात्र है ।

पुरानी बस्ती-कराटे चौक की तंग गलियों की नालियाँ हुईं साफ

- खुशी से लोगों ने कराया सफाई कर्मियों को जलपान
- स्लम बस्तियों, संकरी गलियों में पैदल घूम-घूमकर सफाई कार्यो का जायजा लेती रही कलेक्टर, निगम आयुक्त भी रहे साथ

कोरबा .स्वच्छता महाअभियान के छठे दिन आज शहर के केंवट पारा के आगे पुरानी बस्ती, चौक कराटे चैक की तंग गलियों की नालियों की सघन सफाई की गई। लगभग पच्चीस से तीस सफाई कर्मियों ने संकरी और बरसों से ढँकी नालियों के ढक्कन खोलकर उनसे मलवा निकाला और नालियों से पानी निकासी को शुरू किया। मोहल्ले की सफाई से खुश होकर कराटे चौक के निवासियों ने सफाई कर्मियों को जलपान कराया। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल भी आज नगर निगम आयुक्त श्री राहुल देव के साथ सुबह सफाई निरीक्षण करते हुये इस जगह पर पहुँची। उन्होंने सफाई में लगे सभी कर्मचारियों का परिचय लिया और सभी मोहल्ले वासियों की उपस्थिति में उनकी हौसला अफजाई की।

कलेक्टर ने ही मोहल्ले वासियों को सफाई कर्मियों को नाश्ता कराने की अपील की थी। आज महा अभियान के छठवें दिन आठ वार्डो के तीन दर्जन से अधिक मोहल्लों, बस्तियों, मार्गो में स्वच्छता ड्राइव चलाकर विशेष सफाई का कार्य किया गया। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, निगम आयुक्त श्री राहुल देव व अन्य अधिकारी शहर की स्लम बस्तियों, सकरी गलियों में पैदल घूम-घूमकर सफाई कार्यो का जायजा लेते रहे। सफाई कार्य कर रहे स्वच्छता कर्मचारियों से बातें की, उन्हें समय पर स्वल्पाहार मिल रहा है या नहीं की जानकारी ली एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर सफाई कार्यो के लिए मार्गदर्शन दिया।

यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन एवं ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल व आयुक्त श्री राहुल देव के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी व रविशंकर नगर जोन में विगत 25 नवम्बर से प्रथम चरण का स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है।

इन स्थानों पर चली स्वच्छता ड्राइव

वार्ड क्र. 04 के ब्राम्हण मोहल्ला, पठान मोहल्ला, विश्वनाथ मंदिर, रानी रोड, वार्ड क्र. 08 अंतर्गत इमलीडुग्गू, रेलवे कालोनी के पीछे, सामुदायिक भवन के पीछे, भैयालाल गली, संतोषी मंदिर, वार्ड क्र. 11 में मेन रोड नाली सुलभ से कुंजीलाल गली दोनों ओर, मधु स्वीट्स गली, पंजाब बैंक गली, पत्ता गोदाम गली में स्वच्छता ड्राइव चलाई गई। इसी प्रकार वार्ड क्र. 03 के राताखार, टीनादफाई से दुर्गा चौक तक, वार्ड क्र. 13 अंतर्गत पार्षद गली, इंदिरा आवासीय क्षेत्र, होलिका मैदान के पास क्षेत्र, हिमाचल गैरेज, गैस एजेंसी तक, वार्ड क्र. 29 अंतर्गत तरूण शर्मा घर से लेकर खरमोरा चौक तक एवं बस्ती में, वार्ड क्र. 20 अंतर्गत रवि डेयरी के पीछे स्थित बस्ती एवं बड़ा नाला तथा निहारिका चर्च के आसपास एवं वार्ड क्र. 23 अंतर्गत जोन कार्यालय क्षेत्र, निगम कालोनी क्षेत्र, मेन रोड, पुष्पविहार आदि क्षेत्रों में स्वच्छता ड्राइव संचालित की गई।

न्यूज गैलरी

धान खरीदी से पहले कमिश्नर ने किया 11 कर्मचारियों को निलंबित

अम्बिकापुर। सरगुजा सम्भाग के कमिश्नर श्री ईमिल लकड़ा द्वारा बलरामपुर रामानुजगंज जिले के विभिन्न चेक पोस्टों के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान धान खरीदी विपणन वर्ष 2019-20 में अवैध धान के परिवहन को रोकने हेतु विभिन्न चेक पोस्ट में ड्यूटी के दौरान सौंपे गए कार्य मे लापरवाही बरतने पर 11 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आज से मंडी में धान खरीदी प्रारंभ

बिलाईगढ़ । अनुविभागीय मुख्यालय बिलाईगढ़ में आज एक दिसंबर से धान खरीदी के लिए बिलाईगढ़ के स्टेडियम को अस्थाई मंडी बनाया गया है जहां धान खरीदी का कार्य किया जाएगा। प्राप्त समाचार के अनुसार बिलाईगढ़ स्थित स्टेडियम को अस्थाई मंडी बनाया गया है। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक टीका राम साहू के अनुसार धान खरीदी का कार्य शासन के निर्देशानुसार 1 दिसंबर 2019 से 15 फरवरी 2020 तक किया जाएगा ।धान खरीदी स्थल में बिजली ,टोकन ,बारदाना, ताल पत्री ,कांटा, कंप्यूटर आदि की व्यवस्था कर लिया गया है।

नगर पालिका आम निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन

बालोद। छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिकाओं के पार्षद पदों निर्वाचन की निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्रारूप-2 एवं स्थानों(सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन प्रारूप-2(क) तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों के सूची का प्रकाशन परिशिष्ट-तीन में आज 30 नवम्बर 2019 को पूर्वान्ह 10.30 बजे विहित स्थानों पर चस्पा कर प्रकाशन किया गया।

जनचैपाल स्थगित

बालोद। नगर पालिका निर्वाचन 2019 के लिए जारी आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने के कारण संयुक्त जिला कार्यालय में प्रति सप्ताह सोमवार को आयोजित होने वाला जनचैपाल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

टायपिंग परीक्षा परिणाम घोषित

भाटापारा। शीघ्र लेखन मुद्रलेखन टायपिंग परीक्षा परिषद लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नया रायपुर छग मार्च 2019 में आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है । उक्त आशय की जानकारी देत हुए शर्मा टायपिंग प्रशिक्षण केंद्र भाटापारा के संचालक नरेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की उनके संस्थान से उत्तीर्ण परीक्षार्थी किरण वर्मा ,दिलेश्वरी साहू ऋषभ केशरवानी, मंयक राज यादव, राधिका वर्मा, गोपाल वर्मा ,नवकिरण पटेल,चित्रा सोनी ,सतीश , नीता ,प्रफुल्ल उके , अक्षय, सुशीला , हरिकृष्ण यदु, धनीराम पटेल ने सफलता प्राप्त किया है ।

ग्रामीण अंचलों में खनिज माफिया हुए सक्रिय

जिम्मेदारों की शह पर चल रहा गोरखधंधा

बालोद/लोहारा। इन दिनों ग्रामीण अंचलों में खनिज माफिया सक्रिय हो चुके है। जिसका उदाहरण जिले के डौण्डी लोहारा क्षेत्र के शहरी इलाकों के बाद अब ग्रामीण अंचलों में भी यह नजारा सहज ही देखने को मिल जायेगा, जो कि किसी प्रशासनिक अमला के सहयोग के बिना संभव नहीं है। जिले के मंगचुवा गांव में खाद गोदाम के पीछे जंगल से लगे जमीन में जेसीबी के माध्यम से माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से मुरम की खुदाई की जा रही है। जिसे ट्रैक्टर में लोड कर अन्यत्र स्थानों में परिवहन किया जा रहा है। जानकारी लेने पर पता चला कि मुरम खुदाई के लिए नियमानुसार न तो किसी तरह के प्रशासनिक

आदेश की कापी मौजूद है और न ही किसी तरह का दस्तावेज। जिससे यह साबित होता है कि माफियाओं द्वारा खुले आम दिन दहाड़े मुरम की चोरी की जा रही है। जब अवैध मुरम खनन व परिवहन की शिकायत के लिए संबंधित मंगचुवा थाना में एक व्यक्ति ने संपर्क किया गया तो टालमटोल करते नजर आए और उनके द्वारा संबंधित के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने के बजाय उल्टा शिकायतकर्ता को गुमराह कर दिया गया। इससे यह जाहिर होता है कि अब पुलिस विभाग व प्रशासनिक अमला भी खनिज माफियाओं के अवैध कारोबार में सहयोगी बन रही हे और बचाने के प्रयास में जुटी हुई है।

रात के अंधेरे मे तीन चहेतों का डेमो टोकन काट सुबह सैकड़ों किसान टोकन कटवाने होते रहे परेशान

डौंडी । डौंडी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति क्रमांक 1431 मे आज सुबह से सैकड़ों कीसान अपने धान को बेचने हेतू टोकन कटवाने के लिए पहुचे तो ,समिती केम्पस के अंदर न कोई अधिकारी मिला न कोई कर्मचारी, जिम्मेदारो की इसी लापरवाही के चलते घंटो इंतजार करने के बाद किसानों ने तहसीलदार से गुहार लगाई उसके बाद डौंडी तहसीलदार प्रतिभा ठाकरे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डौंडी समिति प्रबंधक एन एस कोसमा से मामले मे फोन पर जानकारी ली और किसानों के संदर्भ मे बात चीत की गई परन्तु उसका भी कोई असर नही दिखा।

मामले मे समिती की लापरवाही के चलते किसानों को बीना टोकन कटवाये घर वापस जाना पड़ा कई किसानों का आरोप है की

राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना तहत किसानों का धान खरीदी 1 दिसंबर से किया जाना है। जहां टोकन प्रक्रिया कल से शुरू किया गया है, किन्तु सुबह से लाईन में खड़े किसानों को टोकन नही दिया जा रहा। रात के अंधेरे में कुछ चहेतों को डमी टोकन देकर शेष किसानों को छले जाने का खेल खेला जा रहा है।

कीसान नंद कुमार साहू निवासी डौंडी व देव कुमार साहू कीसान मरारटोला व चतुर सिंह, नारायण पटेल,भीखम भुआर्य, रमन सिंह, लक्ष्मीकांत दर्रो, दीनदयाल साहू, पीयूष कुमार, धीराजी राम, पुनऊ राम,राहित माहला इस संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने बताया की हम शुक्रवार से सोसायटी का सुबह से चक्कर काट रहे है ।सुबह से साम तक टोकन काटने के चक्कर मे अपना काम छोड़कर बैठते है परन्तु हमारा टोकन काटने के बजाय अपने चहेतो का टोकन काटा गया जो की नियम विरुद्ध है समिति कैम्पस मे कल से धान खरीदी की जानी है परन्तु प्रबंधक की लापरवाही के चलते कीसी प्रकार की कोई भी व्यवस्था नही की गई है जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं हो।

संपरीक्षक करेंगे निर्वाचन व्यय सीमा की जांच

रायगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री यशवंत कुमार द्वारा नगर पालिका निर्वाचन 2019-20 हेतु पार्षद पद के लिए निर्वाचन व्यय सीमा का प्रावधान करने के लिए एक पृथक व्यवस्था के तहत 'निर्वाचन व्यय संपरीक्षक' की नियुक्ति की गई है। जिनकी प्रशिक्षण बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अनिल पटेल एवं प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय शाखा द्वारा सभी संपरीक्षकों को निर्वाचन व्यय लेखा संपरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को नामांकन दाखिल करने के समय निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा रखने के लिए व्यय रजिस्टर प्रदान किया जाएगा। जिसमें अभ्यर्थी नामांकन से परिणाम घोषित होने तक की तिथि के खर्चो का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज करेगा।

नगरीय निकाय चुनाव में घोषणापत्र समिति के सदस्य बने विकास

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। नगरीय निकाय चुनाव 2019 के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पदाधिकारियो की नियुक्ति की गई। जिसमें बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सदस्य के रूप में नियुक्त किया।

ज्ञात हो कि बालोद नगर पालिका चुनाव 2014 में विकास चोपड़ा ने नपाध्यक्ष पद की दावेदारी की थी। जिसमें बहुमत हासिल करते हुए अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किये गए थे। तब से लेकर लगातार बालोद नगर के विकास के लिए बपुरजोर प्रयास में जुटे रहे। विगत तीन माह के भीतर उन्होंने नगरवासियों के लिए लगभग 6 करोड़ रोये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी है। विकास चोपड़ा को चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य बनाये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

प्रदीप का चयन विश्विद्यालय की टीम में

गंडई । स्व. श्री देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई खेल गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है । हर वर्ष महाविद्यालय से खिलाड़ीयों का चयन विभिन्न प्रतियोगिता में होता है । महाविद्यालय में समिति संसाधन के बावजूद राष्ट्रीय स्तर में खिलाड़ी स्थान बनाते है ।सत्र 2019-20 में बीएससी भाग 2 में पढ़ने वाले प्रतिभावान छात्र प्रदीप कुमार निषाद का चयन विश्विद्यालय की टीम में हुआ है । प्रदीप का निवास ग्राम गोकना में है । पिता का नाम दिनेश निषाद व माता पीरू निषाद है । परिवार खो-खो में चयन से काफी खुश है। अन्तर्विश्वविद्यालयीन खो खो प्रतियोगिता में प्रदीप निषाद हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खो खो प्रतियोगिता 28 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक भुवनेश्वर वि. वि. में होना है। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष दीलिप ओगरे, सदस्य लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, रोहित सिंह पुलस्थ, रणजीत सिंह चन्देल, बांके वर्मा, प्राचार्य एन एस वर्मा, क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन, समस्त शिक्षक व स्टाफ ने बधाई दी है । उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य ने दी है ।

घर पर घुसकर किया था हत्या, आरोपी को 7 साल की सजा

भाटापारा। हत्या के आरोपी तोरन साहू एवं छम्मन लाल ध्रुव को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सत्येन्द्र कुमार साहू की अदालत ने सात साल का कारावास और एक हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है । अतिरिक्त लोक अभियोजक न्याजीखान से मिली जानकारी अनुसार संपूर्ण प्रकरण थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम चौरेंगा का है । दिनांक 30 नवम्बर 2004 को शाम 7.30 बजे ग्राम चौरेंगा के बिसौहाराम वर्मा के घर में तुम फैक्टरी वालो के समर्थक हो कहते हुये घर के दरवाजे को तोडकर अश्लील गालियां देकर अभियुक्तगण ने विधि विरूद्ध अवैध समूह का निर्माण किया था सामान्य उद्देश्य के अग्रसरण में नरेन्द्र व राजकुमार की हत्या करने के उद्देश्य से हिंसा व बलवा का प्रयोग किया जिसके कारण घर में रह रहे गायत्री एवं बिसौहा को भी सामान्य चोटे आई तथा घोर उपहति होने की वजह से नरेन्द्र कुमार की मृत्यु हो गई । प्रकरण में घटना की रिर्पोट थाना सिमगा में गायत्री वर्मा के व्दारा करायी गई थी जिस पर थाना सिमगा ने अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था । प्रार्थी व्दारा की गई रिपोर्ट के आधार पर थाना सिमगा व्दारा अपराध धारा 294, 147, 148, 427,449,302 सहपठित धारा 140,302 सहपठित धारा 149,323 सहपठित धारा 149 तथा 506 भाग दो के आरोप के तहत अभियुक्तगण के विरूद्ध विचारण किया गया जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू ने इस पूरे प्रकरण की गंभीरता गवाहो के बयान व मिले साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण तोरन साहू पिता बालाराम साहू को धारा 304 बी भाग दो में सात वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड ,धारा 452 भादवि में छःमाह का कठोर कारावास ,धारा 148 भादवि में एक वर्ष का कठोर कारावास से दंडित किया गया है।

गड़कटरा स्कूल में पानी पीने के लिए तीन बार बजती है वाटर बेल

कोरबा। जिले का एक ऐसा स्कूल जंहा नौनिहालों को अभी से एक साथ पानी पिने की प्रेरणा दी जा रही है . यही नहीं पानी पिने के लिए स्कूल में तीन बार वाटर बेल बजती है, और स्कूल के सरे बच्चे मिलकर एक साथ पानी पिटे ही इस अनोखी पहल की गाथा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर शंकुल के गढ़कटरा का है जांच स्कूली बच्चो को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है .बच्चों में नियमित पानी पीने की आदत डालने केरल के एक स्कूल से प्रेरित होकर स्कूल के शिक्षक श्रीकांत सिंह यह पहल कर रहे हैं। शिक्षक का मानना है नियमित पानी पीने से बच्चों के बीमार पड़ने की गुंजाइश कम रहती है।

इस संबंध में शिक्षक श्रीकांत का कहना है पानी पीने के फायदे के बारे में कुछ दिन पहले सोशल मीडिया एक विडियो वायरल हुआ था। जिसमें पानी पीने के फायदे के बारे में बताया जाता है। आम तौर बच्चे पढ़ने और खेलने की धुन में नियमित पानी पीने वंचित हो जाते हैं। बच्चे नियमित पानी पीएं इसके लिए स्कूल में तीन बार डोर वेल बजता है। लघु शंका, भोजन अवकाश के अलावा तीसरी बार खेल अवकाश के दौरान। बच्चों को एक साथ बैठाकर पानी पिलाया जाता है। बच्चे अब पानी पीने के लिए अनुशासित हो गए हैं। श्रीकांत बताते हैं कि बेल बजते ही सारे बच्चे कतार में बैठते हैं और पानी पीते हैं। बच्चे साफ पानी पीयें इसके लिए स्कूल में वाटर फिल्टर भी लगाया गया है। बच्चों में पानी पीने की आदत डालने के कई फायदे हैं। इससे शरीर का तरल भाग संतुलित रहता है। पाचन ठीक होने से कब्ज नहीं रहती। भूख बढ़ने के साथ रोग प्रतिरोधी क्षमता भी बढ़ता है।

केवल 15 केंद्रों में नमी मापक यंत्र, बिना जांच होगी खरीदी

जिले में धान खरीदी का आज से होगी शुरू

कोरबा। धान खरीदी का कार्य 1 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। तैयारी भले ही दुरूस्त होने की बात कही जा रही है, किंतु उपार्जन केंद्रों में कई तरह की विसंगतियां देखी जा रही है। 17 फीसदी से अधिक नमी धान नहीं लेने का निर्देश शासन ने इस बार भी दिया है, किंतु 6 साल पुराने नमी मापक यंत्रो में बदलाव नहीं किए जाने से अधिकांश केंद्र के यंत्र बिगड़े पड़े हैं। ऐसे में धान खरीदी की पारदर्शिता में संशय बनी हुई है। धान की सुरक्षा के मद्देनजर ड्रेनेज बनाने के लिए समय पर 27 लाख राशि जारी की

गई है। इसके बाद भी ड्रेनेज व्यवस्था दुरूस्त नहीं है। आधे-अधूरे तैयारी के कारण जमीन में धान को रखने की स्थिति बनी हुई है। धान खरीदी कार्य विपणन व सहकारिता व खाद्य विभाग को आपसी तालमेल बना कर करनी है। तीनों में आपसी सामंजस्य नहीं होने से व्यवस्था में ढील देखी जा रही है। धान खरीदी के कार्य को लेकर तैयारी अब भी केंद्रों में पूरी नहीं हो सकी है।

26 हजार 132 पंजीकृत किसानों के लिए 41 उपार्जन केंद्र पर्याप्त नहीं है। उपार्जन केंद्रों से गांवों की दूरी को कम करने के लिए अतिरिक्त केंद्र की आवश्यकता है। लंबे समय से तीन नए उपार्जन केंद्र सेंद्रीपाली, नकटीखार, लेमरू प्रस्तावित है। स्वीकृति नहीं मिलने के कारण किसानों को इस बार भी 45 से 60 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी।

अब तक 60 लाख का धान जब्त

धान की अफरा-तफरी रोकने के लिए 15 चेकपोस्ट तैयार किए गए हैं। बाहर का धान खपाने वाले बिचौलियों पर नकेल कसने यह उपाय किया गया है। अब तक प्रशासनिक स्तर पर 60 लाख का धान जब्त किया जा चुका है। 51 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस बार प्रशासन की अवैध धान भंडारण पर सख्त नजर है।

पहले दिन 82 अभ्यर्थियों ने लिये नामांकन पत्र

कोरबा। छत्तीसगढ़ नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 अंतर्गत कोरबा जिले के पॉचों नगरीय निकायों में पार्षद पदों के निर्वाचन के लिये आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल द्वारा प्रारूप-2 में सूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन लेने की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गयी है। आज पहले दिन जिले के पॉचों नगरीय निकायों में 82 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म प्राप्त किये। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्डों के लिये 73, पाली नगर पंचायत के लिये एक, छुरीकला नगर पंचायत के लिये तीन और कटघोरा नगर पालिका परिषद के लिये पॉच अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिये हैं। दीपका नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लिये आज किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन फार्म प्राप्त नहीं किया। जिले के सभी नगरीय निकायों में आज किसी भी प्रत्याषी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के 1 नगर निगम, 2 नगर पालिका और 2 नगर पंचायतों में पार्षद पदों के लिये निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन आज 30 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे किया।

नवप्रदेश

नगर की खस्ताहाल सड़क का नाम पड़ा लाईलाज

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर के पंडरिया रोड के पानी टंकी के पास की सड़क को नगरवासियों ने अभिशप्त सड़क कहते हुए इसे लाईलाज सड़क की संज्ञा दी है। इस स्थल की सड़क हमेशा खराब रहती है और इसी कारण लोग अभिशप्त सड़क कहते है। इस स्थल का सुधार कई बार किया गया है। अभी हाल ही में चुनाव के ठीक पूर्व इस सड़क को सुधार कार्य कर नया बनाया गया है लेकिन एक महिने बितने के पहले इस अभिशप्त सड़क ने अपना हाल दिखाना शुरू कर दिया है।

सड़क के बीचों-बीच बड़े-बड़े गढ्ढे बन गया है, जिसे आवागमन में भारी असुविधा होती है उल्लेखनीय है कि इस सड़क के दाहिने ओर पर पानी का जमावड़ा है और इसका बहाव सड़क की ओर है जिसके चलते सड़क में पानी भर जाने से यह सड़क बहुत ही जल्दी खराब हो जाती है। मजेदार बात यह है कि हर बार सड़क खराब होने पर पहल करते हुए सड़क तो बना दी जाती है, लेकिन यह समझने की कोशिश प्रशासन व विभाग कभी नही करती कि आखिर इस स्थल का सड़क जल्द ही क्यों खराब होता है। जाहिर है कि सड़क में लगातार पानी भरे रहने से सड़क खराब हो जाती है एक अंदना सा आदमी रास्ते चलते यह बतला देता है कि जब तक पानी के आने के स्त्रोत के रास्ते को बंद नही किया जाता तब तक पानी से सड़के खराब होती आई है और खराब होती रहेगी। जानकारी सूत्रों का कहना है कि जब तक सड़क के दाहिने ओर से आ रही पानी का मार्ग परिवर्तित कर उसे दाहिने साईड के नाली में नही गिराया जाता तब तक इस समस्या का समाधान हो पाना संभव नही है। इस सड़क को खराब होने से बचाने का एक दूसरा उपाय है यह है कि इस स्थल से नाली बनाकर पानी को दाहिने तरफ से सड़क के बायी ओर निकालने के रास्ता बनाये जाय ताकि पानी सड़क में न फैल सके और बनायी गई सड़क लम्बे समय तक टीक पाये।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

■ नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति पर होगी चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला कांग्रेस कमेटी का रविवार 01 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे नया कम्युनिटीहॉल कांकेर में आवश्यक बैठक आहुत की गई है जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई, विधि विभाग सहित कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर विधायक मनोज मण्डावी, कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी, अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुनेष्वर नागराज, जिला पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा सलाम सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित होंगे । बैठक का मुख्य एजेन्डा नगरीय निकाय के चुनाव में पार्षद प्रत्याशी के चयन तथा चुनाव के रणनीति पर चर्चा की जायेगी

जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री नुपूर ने किया पदभार ग्रहण

मुंगेली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री नुपूर राशि पन्ना (आई.ए.एस.) ने आज प्रातः 11 बजे जिला पंचायत जिले में अपना पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुश्री नुपूर राशि पन्ना का स्थानांतरण जिला पंचायत कोण्डागांव से जिला पंचायत किया गया है।

नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आगाज आज

मुंगेली। आदिम जनजाति की सांस्कृतिक परम्परा, लोकशैलियों, कलात्मक अभिव्यक्तियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दृष्टिकोण से जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आगाज कल 30 नवम्बर को शाम 4 बजे शहीद वीर धनंजय सिंह स्टेडियम में होगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी कर ली गई है।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर ने आज शाम जिला मुख्यालय स्थित शहीद वीर धनंजय सिंह स्टेडियम में महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समीप द्वीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होनें जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल युवाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागेश्वरी वर्मा, श्रीमती उर्मिला यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल फुगड़ी, भौंरा,

गेंड़ी, कबड्डी, खो-खो, क्वीज प्रतियोगिता, वाद- विवाद, तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता और लोकगीत एवं लोकनृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसका दर्शकों ने मुक्त कण्ठ से सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी एवं विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

संविधान दिवस पर वृक्षारोपण कर स्वच्छता का दिया सन्देश

कांकेर। केन्द्रीय विद्यालय कांकेर में शनिवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी राजेश शुक्ला थे । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका सुश्री के. परमेस्वरी जी एवं वरिष्ठ अध्यापक श्रीमान अभय कुमार विश्वकर्मा जी ने विद्यार्थियों को संविधान सभा के निर्माण, संविधान संशोधन, संविधान के अनुच्छेदों के विषय में बताते हुए संविधान की उद्देशिका एंव संविधान के महत्व के विषय में बताया ।

मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने विद्यार्थियों को मूल कर्तव्यों एंव नैतिक कर्तव्यों से अवगत करवाते हुए कहा कि समाज में सभी बच्चों को बड़ो का सम्मान करना चाहिए सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करनी चाहिए तथा वृक्षारोपण करके, जलसंचय करके और अध्ययन कार्य में कठिन परिश्रम करके अपने विद्यालय, क्षेत्र व देश का गौरव बढ़ाना है, विद्यार्थियों को मूल कर्तव्यों के साथ भविष्य में उन पर समाज और देश के लिए आने वाली जिम्मेदारियों से अवगत करवाया, जिससे विद्यार्थी आगे बढ़कर देश को प्रगति के पथ पर ले जा सकें ।

मद्य निषेध दिवस 18 दिसम्बर को

कांकेर। बाबा गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर यदि किसी जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रयास से व्यापक सीमा में जन सामान्य द्वारा स्वेच्छा से मद्यपान छोड़ा जाता है तो संबंधित जन प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, स्वयं सेवी संस्था को समारोह आयोजित कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा।

कंट्रोल रूम स्थापित

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भुरे के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 105 मे नियंत्रण कक्ष (कंटोल रूम) की स्थापना की गई है।

पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन

■ राज्यगीत के साथ कार्यक्रम की हुई शुरुआत

कांकेर। प्राथमिक शाला सरईपारा तुलतुली में संयुक्त रूप से पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सितम्बर लाल कावड़े सरपंच ग्राम पंचायत तुलतुली विशिष्ट अतिथि नारायण हिचामी उप सरपंच, तुलसी राम नाग, किशोर मण्डावी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति सरईपारा तुलतुली, श्रीराम कावड़े, चैतराम दुग्गा, सोनबती गावड़े सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया एवं प्राथमिक शाला सरईपारा के बालिकाओं द्वारा अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार राज्यगीत गाया गया । सम्मेलन में

सभी पालक सदस्यों ने मिलकर हिस्सा लिया गया । मुख्य अतिथि के सम्बोधन में कहा सभी शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता एवं बच्चों को घर जाकर गृह कार्य को करने एवं पालकों को शाला से सम्पर्क एवं हर दिन की पढ़ाई के बारे में पूछने हेतु प्रेरित किया गया । सभी अतिथियों ने शिक्षा गुणवत्ता एवं प्रतिदिन बच्चों को शाला आने हेतु कहा एवं सरल कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे लाल घर नीला घर हरा घर का चर्चा किया गया एवं लाल घर के बच्चों को किस प्रकार गतिविधियों के माध्यम से हरा घर में लाने नवाचार के माध्यम से शिक्षा देने हेतु चर्चा किया गया एवं बीच में मनोरजन के लिए प्राथमिक शाला सरईपारा के बच्चों द्वारा रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चे पालकों ने आनंद उठाया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

महापौर की हॉट सीट...

बिछाएगा। क्योंकि महापौर और अध्यक्ष बनने व बनाने वाले पार्षद या सदस्य ही होंगे। इनका समर्थन हासिल करने के लिए सियासी रिवायत के मुताबिक उन्हें चुनाव जिताने-जीतने के लिए सारी जरुरतों की पूर्ति कोई पैसे वाला ही करेगा। ऐसा भी संदेह विपक्षी पार्टियों ने जताया है कि इससे सियासी खरीद-फरोख्त बढ़ेगी। पूर्ववर्ती शासनकाल में पार्षद और पहापौर या अध्यक्ष का चुनाव एक साथ ही हो जाता था। मतदाता पार्षद के अलावा महापौर के लिए भी अलग से मत करते थे। नए नियम में पार्षदों की निर्वाचन प्रक्रिया होगी और जीते वार्ड मेंबर ही अपना महापौर, अध्यक्ष चुनेंगे। ऐसे में वही बाजी मारेगा जो या तो पैसे से मजबूत हो या फिर उसका सम्मान और व्यवहार काफी आला रहे। हालाकि यह दो तासीर के कम ही हैं, लेकिन माली हालात काफी आला तबियत के लोगों की फेहरिस्त भाजपा में कांग्रेस की तुलना में कम हैं पर हैं जरूर।

दावा- पैसा नहीं नाम...

हालाकि कांग्रेस की यह बैठक पहले 2 दिसंबर फिर 4 दिसंबर मुकर्रर की गई थी। इसी तरह भाजपा संगठन के प्रदेश प्रभारी अनिल जैन समेत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह भी मैराथन बैठक कर रहे हैं। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी भी प्रत्याशियों, दावेदारों और संगठन पदाधिकारियों की लिस्ट मिलजुलकर बना रहे हैं। संगठन से इस बार राजीव अग्रवाल का नाम सबसे उपर है।

सिरपुर महानदी पिकनिक पर...

अचानक दो नवमीं क्लास के छात्र अमन शुक्ला व खुशदीप संधू की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग व पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है।

गढ़कटरा स्कूल में...

अनुशासित हो गए हैं। श्रीकांत बताते हैं कि बेल बजते ही सारे बच्चे कतार में बैठते हैं और पानी पीते हैं। बच्चे साप पानी पीयें इसके लिए स्कूल में वाटर फिल्टर भी लगाया गया है। बच्चों में पानी पीने की आदत डालने के कई फायदे हैं। इससे शरीर का तरल भाग संतुलित रहता है। पाचन ठीक होने से कब्ज नहीं रहती। भूख बढ़ने के साथ रोग प्रतिरोधी क्षमता भी बढ़ता है। स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक कक्षाएं संचालित है। बच्चों की दर्ज संख्या 26 है। बच्चों में पानी पीने का अनुसरण, हाथ धुलाई से स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए सजगता का अभिभावकों पर असर हो रहा है।

जल संरक्षण की जानकारी...

है, उतनी ही पानी लो। एक समय में अधिक पानी पीने से बचो। सुबह सोकर उठने के बाद पानी पीयें। भोजन के दौरान आवश्यकतानुसार ही पानी पीयें।

विधानसभा चुनाव में...

भी उन्हीं को मिली है जिन्हों ने 15 साल से पैर जमाकर बैठी बीजेपी की सत्ता को उखाड़ फेंका। लगातारा कमेटियों के बनने का सिलसिला शुरु हो गया है। कांग्रेस की दो अहम कमेटियां वजूद में आ गई हैं। प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत निकाय चुनाव में पार्टी की जीत दिलाने वाले 45 सदस्यों को समिति में शामिल किया गया है। इसमें 12 मंत्री, 2 सांसद और 9 विधायक समेत पूर्व सांसद भी शामिल हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराने वाले यही पार्टी लीडर अब निकाय चुनाव में भी पार्टी की नैय्या पार लगाएंगे।

जिस टीम को घोषणा पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। उसमें विधानसभा चुनाव कै दौरान घोषणा पत्र तैयार करने वाली कमेटी के अध्यक्ष रहे टीएस सिंहदेव के साथ ही मोहम्मद अकबर, शिशुपाल सौरी, शिव डहरिया को शामिल किया गया है। कुल 21 लोगों की टीम को मिली जिम्मेदारी में मंत्री शिव डहरिया, मंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री मोहम्मद अकबर, विधायक शिशुपाल सोरी, पीसीसी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, सुभाष शर्मा, महापौर प्रमोद दुबे, महापौर देवेंद्र यादव, महापौर अजय तिर्की, महापौर जतिन जायसवाल, शैलेष नितिन त्रिवेदी, किरणमयी नायक, फूलोदेवी नेताम, सुशील आनंद शुक्ला, रविंद्र सिंह, विक्रम पटेल, विकास चोपड़ा, स्वप्नील उपाध्याय, अजीत लकड़ा, आशा सूर्यवंशी और राजकुमारी सिन्हा शामिल किए गए।

छह माह में देश की...

के जीवन को सशक्त बनाने के लिये काम करना जारी रखे हुए है। उन्होंने कि पिछले छह महीने में हमने अनेक ऐसे फैसले किये जो विकास, सामजिक सशक्तिकरण और देश की एकता को मजबूत बनाने वाले थे। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में और भी काफी कुछ करने की इच्छा रखते हैं, ताकि हम समृद्ध और प्रगतिशील नया भारत बना सकें।

बीजेपी ने गिनाई....

बताई गई है। इसमें कहा गया कि जो हमने वादा किया, उसके लिए संघर्ष किया और उसे पूरा किया। जम् कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त किया गया और जम्मू कश्मीर और लद्दाख दोनों को दो अलग केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया। हर भारतीय का एक भारत एक संविधान का सपना मोदी सरकार ने साकार किया।

झड़प और नक्सली...

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय कुमार चौबे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राज्य की तेरह विधानसभा सीट चतरा (सुरक्षित), गुमला (सु), बिशुनपुर (सु), लोहरदगा (सु), मणिका (सु), लातेहार (सु), पांकी, डालटनगंज, बिश्रामपुर, छत्तरपुर (सु), हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान करीब 64.44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री चौबे ने बताया कि मतदान समाप्त होने तक सबसे अधिक 67.30 प्रतिशत वोट लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में पड़े वहीं चतरा में महज 56.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गुमला में 67.3 प्रतिशत, बिशुनपुर में 69.8 प्रतिशत, मनिका में 62.66 प्रतिशत, लातेहार में 67.2 प्रतिशत, पांकी में 64.1 प्रतिशत, डाल्टनगंज में 63.9 प्रतिशत, विश्रामपुर में 61.6 प्रतिशत, छतरपुर में 62.3 प्रतिशत, हुसैनाबाद में 60.9 प्रतिशत, गढ़वा मे 66.04 प्रतिशत और भवनाथपुर सीट के लिए 67.34 प्रतिशत मतदान हुआ।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर, व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, व्ही.आई.पी. रोड, मौल श्री विहार, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नया रायपुर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस.-16/201, श्री बिमलेश सिंह पिता स्व. श्री युगेश्वर सिंह पता- रामेश्वर नगर रामजनकी के पास भनपुरी रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री पश्चात स्वतंत्र भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमती ममता साहू पति स्व. श्री मनमोहन साहू पता- ग्राम रजकट्ठी पोस्ट जामगांव तहसील राजिम जिला महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करना चाहतेहैं।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू.एस.-16/201 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 300/19-20
वार्ड का नाम- लालबहादुर शास्त्री-33

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लालबहादुर शास्त्री-33 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/33/449/1 विनोबाभावे नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मीना जुवैल w/o नेल्सन जुवैल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती कंचन तांडी w/o अम्बोल तांडी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 30/11/19

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 5741/व.ले.लि. रायपुर, दिनांक 28/11/2019

संशोधन क्रमांक-1

निविदा सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1. निविदा सूचना क्रमांक 5523/NIT-11/2019-2020 व ले लि दिनांक : 15/11/2019 के समस्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। (जी क्रमांक 75057)
2. निविदा सूचना क्रमांक 5525/NIT-12/2019-2020 व ले लि दिनांक : 15/11/2019 के समस्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। (जी क्रमांक 75058)
3. निविदा सूचना क्रमांक 5580/NIT-13/2019-2020 व ले लि दिनांक : 21/11/2019 के समस्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। (जी क्रमांक 75266)
4. निविदा सूचना क्रमांक 5582/NIT-14/2019-2020 व ले लि दिनांक : 21/11/2019 के समस्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। (जी क्रमांक 75267)

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग रायपुर (छ.ग.)

जी-75496/4

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

// तिथि परिवर्तन की सूचना //

क्रमांक/2265/व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/2019-20 बेमेतरा, दिनांक 28/11/2019

इस कार्यालय द्वारा जारी संक्षिप्त जोनल निविदा सूचना क्र. 05, पत्र क्र. 1784 दिनांक 13.11.2019, जिसकी निविदा खोलने की तिथि दिनांक 28.11.2019 निर्धारित थी, को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की तिथि 02.12.2019 निर्धारित की जाती है। निविदा की नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

जी-74961

जी-75499/3

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बेमेतरा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक : 78/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/ बलौदाबाजार, दिनांक 28/11/2019

ऑफलाईन निविदाएं ''**प्रपत्र-बी**'' में आयटम दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि
78/ 28.11.2019	बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड कसडोल में गिरौदपुरी धाम समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत गिरौदपुरी धाम एवं 22 ग्रामों का डिजाईन, ड्राईंग का सम्पूर्ण कार्य।	19.33	15000/-

नोट :- नोटरी द्वारा प्रमाणित वांछित दस्तावेज पंजीयन शपथ पत्र, टर्न ओवर, वर्क इन हेण्ड, टूल्स एण्ड प्लांट की सूची, अनुभव प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रस्तुत करने एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद पात्रता निर्धारण पश्चात ही कोरे निविदा फार्म प्रदाय किया जायेगा।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा संबंधी अन्य जानकारियां कार्यालयीन समय में खण्ड कार्यालय बलौदाबाजार के सूचना पटल पर एवं विभागीय वेबसाईट http://phed.cg.nic.in/eproject/nit/ पर देखी जा सकती है, तथा आवेदन की अंतिम तिथि 16/12/2019 है।

जी-75503/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)
Email ID-eedha-phe-cg@nic.in Telephone Number- 07722-238719

निविदा सूचना क्रमांक-37/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2019-20 धमतरी, दिनांक 29/11/2019

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- ''ए'' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सिस्टम क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
59008	धमतरी जिले के विकासखंड धमतरी के ग्राम देमार में नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत 90/110/160 मिमी. व्यास के यूपीव्हीसी पाईप स्पेशल्स जलवितरण प्रणाली 4058 मी. सहित प्रदाय कर जोड़ने बिछाने, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग ट्रायल रन, निर्माण कार्य एवं 3 माह तक संचालन संधारण का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित)	21.85	16.12.2019 5.30 बजे तक

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (pttps://eproc.cgstate.nic.in) से डाउनलोड की जा सकती है, तथा दिनांक 06.12.2019 से देखा जा सकती है।

जी-75516/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

‘दुर्गावती’ में भूमि पेडनेकर के साथ काम करेंगे अक्षय कुमार

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिल्म दुर्गावती में भूमि पेडनेकर के साथ काम करने जा रहे हैं। अक्षय इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म ‘सूर्यवंशी’ में काम कर रहे हैं। अक्षय ने अपनी अगली फिल्म की भी घोषणा कर दी है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म ‘दुर्गावती’ की घोषणा की जिसमें भूमि पेडनेकर लीड रोल में नजर आएंगी। अक्षय कुमार ने एक दिलचस्प फोटो के साथ फिल्म के बारे में फैन्स को बताया है। इस तस्वीर में अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर के अलावा फिल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर प्लेकार्ड लिए खड़े हैं। भूमि पेडनेकर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर इस तस्वीर को शेयर किया और बताया कि वह इसे लेकर एक्साइटेड हैं।

दीपिका ने कार्तिक से की रिक्वेस्ट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने कार्तिक आर्यन से ‘धीमे धीमे’ गाना का स्टेप सिखाने की रिक्वेस्ट की है। कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म ‘पति पत्नी और वो’ के गाने ‘धीमे धीमे’ को लेकर एक चैलेंज शुरू किया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम अकाउंट स्टोरी पर ‘धीमे धीमे’ चैलेंज में भाग लेने के लिए कार्तिक आर्यन से ‘धीमे धीमे’ गाने के स्टेप सिखाने के लिए रिक्वेस्ट की है। दीपिका ने स्टोरी पर लिखा, क्या आप मुझे धीमे धीमे स्टेप सिखाएंगे!? मैं धीमे धीमे चैलेंज में लेना चाहती हूं!!! दीपिका पादुकोण की कार्तिक आर्यन से की गई इस रिक्वेस्ट ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। अब देखना होगा कि दीपिका पादुकोण की इस पोस्ट पर कार्तिक आर्यन क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

QUIZ TIME

1) रवींद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी, काबुलीवाला में ड्राई-फ्रूट व्यापारी के साथ दोस्ती करने वाली लड़की का नाम क्या है?

2) प्रथम एफ्रो एशियन खेल कहाँ आयोजित किया गया था?

(क) कोलकाता (ख) भोपाल (ग) हैदराबाद (घ) दिल्ली

3) फ्रांसीसी इंजीनियर फर्डीनेंड द लसेप्स ने किस नहर का निर्माण किया था? (स्वेज नहर / पनामा नहर)

4) ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?

5) अंतरिक्ष में जानेवाला प्रथम एशियाई का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मिनी (2) हैदराबाद (3) स्वेज नहर (4) पद्मा नदी (5) फाम तुआन (वियतनाम), 1980 में

‘खाली पीली’ में आलिया भट्ट की तरह बोलती हुई नजर आएंगी अनन्या पांडे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी आने वाली फिल्म ‘खाली पीली’ में फिल्म ‘गली बॉय’ में आलिया भट्ट के निभाये किरदार की तरह बोलती नजर आयेंगी। ’स्टूडेंट ऑफद इयर 2’ से डेब्यू करने वाली चंकी पांडे की पुत्री अनन्या पांडे फिल्म ‘खाली पीली’ की शूटिंग कर रही हैं जिसमें वह एकदम अलग अंदाज में नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या मुंबई की एक लड़की की भूमका निभा रही हैं। इस फिल्म में अनन्या टपोरी लैंग्वेज बोलती दिखाई देंगी। फिल्म में उनके साथ ईशान खट्टर होंगे। अनन्या ने कहा, ÷फिल्म में मैं एक मुंबई की लड़की का किरदार निभा रही हूं और इसलिए मैं बम्बइया लैंग्वेज बोलती नजर आऊंगी। यह ‘गली बॉय’ में आलिया भट्ट की जैसी बोली होगी। अनन्या पांडे ने कहा, ‘मुझे नहीं पता कि मैं आलिया की तरह अच्छी तरह से ऐसे बोल सकती हूं या नहीं लेकिन मैं उनकी तरह बोलने की पूरी कोशिश करूंगी। फिल्म ‘पति पत्नी और वो’ में मैं दिल्ली की लड़की की तरह बोलती नजर आऊंगी।

वेबसीरीज में काम करेंगी तमन्ना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया वेबसीरीज में काम करने जा रही हैं। तमन्ना भाटिया डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी एंट्री ‘द नवंबर स्टोरी’ वेबसीरीज से होगी। महिला केंद्रित इस सीरीज का निर्देशन राम सुब्रमण्यम करेंगे। हॉट स्टार पर स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में तमन्ना एक ऐसी बेटी का किरदार निभा रही हैं जो पिता की इमेज क्रिमिनल जैसी बनने से बचाना चाहती है। पिता का किरदार जीएम कुमार निभाएंगे। तमन्ना भाटिया ने बताया कि एक्टर के रूप में मेरी क्षमता को दिखाने के लिए वेबसीरीज का फॉर्मेट मुफीद है। इस प्लेटफॉर्म पर किरदार की गहराई में जाने का मौका मिलता है। दो घंटे की मूवी से ज्यादा मौका आपको डिजिटल में मिलता है। इसी तरह की और संभावनाओं के लिए मैं तैयार हूं।

टाटा स्टील करेगी 3000 कर्मचारियों की छंटनी, टाटा मोटर्स में 1600 को वीआरएस

टाटा स्टील यूरोप ने 3,000 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है. इसमें से 1000 नौकरियां टाटा स्टील यूके में जाएंगी. समूह की ही एक और कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने 1,600 कर्मचारियों को वीआरएस देने का ऐलान किया है।

नई दिल्ली। टाटा स्टील यूरोप ने 3,000 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है. इसमें से 1000 नौकरियां टाटा स्टील यूके में जाएंगी. दूसरी तरफ, समूह की ही एक और कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने 1,600 कर्मचारियों को वीआरएस देने का ऐलान किया है. टाटा स्टील यूरोप ने अपने कारोबार के पुनर्गठन के लिए यूरोपियन वर्क कौंसिल से सलाह लेनी शुरू की है. इसके तहत ही कंपनी में छंटनी की जा सकती है. पिछले हफ्ते टाटा स्टील ने कहा था कि कंपनी को नुकसान और स्टील उद्योग में वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों की वजह से उसे छंटनी के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. टाटा स्टील ने एक बयान में कहा, ‘व्यापक प्रस्तावों के तहत टाटा स्टील यूरोप अपने कर्मचारियों की लागत में कटौती करना चाहती है. इसके तहत कर्मचारियों

की संख्या में 3,000 तक कटौती हो सकती है. इसमें से दो-तिहाई हिस्सा मैनेजमेंट और ऑफिस आधारित कामकाज में होगा. इसमें से 1,600 नौकरी नीदरलैंड, 1000 यूके और 350 बाकी जगहों पर जा सकती है. दूसरी तरफटाटा मोटर्स ने कहा है कि भारत में ऑटो सेक्टर में मंदी को देखते हुए उसे अपने करीब 1,600 कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देनी पड़ेगी. बिजनेस अखबार मिंट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि यह छंटनी उसके पैसेंजर से लेकर कॉमर्शियल व्हीकल बिजनेस सेगमेंट तक में हो सकती है. गौरतलब है कि भारतीय ऑटो सेक्टर पिछले एक साल से ज्यादा समय से मंदी का सामना कर रहा है. हाल में बीते त्योहारी सीजन में ऑटो सेक्टर को कुछ राहत जरूरी मिली है, लेकिन इसे खास सुधार नहीं कहा जा सकता. सरकार द्वारा अप्रैल 2020 से बीएस 6 जैसे कठोर उत्सर्जन मानक अपनाने की वजह से टाटा मोटर्स सहित सभी कंपनियों की परेशानी बढ़ी है. हालांकि कई कंपनियां इसे अपना चुकी हैं. टाटा मोटर्स पिछले कई साल से अपने कर्मचारियों की लागत को कम करने का प्रयास कर रही है।

वैश्विक कारणों से अर्थव्यवस्था में सुस्ती : प्रकाश जावडेकर

सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने शनिवार को कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था में सुधार को लेकर जो कदम उठाये हैं उसके परिणाम दिख रहे हैं तथा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आँकड़ों में दिख रही गिरावट वैश्विक कारणों से है।

अयोध्या का फैसला भी इसी बीच आया और देश में स्थिति शांतिपूर्ण रही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार पहले कार्यकाल में स्वच्छ भारत अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया गया था उसी प्रकार दूसरे कार्यकाल में एकल इस्तेमाल वाली प्लास्टिक के खिलाफजन अभियान चलाया जायेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह महीने पूरे होने के मौके पर श्री जावडेकर ने यहाँ एक बैठक से इतर संवाददाताओं से कहा कि इन छह महीनों में देश तरक्की की ओर तेजी से आगे बढ़ा है। तेजी से बुनियादी ढाँचों के विकास का काम हुआ है और सरकारी निवेश बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ÷आर्थिक सुस्ती जो दुनिया भर में है उसी का थोड़ा असर देश में भी दिख रहा है। लोगों के हाथों में पैसे का प्रवाह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई बड़े निर्णय लिये हैं-बैंकों का विलय करना हो या बैंकों को 70 हजार करोड़ रुपये देने की बात हो, ढाई लाख करोड़ रुपये का कर्ज उद्योगों को देने का विशेष कार्यक्रम हो या एनसीएलटी में लंबित बहुत सारे मुद्दे सुलझाने की बात हो या फिर सरकारी उपक्रमों में विनिवेश की बात हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सबसे कम कॉर्पोरेट कर वाला देश बन गया है जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। देश तरक्की के रास्ते पर बढ़ चला है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, सरकार के काम का परिणाम जमीन पर भी दिख रहा है। तेजी से बुनियादी ढाँचों का विकास हो रहा है। जावडेकर ने कहा कि सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले छह महीने में राफेल भारत में आया। सेना के लिए आधुनिक सामग्री की खरीद के फैसले लिये गये। सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए समाप्त किया जिससे कश्मीर में पहली बार आतंकवाद कम हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक की प्रथा को अवैध घोषित करने तथा इसके लिए सजा के प्रावधान वाला विधेयक भी संसद में पारित किया गया।

आने वाले साल में कई और मुकाम तय करेंगे मुकेश अंबानी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी विश्व के नौवें सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। फोर्ब्स की ‘द रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट’ से यह जानकारी मिली है। जानकारों का मानना है कि मुकेश अगले एक साल में कई और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। इसके पीछे रिलायंस और जियो की अहम भूमिका होगी। रिलायंस में अरामको 20% हिस्सेदारी खरीद रही है। इससे रिलायंस पूरी तरह से कर्ज मुक्त कंपनी बन जाएगी। मुकेश अंबानी रिलायंस को अगले डेढ़ साल में कर्जमुक्त बनाने की तैयारी में हैं। वह ऑयल, केमिकल और फ्यूल रीटेलिंग बिजनेस में सऊदी की सरकारी कंपनी अरामको से 20त्न हिस्सेदारी बेचकर यह लक्ष्य हासिल करेंगे। रिलायंस समूह के ऊपर फिलहाल 2,88,243 करोड़ रुपये का कर्ज है। अरामको से सौदा यह करीब 15 अरब डॉलर यानी 1.06 लाख करोड़ रुपये में पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा कंपनी ने पेट्रो खुदरा कारोबार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिटेन की कंपनी बीपी को बेचने की भी घोषणा की। इस सौदे में कंपनी को 7,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। इससे कंपनी कर्ज मुक्त हो जाएगी। मुकेश अंबानी आने वाले समय में जियो फाइबर के जरिये बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी ने इस क्षेत्र में डाटा के मोर्चे पर बाजी मारने के बाद अब अपनी नजरें ब्रॉडबैंड की तरफबढ़ा दी है। हाल ही में उसने घरेलू लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड के लिए जियो फाइबर पेश किया था।

फरवरी 2020 में लॉन्च होगी टाटा की नई ग्रेविटास

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने हैरियर एसयूवी के अपकमिंग 7-सीटर वर्जन के नाम से पर्दा उठा दिया है। कंपनी ने इसे ग्रेविटास नाम दिया है। ग्रेविटास 5 सीटर टाटा हैरियर का 7-सीटर वर्जन है। इसे हैरियर वाले ओमेगा एआरसी प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा। ग्रेविटास को बजर्ड नाम से जेनेवा मोटर शो-2019 में शोकेस किया जा चुका है। टाटा का कहना है कि ग्रेविटास कंपनी द्वारा पेश की गई अब तक की बेस्ट एसयूवी होगी। हैरियर के मुकाबले ग्रेविटास एक ज्यादा बड़ी कार होगी। इसका फ्रंट पार्ट तो हैरियर जैसा ही होगा मगर, इसका पिछला हिस्सा 5-सीटर हैरियर के मुकाबले लंबा होगा। ऊपर दी गई तस्वीर में जो ब्लू कलर की एसयूवी नज़र आ रही है वो बजर्ड की है। माना जा रहा है कि 7 सीटर हैरियर कुछ ऐसी ही होगी। अपकमिंग टाटा ग्रेविटास में फिएट से लिया गया हैरियर वाला 2.0 लीटर डीज़ल इंजन ही दिया जाएगा। हालांकि, ?ग्रेविटास में ये इंजन ज्यादा पावर ट्यूनिंग के साथ दिया जाएगा। उम्मीद है कि इसकी पावर ट्यूनिंग जीप कंपास जैसी होगी जिसका इंजन 170 पीएस की पावर और 350 एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। इसके अलावा ग्रेविटास में हैरियर के समान 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है।

मारुति और हीरो बीएस6 अपनाने में सबसे आगे

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी अपने 8 टॉप सेलिंग मॉडल्स को बीएस6 इंजन के साथ ले आई है। इन मॉडल्स में ऑल्टो, स्विफ्ट और डिजायर शामिल हैं। वहीं, हीरो मोटोकॉर्प भी अपने मोटरसाइकल और स्कूटर पोर्टफोलियो का करीब 30 फीसदी बीएस6 इमिशन नॉर्म्स के हिसाब से ले आई है। देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी अपने 8 टॉप सेलिंग मॉडल्स को बीएस6 इंजन के साथ ले आई है। वहीं, टू-वीलर बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प भी अपने मोटरसाइकल और स्कूटर पोर्टफोलियो का करीब 30 फीसदी बीएस6 इमिशन नॉर्म्स के हिसाब से ले आई है।

सोना-चांदी एक सप्ताह से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली (वार्ता)। वैवाहिक मौसम में आभूषण निर्माताओं द्वारा जेवराती माँग आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में शनिवार को सोना 250 रुपये चमककर 39,520 रुपये प्रति दस ग्राम पर और चाँदी 275 रुपये की बढ़त में 46,025 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। विदेशी बाजारों में सप्ताहांत पर पीली धातु में रही आधा फीसदी की तेजी से भी आज स्थानीय बाजार में सोने को समर्थन मिला। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वहाँ सोना हाजिर 7.80 डॉलर चढ़कर 1,463.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 9.60 डॉलर की तेजी के साथ 1,470.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी सप्ताहांत पर 0.07 डॉलर की बढ़त के साथ 17 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। स्थानीय बाजार में सोने में लगातार तीसरे दिन भी तेजी रही। सोना स्टैंडर्ड 250 रुपये चढ़कर 39,520 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही मजबूती के साथ 39,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। आठ ग्राम वाली गिन्नी 30,200 रुपये पर टिकी रही।

सफेद धातु के दाम लगातार दूसरे दिन बढ़े हैं। चाँदी हाजिर भी 275 रुपये चमककर 46,025 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। चाँदी वायदा 246 रुपये की बढ़त के साथ 44,506 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली क्रमशः 910 रुपये और 920 रुपये प्रति इकाई पर टिके रहे।

प्रत्याशियों के नाम पर अब तक नहीं लग पाई मुहर, बैठकों के दौर मे छिड़ती है लंबी बहस

■ **युवा वोटर बोले विकास ही पहली प्राथमिकता**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा/पांडातराई । बदलते समय के साथ ही इस बार चुनावी प्रक्रिया में भी फेर बदल हुए है। पहले जहां जनता अध्यक्ष का चयन करते थे। वहीं अब पार्षदो के द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाना है। इस बार का नगर पंचायत व नगर पालिका का चुनाव रोचक होने जा रहा है जैसा कि विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव और अब नगर पंचायत, नगर पालिका की पारी है। समय के साथ ही मतदातागण भी जागरूक हुए है। वोट का प्रतिशत भी बढते जा रहा है। इसके साथ ही अब के युवा प्रत्याशी वार्ड चुनाव को लेकर वार्ड में होने वाले विकास कार्य व वार्ड की समस्याओं को दुर करने वाले प्रतिनिधी का चयन करने मन बना चुके है। हांलाकि किसी भी पार्टी से अभी तक प्रमाणित रूप से प्रत्याशी के नाम पर मुहर नही लग पाया है। वहीं प्रभारियों के द्वारा प्रत्याशियों के चयन को लेकर खुब माथापच्ची की जा रही है। वर्तमान में कई जगह से अलग-अलग पार्टियों मे भी बगावत के सुर सुनाई में आ रहे है। वहीं कुछ जगह तो कार्यकर्ताओ के बीच ही लंबी बहस छिडतें हुए टकराव की स्थिति भी निर्मित हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 3 से 4 तारीख की देर शाम तक पार्टी के अलाकमान के द्वारा प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाया जा सकता है।

नगर पंचायत चुनाव को लेकर इस बार सभी समीकरणों से अलग हटकर विकास कराने वाले और नगर की समस्याओं को प्रमुखता से सुलझाने वाले व्यक्ति को ही अपना जनप्रतिनिधि बनाना चाहते हैं। युवाओ का सबसे अहम मुद्दा इस बार यह है कि जो प्रत्याशी नगर को विकास की ओर ले जाएगा व वादों पर खरा उतरता दिखाई देगा। युवा उसी का साथ देने का मन बना रहे है।

नपा चुनाव को लेकर क्या कहते है युवा

नीरज सलूजा ने कहा नगर भ्रष्टाचार का चढ चुकी है इसलिए इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है इस बार ऐसा उम्मीदवार हो जो नगर के विकास की बात करे।

अनिमेष गुप्ता का कहना है कि उसी प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा जो जनता के सुख दुःख में काम आने वाला है सबकी बात सुने और जन प्रिय होना चाहिए।

राजा खान ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रत्याशी घर-घर घूमते हैं लेकिन जीतने के बाद वह पांच साल सो जाते हैं।इस बार ऐसे प्रत्याशी का चुनाव किया जाएगा जो जनता के बीच बना रहें।

दिनेश यादव हमारा नगर का मुखिया ईमानदार और कर्मण होना चाहिए। जो अमीरों और गरीबों की सुनता हो और हमारे नगर का व्यवस्था को सुचारू रूप से काम कराने वाला होना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

सी.एम.ई. सम्मेलन का आयोजन संपन्न

खरोरा। आईटीबीपी खरोरा में सेनानी नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में केन्द्रीय सीमान्त मुख्यालय स्तर की दो दिवसीय सी.एम.ई. सम्मेलन का आयोजन दिनांक-28.11.19 एवं 29.11.19 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टी.एन. मिश्रा, निदेशक (चिकित्सा), भातिसीपुबल थे तथा इस सम्मेलन में भातिसीपुबल बल के केन्द्रीय सीमांत के अंतर्गत वाहिनियों से चिकित्सा अधिकारी व अन्य संस्थानों के चिकित्सक तथा छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत विभिन्न अस्पतालों के चिकित्साकों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में दिनांक-28.11.19 को मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की विधिवत् शुभारम्भ किया गया इसके पश्चात् वाहिनी के सेनानी नरेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथि तथा अन्य चिकित्सकों का स्वागत किया गया।

वादा निभाओ मांग को लेकर भाजपा करेगी धरना प्रदर्शन

कवर्धा। आज से चालू हो रही 'धान खरीदी' के लिए किसानों को '2500 रु धान का मूल्य' दिलाने व 'धान बेचने के तुरंत बाद किसानों के खाते में पैसा' देने की मांग को लेकर ' आज जिले के 'उपरोक्त धान उपार्जन केंद्रों के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे' तक किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने कल धरना कार्यक्रम में राज्य साकार को घेरने के लिए समस्त पदाधिकारी - कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और किसान साथियों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में 'राज्य की कांग्रेस सरकार' के खिलाफ 'एक दिवसीय धरना प्रदर्शन' में उपस्थित होकर समर्थन मूल्य के बजाय 2500 रु में तुरंत धान खरीदने की चुनाव पूर्व किये गए वादे को निभाने की मांग राज्य सरकार से करें।

आम निर्वाचन की समय अनुसूची कायक्रम जारी

कवर्धा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत के पार्षद पदों के आम निर्वाचन की समय अनुसूची कार्यक्रम जारी हो गई है। समय अनुसूची के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना 30 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता: कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने शुक्रवार को पंडरिया विकासखंड के कापादाह में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक भ्रमण किया और उन्होंने स्कूल प्रागंण में सभी विद्यार्थियों से वार्तालाप शैली में बातचीत की। उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे सभी विद्यार्थियों को सफ्लता के लिए टीप्स भी दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मेहनत हर विद्यार्थी करता है, लेकिन सफ्लता उन्हीं को मिलती है, जिनको सही मार्गदर्शन मिला है। सही मार्गदर्शन ही सफ्लता तक ले जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन काल में समय का बहुत महत्व होता है, क्योंकि इस काल में सभी विद्यार्थी

अपने दूर घर से स्कूल पहुंचते है। आने-जाने से समय बहुत लग जाता है। घर पहुंचने के बाद पढ़ाई के लिए समय निकालना पढ़ता है। इसलिए सफ्लता के लिए समय का चयन भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरी ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत कर और स्कूल में जो भी विषयों के नोट्स तैयार किए जाते है, पुस्तक के साथ उनका भी नियमित अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सफ्लता का कोई शार्टकट नहीं होता। उन्होंने यह भी विद्यार्थियों को बताया कि छात्र जीवनकाल में हम जो भी नोट्स तैयार करते है, परीक्षा की नजदीक आते ही अधिकांश विद्यार्थी कुंजी के भरोसे में रह जाते हैं। कुंजी मार्गदर्शन के लिए उपयोग किया जा सकता है, लेकिन बेहतर और अच्छे परिणाम के लिए संबंधित पुस्तकों का समग्र अध्ययन से मिलती है।

प्राचार्य रूपचंद जायसवाल ने कलेक्टर को अवगत कराते हुए बताया कि दसवीं और बारहवीं सभी विषयों की पढ़ाई पूरी कर ली गई है। वर्तमान में सभी विषयों का पुर्नअध्ययन चल रहा है। शासकीय अवकाश दिनों में भी अलग से कक्षाएं लगाई जा रही है, ताकि पूर्व वर्षो की भांति यहां का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत प्रथम स्थान हो। पिछले वर्ष कापादाह हाईस्कूल में कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 62 विद्याथियों ने परीक्षा दी थी। इस परीक्षा में 62 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर पूरे प्रदेश में कापादाह कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी शत-प्रतिशत प्रथम स्थान और प्रदेश के टॉप-टेन सूची में शामिल करने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है। हर दिन एक्स्ट्रा क्लास लेते हैं, बच्चों की निजी डायरी बनाई गई है।

विदाई समारोह का किया गया आयोजन

कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरमो में वृक्षारोपण वाचनालय भवन का लोकार्पण और मोरध्वज चैहान शिक्षक का विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अवनीश शरण, एस पी डॉ लाल उमेन्द्र सिंह, शिक्षाविद डॉ लोकेश शरण डाइट प्राचार्य टी. एन. मिश्रा, एस डी ओ श्रीवास्तव उद्यानिकी विभाग के पांडेएवं पूर्व प्रधान पाठक, पी. पी. बलभद्र सर उपस्थित रहे। वृक्षारोपण में 15 जामुन और 16 कटहल के पौधे लगाए गए जो कि डॉ लोकेश शरण के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक प्रवीण तिवारी, टिकेश्वर साहू, कुमारी मोनिका शर्मा उपस्थित रहे। साथ में संकुल प्रभारी शिव कुमार मरकाम और संकुल के अन्य शिक्षक मीना राम साहू नारायण सिन्हा धनंजय रात्रे राजू पाटिल बृजलाल पाटिल गुलाब श्रीवास आदि शिक्षक की उपस्थिति रही और गांव के लोग जिसमें एस एम सी अध्यक्ष रजउ राम साहू गुनी राम सरपंच प्रतिनिधि यशवंत मेरावी ग्रामीण बहुत संख्या में मौजूद रहे।

नशामुक्ति के लिए वीडियो दिखाकर किया ग्रामवासियों को जागरूक

दशरंगपुर। दशरंगपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष महेश केशरी, तथा प्राचार्य रामसनेही कलिहारी के मार्गदर्शन में ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दशरंगपुर , विकासखण्ड-कवर्धा,जिला-कबीरधाम की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के सायंकाल में,दलनायक अभय गुप्ता, स्वयंसेवक गणेश साहू, नेमचंद साहू, कन्हैया कुमार, मनहरण यादव, दीपक चंद्राकर, लोमशदास, सागर कुमार, छत्रपाल, छविलाल साहू के द्वारा नुक्कडों पर अभिनय-संवादों के द्वारा नशा के दुष्परिणामों से ग्रामीणो जागरूक किया गया। गौ-

ज्ञान विज्ञान, तथा व्यसन से बचाए,सृजन में लगाये इत्यादि उद्धोष से,शिक्षक एवं जिला युवा समन्वयक संजीव कुमार शर्मा ने ''नशा मुक्ति रैली'' को बैंड-बाजे के साथ प्रारंभ किया। रैली ग्रामवासियों को प्रभावित करते हुए,गांव का भ्रमण कर,शिविर स्थल पर पहुँची।हायर सेकण्डरी दशरंगपुर के कार्यक्रम अधिकारी हेमधर साहू ने बताया कि -''नशा के दानव से भारत को मुक्त कर दैविय वातावरण का निर्माण कर सतयुगी युग का पुनः निर्माण में भागीदारी आवश्यक है। रैली पश्चात् ''ब्लॉक समन्वयक नशा मुक्ति अभियान'' कबीरधाम खोमेश सिंह राजपूत, प्रहलाद राजपूत,ने ''गौ-ज्ञान, विज्ञान, नशा मुक्ति अभियान'' का संगीतमय चलचित्र (विडियों) ग्रामीण जनों को दिखाकर प्रेरित किया।

आनलाईन फॉर्म के विषय में दी गई जानकारी

बोड़ला। नगरपंचायत निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव को लेकर शुक्रवार शाम 6 बजे से एस डी एम कार्यालय मे निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम विनय सोनी, तहसीलदार मधु हर्ष देवांगन ,अमन चतुर्वेदी, एस आर सोनी ,व्याख्याता राजेश तिवारी आदि ने निर्वाचन को लेकर विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आचार संहिता के नियमों के विषय में जानकारी बैठक के माध्यम से दी। बैठक में अधिकारियों ने नाम निर्देशन, पार्षद पद की योग्यता, नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया ,नाम निर्देशन पत्र के संबंध में शपथ पत्र, प्रस्तावक, प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा करने के बारे में बताया ।एस डी एम श्री सोनी ने

बताया कि नगर पालिका अधिनियम 1994 के अनुसार इस बार प्रत्याशियों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र के साथ ऑन लाइन फॉर्म भरे जाने की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार नगर पंचायत चुनाव में एक ही नई बातें जोड़ी गई हैं जोकि ऑनलाइन फॉर्म भरना है, उन्होंने मीटिंग में ऑनलाइन फॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया की ऑनलाइन फॉर्म भरने के अनेक फायदे हैं ।उन्होंने आवेदन हेतु जरूरी दस्तावेज के बारे में बताया आवेदन करने के लिए फॉर्म भरने के निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र ,निक्षेप राशि की जमा रसीद, नोड्यूज प्रमाण पत्र ,सक्षम अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रति, अभ्यर्थी की तीन प्रति पासपोर्ट साइज फेटो ,मतपत्र द्वारा निर्वाचन संबंधी दस्तावेजों में लिखे जाने वाले नाम की जानकारी ,परिशिष्ट 13 के अंतर्गत, किसी अभ्यर्थी को राजनीतिक दल द्वारा खड़ा किया गया हो तो विहित प्रपत्र 8 और 9 की जानकारी सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों दिया गया ।

नालसा की योजना के अन्तर्गत वाईड-अवैक अभियान के संबंध में शिविर आयोजित

कवर्धा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के निर्देशानुसार पैरालिगल वालिन्टियर्स कमलेश तिवारी, कन्हैया लाल सोनी एवं आलोक श्रीवास द्वारा नवदीप पब्लिक स्कूल रौचन में नालसा की योजनाओं के अन्तर्गत वाईड अवैक के संबंध में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह अधिवक्ता भोलानाथ योगी एवं पैरालिगल वालिन्टियर्स प्रेमचंद साहू, विशाल नाथ योगी एवं टेकसिंह जांगड़े द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में नालसा की योजनाओं के अन्तर्गत वाईड अवैक के संबंध में शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षु उपाधीक्षक ने खरोरा थाना पहुंचकर ली प्रबंधन की जानकारी

खरोरा। खरोरा मे प्रशिक्षु उपअधीक्षक खरोरा थाने पहुंच थाना प्रंबधन के सबंध मे जानकारी ली इस अवसर पर उप पुलिस अधिक्षक सुभाष दास (पुलिस अकादमी चदखुरी)व थाना प्रभारी रमेश मरकाम ने थाना प्रंबधन के सबंध मे प्रशिक्षुओं डी एस पी को थाना प्रंबधन से जुडे हर पहलुओं को विस्तार से समझाया। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अकादमी चदखुरी मे प्रशिक्षण ले रहे उपपुलिस अधिक्षको का 7सदस्यीय टीम सुभाष दास के मार्गदर्शन मे खरोरा थाना मे पंहुच थाना प्रंबधन के संबध मे जानकारी मुहैया कराया गया जिसमे प्रशिक्षुयो को थाने का रिकॉर्ड सबधी जानकारी ,रजिस्टर माल खाना,हवालात, विवेचक,सी.सी.रिऐनेस महिला डेस्क, सहित थाने के सबंधित जानकारी विस्तार से समझाते बताया गया वही प्रशिक्षु उप अधिक्षको ने थाना प्रभारी रमेश मरकाम से थाने सबंधी जानकारी का विस्तार से चर्चा कर समझा प्रशिक्षु महिला डी एस पी नंदनी पैकरा,निशा सिन्हा, गीतिका साहू व प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश ठाकुर,विनित कुमार साहू,गोविन्द सिह दीवाने, राहुल कुमार उयके, बताया कि आज थाने मे पहुंच जो जानकारी हमे बताया गया व हमे थाने से जुडे रिकॉर्ड, रजिस्टर, मालखाना, विवेचक व महिला डेस्क के सबंघ मे प्रशिक्षण दे रहे हमारे अधिकारी सुभाष दास ने समझाया वे आनेवाले दिनो मे हमारे कार्यक्षेत्र मे मददगार साबित होगी।

धान खरीदी की तैयारी पूरी

खरोरा। छ. ग. शासन के पूर्व घोषणा के अनरुप 1दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का श्री गणेश किया जा रहा है खरोरा परिक्षेत्र के सभी सहकारी समितियो ने धान खरिदी की तैयारी कर धान खरीदी के माप दण्डो की जानकारी अपडेट कर ली गई है उक्त सबंध सहकारी समिति के व्यस्थापक ओमप्रकाश दुबे ने बताया की प्रतिदिन 2500 से 3000 कट्टा धान खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है कलेक्टर के आदेशानुसार धान खरीदी मैं 17त्न नमी तक ही मान्य की जावेगी धान खरीदने से पहले तिरपाल बिछा कर उसपर धान की ढेरी लगा कर साफसुथरा धान को बोरी भर कर तोल कि जावेगी

मितानिनों का किया गया सम्मान

चिल्फीघाटी । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार द्वारा 23 नवम्बर से 31 नवम्बर तक मितानिन दिवस मनाने को लेकर वनांचल ग्राम पंचायत चिल्फी में शनिवार को क्षेत्र के मितानिनों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए कार्यक्रम आयोजित कर श्रीफ्ल व शॉल से सम्मानित कर मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर उपसरपंच अनिरुद्धदास पनारिया सामाजिक कार्यकर्त्ता श्याम महानंद व पूजा अर्चना किया गया। ततपश्चात सामाजिक कार्यकर्ता ने क्षेत्र में मितानिनों के

उत्कृष्ट कार्यो के बारे में विस्तृत से बताया। समय बेसमय जान जोखिम में डालकर अपनी सेवा दे रहे है सभी उपस्थित मितानिनों को श्रीफ्ल व शॉल,साड़ी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मितानिन विमला बघेल,श्यामा बाई,मोहनी बाई,लच्छन बाई,मिलन पनारिया,रामा बाई मितानिन ट्रेनर जयंती बघेल व नीमा भासंत के साथ बड़ी संख्या में मितानिन उपस्थित थे।

माता गिरिजा महामहोत्सव 02 से 10 तक

सहसपुर लोहारा । जगद्गुरु शङ्कराचार्य ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पिठाधीश्वर स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री के आयोजकत्व में, माता गिरिजा महामहोत्सव '' भव्य कार्यक्रम 02 दिसंबर से 10 दिसंबर 2019'' तक जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री की जन्मदात्री माता गिरिजादेवी की तपस्थली ग्राम बगासपुर में उनकी पावन स्मृति में माता गिरिजा महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत

शोभायात्रा ,108 श्रीमद् भागवत पारायण, महाआरती ,छप्पन भोग् , नगर भोज् और वृन्दावन की प्रसिद्ध रासलीला का आयोजन किया जा रहा है ।

'' श्रीमद् भागवत की कथा स्वयं माता गिरिजा के लाल परमपूज्य जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री के श्रीमुख से सुनने का अनुपम अवसर'' तथा अनेकों पूज्य धर्माचार्यो के दर्शन , पूजन एवं अमृतवचन सुनने का अवसर प्राप्त होगा आप सभी सादर आमंत्रित हैं ।

कार्रवाई | **कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने वनांचल क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत तीन को शोकॉज नोटिस

कवर्धा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के पंडरिया विकासखण्ड के कुकदूर परियोजना के सुदूर एवं वनांचल ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों को कुपोषण और वहां निवासरत महिलाओं को कुपोषण और एनीमिया जैसे गंभीर बिमारियों से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बच्चों और महिलाओं को पोषण आहार और अतिरिक्त पोषण आहार भी दिए जा रहे है।

कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने शुक्रवार को बैगा एवं आदिवासी बाहूल परियोजना कुकदूर के अंतर्गत संचालित कोदवागोड़ान और सरईसेत के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कोदवागोड़ान के आवास पारा में संचालित आंगनबाड़ी क्रमांक दो का औचक निरीक्षण करते हुए वहां बच्चों और महिलाओं को परोसी जा रही गरम पका भोजन की गुणवत्ता की जॉच की।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्था तथा सुचारू रूप से संचालन नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकार श्री तिवारी को कुकदूर परियोजना अधिकारी सुश्री इंदू तिवारी और संबंधित पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अचला पांडेय को शोकॉज नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्था तीन दिनों के भीतर सुधार करते हुए बेहतर ढंग से संचालन करने के निर्देश दिए। यहां बताया गया कि कोदवागोड़ान आवास पारा के आंगनबाड़ी केन्द्र में 55 बच्चे दर्ज है। इसके अलावा गर्भवती महिलाएं 10 और शिशुवती महिला 8 है। इसी तरह सरईसेत में आंगनबाड़ी केन्द्र दो में 15 बच्चे दर्ज है। निरीक्षण के दौरान 15 बच्चे उपस्थित मिले तथा यहां के व्यवस्था बेहतर होने पर कलेक्टर ने तारीफ भी की। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुख्यमंत्री पोषण आहार के तहत प्रदाए किए जाने वाले पोषण आहार के वितरण तथा महिला एवं बच्चों के वजन तथा अन्य जानकारी अनिवार्य रूप से संधारित किए जाए।

■ न्यूज गैलरी

2028 ओलंपिक खेलों में 'टॉप टेन' में आने पर फोकस: रिजिजू

करनाल (वार्ता)। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि देश का फोकस 2028 में अमेरिका में होने वाले ओलंपिक खेलों में शीर्ष दस में आने पर है। रिजिजू यहां 65वीं राष्ट्रीय स्कूल बॉक्सिंग अंडर 14 चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त को जो 'फिट इंडिया' मुहिम शुरू की है गांवों तक फैलाई जाएगी और सरकार अगले वर्ष से फिटनेस के लिए श्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार देने की योजना बना रही है। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत सरकार अगले वर्ष से चार तरह के खेलों- विश्वविद्यालय खेल, युवा खेल, स्कूली खेल और स्वदेसी खेल के आयोजन की योजना बना रही है। इस अवसर पर द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता अनूप कुमार ने कहा कि बॉक्सिंग आत्मरक्षा का अद्भुत विज्ञान है।

जीत की पटरी पर लौटना चाहेगा केरला ब्लास्टर्स

कोच्चि (वार्ता)। केरला ब्लास्टर्स की टीम रविवार को जब यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के अपने अगले मैच में गोवा एफसी की मेजबानी करेगी तो उसका मकसद पूरे तीन अंक हासिल करना होगा।

कोच एल्को स्काटोरी की टीम इस मैच से वापस जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। केरला की टीम ने इस सीजन में एटीके के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने के बाद से पिछले चार मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं की है। टीम के कई खिलाड़ी इस दौरान चोटिल भी हुए हैं। बार्थोमोलोमेव ओगबेचे एटीके के खिलाफ गोल करने के बाद से पिछले चार मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए हैं।

कबड्डी प्रतियोगिता में जानी मानी टीमें लेंगी हिस्सा

गोरखपुरए (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में रविवार से शुरू होने वाली द्वितीय ब्रहमलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति आल इंडिया प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता में देश की जानी मानी टीमें हिस्सा लेंगी। क्षेत्रीय क्रीडांगन में चार दिसम्बर तक चलने वाले कबड्डी महामुकाबले में एसएसबी, आर्मी ग्रीन, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, पंजाब पुलिस, राजपूताना राइफ्ल, दंडियन नेवी,हरियाणा,जबलपुर, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर प्रदेश की टीमें भाग लेंगी। गोरखपुर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अरूणेश शाही ने शनिवार को बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे से श्रीकांत तेवतिया, अमित नागर , मोहित बालियान, रूपेश तोमर, संदीप तोमर, विक्रांत, जबलपुर से महेश गौर, आर्मी रेड के सचिन, विजय, उत्तर प्रदेश की ओर से राहुल चौधरी,आशीष तथा इसके अतिरिक्त एसएसबी के दो खिलाडी प्रो कबडडी लीग में शामिल है।

वॉर्नर ने दमदार प्रदर्शन किया और 300 रन बनाने के लिए 37 चौके लगाए

वार्नर का रिकॉर्ड तिहरा शतक, पाकिस्तान फिर से लड़खड़ाया

ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले 16वें ओपनर बने वार्नर

स्टार ओपनर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर (नाबाद 335) ने एडिलेड मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे डे-नाइट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को तिहरा शतक बनाने की जबरदस्त उपलब्धि के साथ ही अपना नाम रिकार्ड बुक में भी दर्ज करा लिया।

एडिलेड (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी तीन विकेट पर 589 रन का विशाल स्कोर बनाकर घोषित कर दी। पाकिस्तान ने इसके जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक अपने छह विकेट मात्र 96 रन पर खो दिए और वह फॉलोआन के गहरे संकट में फंस गया है। डे-नाईट टेस्ट का दूसरा दिन 33 वर्षीय वार्नर के नाम रहा जिन्होंने रिकॉर्ड पुस्तिका को नए सिरे से लिखने के लिए मजबूर कर दिया। वार्नर ने 418 गेंदों में 39 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 335 रन बनाये। वार्नर अपने तिहरे शतक के साथ डे-नाइट टेस्ट प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बन गये। उन्होंने इस मामले में गुलाबी गेंद से पाकिस्तान के अज़हर अली के सर्वाधिक 456 रन के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया है। वार्नर के अब गुलाबी गेंद से 534 रन हो गए हैं। वार्नर ने इसी के साथ वर्ष 2019 में सर्वाधिक निजी स्कोर बनाने के मामले में भारतीय कप्तान विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। विराट ने पुणे में गत माह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 254 रन की पारी खेली थी। वार्नर ने तिहरे शतक को पूरा करने में 389 गेंदों का सहारा लिया जिसमें 37 बाउंड्री शामिल हैं। यह आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी है, उन्होंने इससे पहले वर्ष 2015 में पर्थ में न्यूजीलैंड के खिलाफ 253 रन की पारी खेली थी। वार्नर के करियर में गुलाबी गेंद से यह पहला टेस्ट शतक भी है। वार्नर ने मैच के पहले दिन स्टम्प्स तक 166 रन बनाये और नाबाद लौटे।

ब्रायन लारा का रेकॉर्ड तोड़ने से चूके वॉर्नर

फैन्स बोले- तुम नफरत के काबिल हो कैप्टन पेन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन उस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगे, जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी 3 विकेट पर 589 रन पर घोषित कर दी। दरअसल, पेन ने जब पारी घोषित की तब डेविड वॉर्नर 335 रनों पर नाबाद थे और टीम का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 589 रन था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन उस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगे, जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी 3 विकेट पर 589 रन पर घोषित कर दी। दरअसल, पेन ने जब पारी घोषित की तब डेविड वॉर्नर 335 रनों पर नाबाद थे और टीम का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 589 रन था। डेविड वॉर्नर जबरदस्त तरीके से खेल रहे थे और उनके पास ब्रायन लारा का सर्वाधित रनों का रेकॉर्ड तोड़ने का मौका था। वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा के नाम टेस्ट मैच की एक पारी में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधित 400 रनों का रेकॉर्ड दर्ज है। पेन के इस फैसले पर ट्विटर पर काफी आलोचना हो रही है। कुछ फैन ने तो टिप पेन को नफ़रत के काबिल बताया है। एक फैन ने लिखा- पेन मुझे तुमसे नफ़रत है। मैं वॉर्नर को लारा का रेकॉर्ड तोड़ते देखना चाहता था, लेकिन तुमने ऐसा नहीं होने दिया।

- ■ ऑस्ट्रेलिया के ऐडिलेड में बनाया टॉप स्कोर, पहले ब्रैडमैन ने खेली थी 299 रन की नाबाद पारी
- ■ वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐडिलेड में सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में खेली उम्दा पारी
- ■ वॉर्नर ने पिंक बॉल से इस डे-नाइट टेस्ट मैच के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की

गांगुली की अगुवाई में रविवार को बीसीसीआई की पहली एजीएम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) रविवार को सौरभ गांगुली की अगुवाई में पहली सालाना आम बैठक(एजीएम) आयोजित करेगा जिसमें लोढा समिति की सिफारिशों से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद(आईसीसी) में अपना प्रतिनिधित्व चुनने जैसे कई मुद्दों पर अहम फैसले लिये जाएंगे।

मुंबई (वार्ता)। सर्वोच्च अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) पिछले 33 महीने के संचालन के बाद बीसीसीआई से हट चुकी है जिसके बाद गत माह ही गांगुली को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा नये पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गयी थी। गांगुली की अगुवाई में बीसीसीआई सर्वोच्च अदालत द्वारा नियुक्त लोढा समिति की सिफारिशों में कुछ बदलाव करने पर विचार कर रही है।

एजीएम के लिये जारी किये गये मसौदे के अनुसार बोर्ड मौजूदा संविधान में बदलावों पर विचार कर रहा है, जिसमें पदाधिकारियों के कार्यकाल की समयावधि का मुद्दा अहम माना जा रहा है। मौजूदा संविधान के अनुसार कोई पदाधिकारी जिसने बीसीसीआई या राज्य क्रिकेट संघ में अपने पद पर तीन वर्ष पूरे कर लिये हैं, उसे अगले कार्यकाल से पहले तीन वर्ष के कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना होगा या कहें तो वह तीन वर्ष से पहले फिर उस पद पर नियुक्त नहीं हो सकता है।

हालांकि मौजूदा प्रबंधन चाहता है कि यह कूलिंग ऑफ अवधि को तभी लागू किया जाए जब किसी पदाधिकारी ने दो कार्यकाल (छह वर्ष) का समय बोर्ड या राज्य संघ में किसी पद पर गुजारा हो। यदि इस नये नियम को एजीएम में दो न-चौथाई बहुमत हासिल होता है तो इसे बोर्ड में लागू कर दिया जाएगा जिससे मौजूदा अध्यक्ष के कार्यकाल में भी बढ़ोतरी हो सकेगी।

मौजूदा संविधान के अनुसार किसी बदलाव को लागू करने से पूर्व सर्वोच्च अदालत की मंजूरी जरूरी है, लेकिन नये प्रस्ताव के अनुसार यदि एजीएम में तीन-चौथाई बहुमत से किसी प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अदालत की मंजूरी जरूरी नहीं होगी।

पिछले तीन वर्षों में वैश्विक क्रिकेट संस्था में भी बीसीसीआई का मजबूत प्रतिनिधित्व नहीं रहा है, ऐसे में बोर्ड प्रमुखता से रविवार को अपनी आम बैठक में किसी अनुभवी व्यक्ति को आईसीसी में अपना प्रतिनिधि चुन सकता है।

एटीके की नजरें घर में जीत की हैट्रिक पर

कोलकाता (वार्ता)। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंकतालिका में शीर्ष पर कायम एटीके शनिवार को यहां युवा भारती क्रीड़ांगन स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ होने वाले मैच में घर में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। कोच एंटोनियो हबास के मार्गदर्शन में अब तक शानदार प्रदर्शन करती आ रही एटीके पांच मैचों में 10 अंक लेकर अंकतालिका में टॉप पर है। मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ होने वाला यह मैच एटीके का घर में यह तीसरा मैच होगा । एटीके इससे पहले अपने घर में पिछले दो मैचों में हैदराबाद एफसी को 5-0 से और जमशेदपुर एफसी को 3-1 से हरा चुका है।

खेल मंत्री के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

चंडीगढ़ (वार्ता)। हरियाणा के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री संदीप सिंह ने कुरूक्षेत्र जिले के शाहबाद कस्बे में स्थित दो खेल नर्सरियों के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया और खेल मंत्री ने अनुपस्थित पाये गये प्रशिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं।

संदीप सिंह ने शुक्रवार प्रातः लगभग 6.30 बजे शाहबाद के रामप्रसाद डीएवी सीनियर सेकंडरी स्कूल की हॉकी नर्सरी और सतलुज सीनियर सैकंडरी स्कूल की हैंडबाल नर्सरी का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों खेल नर्सरियों के प्रशिक्षक गैर हाजिर पाये गये जिस पर मंत्री ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिये। खेल मंत्री ने इसके बाद झांसा गांव के सामुदायिक केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया और इस दौरान गैर हाजिर पाये गये कर्मचारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिये।

केन्या का ओलंपिक के लिये 60 लाख डॉलर का बजट

केन्या की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने वर्ष 2020 में जापान के टोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये 60 लाख डॉलर का भारी भरकम बजट रखा है।

नैरोबी (वार्ता)। केन्या ने साथ ही 24 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये करीब 100 एथलीटों के दल को उतारने का फैसला किया है। केन्या ने इससे पिछले 2016 रियो ओलंपिक खेलों के लिये अपना 89 एथलीटों का दल उतारा था।

केन्या के राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पॉल टेरागाट ने कहा कि उन्होंने खौं में ट्रैक एंड फील्ड और मुक्केबाजी के अलावा कई अन्य खेलों में भी एथलीटों को उतारने का फैसला किया है। अभी तक केन्या के 50 खिलाड़ियों ने तैराकी, एथलेटिक्स, रग्बी महिला और रग्बी पुरूष खेलों के लिये ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। टेरागाट ने कहा,÷ केन्या ओलंपिक खेलों के लिये छह लाख डॉलर की राशि तैयारियों में खर्च करेगा जबकि ढाई लाख डॉलर का उपयोग क्वालिफिकेशन के लिये किया जाएगा।÷ केन्या ने जापान के कुरूमे शहर को अपने खिलाड़ियों की ट्रेनिंग कैंप के रूप में चुना है और वे मई में वहां पहुंच जाएंगे ताकि जापान के मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें।

शमीम ने दो शाट की बढ़त बनायी, खिताब के प्रबल दावेदार

अहमदाबाद। दिल्ली के गोल्फर शमीम खान ने शनिवार को केन्सविले ओपन के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर दो शाट की बढ़त बनायी। टाटा स्टील पीजीटीआई में 14 बार के विजेता शमीम का तीन दिन का कुल स्कोर 11 अंडर 205 का हो गया है और वह लगातार तीसरे दिन बढ़त कायम रखे हैं। पुणे के उदयन माने ने भी 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। उनका कुल स्कोर नौ अंडर 207 है। कोलकाता के सुनित चौरसिया बीती रात संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे, लेकिन वह 73 का कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गये।

न्यूजीलैंड का पहली पारी में 375 रन

इंग्लैंड ने 39 पर गंवाये 2 विकेट

टॉम लाथम (105 रन) और डेरिल मिशेल (73 रन) की पारियों से न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में 375 रन का मजबूत स्कोर बनाने के साथ ही विपक्षी इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मात्र 39 रन पर दो विकेट निकाल अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

हैमिल्टन (वार्ता)। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक 18 ओवर में 39 रन जोड़े लेकिन साथ ही अहम दो विकेट भी गंवा दिये। वह अभी न्यूजीलैंड के स्कोर से 336 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष हैं। बल्लेबाज़ रोरी बर्न्स 24 और कप्तान जो रूट 6 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लिश टीम ने डॉम सिबलीइ(4) और जो डेन्ली (4) के रूप में अपने दो विकेट गंवाये जिन्हें न्यूजीलैंड के टिम साउदी और मैट हैनरी ने पवेलियन भेजा।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पारी की शुरूआत 173 रन पर तीन विकेट से की थी। उसके नाबाद बल्लेबाज़ों लाथम (101) और हैनरी निकोल्स(5) ने अपनी पारियों को आगे बढ़ाया लेकिन वे सस्ते में आउट हो गये। लाथम अपने स्कोर में चार रन का ही इजाफा कर सके थे कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने उन्हें बोल्ड कर दिया जबकि निकोल्स 16 रन बनाकर सैम करेन की गेंद पर ब्रॉड को कैच दे बैठे। बी जे वाटलिंग और मिशेल ने फिर मिलकर छठे विकेट के लिये 124 रन की पारी खेली और स्कोर को 191 पर पांच विकेट से फिर 315 तक ले गये। वाटलिंग को भी ब्रॉड ने अपना शिकार बनाकर छठा विकेट निकाला और इस साझेदारी को भी तोड़ा। कीवी बल्लेबाज़ ने 192 गेंदों में सात चौके लगाकर 55 रन की पारी खेली।

सफलता | **पेस और जीवन ने हुजैफा और शोएब की जोड़ी को मात्र 53 मिनट में 6-1, 6-3 से हराया**

पाकिस्तान को पीटकर भारत क्वालीफायर में

अनुभवी लिएंडर पेस और जीवन नेदुनचेझियन के युगल मुकाबला जीतने के साथ ही भारत ने शनिवार को पाकिस्तान को डेविस कप एशिया ओसनिया जोन ग्रुप एक के पहले राउंड के मुकाबले में 4-0 से पीटकर 2020 क्वालीफायर का टिकट हासिल कर लिया। भारत ने इस तरह पाकिस्तान से डेविस कप में लगातार सातवां मुकाबला जीत लिया।

भारत ने तब चीनी ताइपे को इंदौर में 5-0 से हराया था। अपने शीर्ष खिलाड़ियों ऐसाम उल हक कुरैशी और अकील खान के इस मुकाबले से हट जाने के बाद पाकिस्तान ने एक युवा टीम भारत के खिलाफ उतारी जिसमें उसके खिलाड़ियों के पास कोई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग नहीं थी और यह टीम चार मैचों में मात्र सात गेम ही जीत सकी। भारत ने यह मुकाबला आसानी से जीता और पाकिस्तान पर डेविस कप के इतिहास में लगातार सातवीं जीत दर्ज की।

नूर सुल्तान (वार्ता)। नूर सुल्तान के नेशनल टेनिस सेंटर के हार्ड कोर्ट पर रामकुमार रामनाथन ने कल पहले एकल मैच में मोहम्मद शोएब को 6-0, 6-0 से और दूसरे एकल मैच में सुमित नागल ने हुजैफा अब्दुल रहमान को 6-0, 6-2 से हरा कर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई थी।

आज युगल मैच में 46 वर्षीय लिएंडर पेस और जीवन नेदुनचेझियन की जोड़ी ने हुजैफा और शोएब की जोड़ी को मात्र 53 मिनट में 6-1, 6-3 से हरा दिया। चौथे मैच में नागल ने युसफ खलील को 6-1, 6-0 से धो दिया। भारत के 4-0 की बढ़त बनाने के बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।

भारतीय टीम अब 2020 में 6-7 मार्च को दो बार के चैंपियन क्रोएशिया से क्वालीफायर मुकाबला खेलेगी। भारत यदि क्वालीफायर जीतता है तो उसके पास डेविस कप फाइनल्स में खेलने का मौका रहेगा। क्वालीफायर्स की 12 विजेता टीमें उन छह टीमों के साथ फाइनल्स में जुड़ेंगी जो फाइनल्स में जगह बना चुके हैं। इन छह टीमों में स्पेन, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और सर्बिया शामिल हैं।

पेस पिछले साल डेविस कप इतिहास के सबसे सफल युगल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने डेविस कप में 44वां युगल मैच जीतकर अपने डेविस कप रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने 57 डेविस कप मुकाबलों में 44 युगल मैच जीते हैं। डेविस कप में उनकी अब कुल 92 जीत हो गयी हैं जिसमें 48 एकल जीत भी शामिल हैं। वह डेविस कप के सबसे सफल खिलाड़ियों में 92-35 के जीत-हार रिकॉर्ड के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इस जीत के साथ फरवरी 2014 के बाद यह पहला मौका है जब भारत ने मुकाबले के सभी मैच जीते हैं।

चोटिल हसन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज बाहर

तेज़ गेंदबाज़ हसन अली चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर एक दशक बाद होने जा रही टेस्ट सीरीज के लिये पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम से बाहर हो गये हैं।

लाहौर (वार्ता)। तेज़ गेंदबाज़ को गत सप्ताह कैद ए आज़म ट्रॉफी में सेंट्रल पंजाब की ओर से खैबर पख्तूनवा के खिलाफ मैच में हिस्सा लेना था लेकिन पसली में दर्द के कारण वह टूर्नामेंट से हट गये। उनके एहतियातन स्कैन कराये गये जिसमें पसलियों में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसकी पुष्टि की है।

पीसीबी ने जारी बयान में कहा,÷ हसन के फ्रैक्चर को ठीक होने में कम से कम छह सप्ताह का समय लगेगा और फिर उन्हें नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा।÷ हसन पीठ में दर्द के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन टी-20 मैचों की सीरीज़ में हिस्सा नहीं ले सके थे। वह राष्ट्रीय टीम की ओर से 53 वनडे और 30 ट्वंटी 20 मैचों तथा नौ टेस्टों में खेल चुके हैं।

पाकिस्तानी टीम फिलहाल आस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और 11 दिसंबर से अपनी जमीन पर वर्ष 2009 के बाद पहली बार द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज़ आयोजित करेगी जिसमें श्रीलंका के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

दैनिक नव प्रदेश
आखिरी पन्ना
रायपुर, रविवार, 1 दिसम्बर 2019

न्यूज गैलरी

उधार में दिए रूपये को लेकर मारपीट

रायपुर। पुराने रंजिश व उधार में दिए रूपये को लेकर कोतवाली व सिविल लाईन्स क्षेत्र में धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। विधायक विश्राम गृह टैगोर नगर आदित्य कोचिंग सेंटर के पास 28 नवम्बर को गजेन्द्र कुमार कुर्रे 32 वर्ष पिता जिया लाल कुर्रे को उधार में दिए पैसे को लेकर आशीष सोनी निवासी मंदिर चौक टिकरापारा ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार औजार से कंधे पर मारकर चोट पहुंचाया। सिविल लाईन क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दिलीप बहादुर 29 वर्ष पिता गोपाल बहादुर को कोटक महेन्द्र बैंक राजभवन के पीछे सिविल लाईन में करन तिवारी निवासी प्रोफेसर कॉलोनी ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार औजार से पीठ के ऊपर मारकर चोट पहुंचाया।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक की पिटाई

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर आरोपी ने युवक को बेल्ट व हाथ मुक्का से मारकर चोट पहुंचाया एवं युवक की एक्टिवा में तोड़फोड़ किया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने दर्ज की गई है। गाजीनगर बीरगांव निवासी कामदेव सिन्हा पिता सनत कुमार सिन्हा को आडवानी स्कूल के पास मो. जुबेर ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व बेल्ट से मारकर चोट पहुंचाया व एक्टिवा को तोड़फोड़ किया।

रायगढ़-बड़नेरा एवं अम्बिकापुर-बड़नेरा के बीच स्पेशल ट्रेन की सुविधा

रायपुर। रायगढ़ एवं मुम्बई के बीच गाड़ियों में भारी भीड़ एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायगढ़-बड़नेरा एवं अम्बिकापुर बड़नेरा के बीच एक-एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन रायगढ़ से 06 दिसम्बर को 08295 नम्बर के साथ एवं बडनेरा से 09 दिसम्बर को 08296 नम्बर के साथ चलेगी। यह गाड़ी 2 एसएलआर, 15 स्लीपर सहित कुल 17 कोच के साथ चलेगी। अम्बिकापुर से 6 दिसम्बर को 08297 नम्बर के साथ एवं बडनेरा से 9 दिसम्बर को 08298 नम्बर के साथ चलेगी।

13 वर्षीय बच्चे के पेट से निकला 7 सेमी बड़ा स्टोन

सिम्स में किया गया सफल ऑपरेशन गरीबी बन रही थी उपचार में बाधा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सिम्स के डॉक्टरों ने सफल आपरेशन कर 7 सेंटीमीटर ट्यूमर निकाला मासूम की जान बचाई । हिर्री क्षेत्र के ग्राम मोहदा में रहने वाले रामचरण निषाद के बेटे करन निषाद को पिछले 10 वर्ष से पेशाब की थैली में दर्द और पेशाब करने के दौरान समस्या होती थी, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से उसका इलाज नही हो पा रहा था, स्थानीय स्तर पर दर्द के लिए जड़ी बूटियों का उपयोग किया जा रहा था। लेकिन परेशानी खत्म नही हो पाई।

सफल ऑपरेशन करने में सिम्स के चिकित्सक मास्टर करण निषाद की हालत को देखते हुए सिम्स के सर्जरी विशेषज्ञ डॉ नीरज शेंडे के नेतृत्व में डॉ. विनोद तामकनंद, डॉ चुन्नूलाल द्वारा 7 सेंटीमीटर बड़े पथरी को निकाला गया, वहीं निश्चेतना विभाग से डॉ राकेश निगम, डॉ सुरभि एवं टीम मौजूद रही। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक स्मार्टकार्ड के माध्यम से ही इस ऑपरेशन को किया गया, जिसकी वजह से मरीज के परिवार को आर्थिक समस्या से जूझना नही पड़ा, सिम्स के चिकित्सकों ने ऑपरेशन में निकाली गई पथरी के आकार को बच्चो में होने वाली पथरी में असाधारण बताया है।

2 वर्ष की उम्र से यह परेशानी थी

बच्चे को 2 वर्ष की उम्र से यह परेशानी थी जो 13 वर्ष की उम्र तक पहुँचकर बहुत बढ़ चुकी थी, पिछले दिनों करण को सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों की टीम ने करना की जांच की इस दौरान पाया गया कि उसकी पेशाब थैली में पथरी है, जिसका आकार बहुत बड़ा है, आप तौर पर होने वाली पथरी के मुकाबले यह आकार असाधारण है, फिर सिम्स के चिकित्सकों ने करण का ऑपरेशन कर उसे निकालने की तैयारी की और सफल ऑपरेशन के बाद 7 सेंटीमीटर बड़े पथरी को करण के शरीर से अलग किया गया।

सायकलिंग के लिए निकले जज ने विक्षिप्त महिला को पहुंचाया सखी वन स्टॉफ सेंटर

खुद पहुंचे थाने और पुलिस को दी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। सायकलिंग करने निकले जज ने मानवता व इंसानियत का परिचय देते हुए एक सड़क किनारे बैठी एक विक्षिप्त महिला को पुलिस की मदद से सखी वन स्टॉफ सेंटर पहुंचाया। जब महिला की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मेडिकल चेकअप करवा कर उन्हें बिलासपुर के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में पहुंचाया गया।

किसी भी न्यायालय में न्यायाधीश जब न्याय करता है तो पूरी तरह से पारदर्शीता होती है। साक्ष्य के आधार पर वास्तविक निर्णय देने के लिए जज होता है। न्यायालय में न्याय करते समय मानवता की भावनाओं पर नहीं बहता लेकिन जरूरतमंद की मदद करने वाले न्यायाधीश की चर्चा आज लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की योजनाओं को लेकर कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं तालुका स्तर पर जागरूकता पखवाड़ा 14 से 30 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नालसा की 10 योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है एवं हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना है।

संतुष्टीपूर्वक नहीं मिला जवाब

मानवता का परिचय देने का मामला बालोद जिले में तब देखने को मिला। जब बालोद न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.विनोद कुजूर व मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट बालोद संतोष ठाकुर की नजर एक सड़क किनारे बैठी एक विक्षिप्त महिला पर पड़ी। जानकारी के अनुसार उक्त महिला की मानसिक विक्षिप्तता को देखते हुए बस चालक ने बीच रोड में उतार दिया था। सुबह साईकिलिंग के दौरान न्यायाधीशगणों की नजर उस विक्षिप्त महिला पर जाते ही उनके द्वारा उससे नाम, पता पूछकर हालात जानने की कोशिश की गई परंतु संतुष्टीपूर्ण जवाब नहीं देने के कारण तत्काल निकटतम् आरक्षी केन्द्र बालोद में स्वयं जाकर उक्त घटना की सूचना पुलिस कर्मचारियों को दिया गया।

पुलिस की मदद से पहुंचाया अस्पताल

जब तक पुलिस कर्मचारी के साथ न्यायाधीशगण वापस रोड पर पहुंचे तब तक वह विक्षिप्त महिला वहां से जंगल की ओर दल्लीराजहरा रोड पर पैदल चली गई थी, जिसे पुलिस वैन एवं महिला आरक्षक नर्मदा कोठारी की सहायता से वापस लाकर अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराया गया। विक्षिप्त महिला की स्थिति एवं शीतकालिन मौसम को देखते हुए जिला न्यायाधीश द्वारा शाल उपलब्ध कराया गया एवं चिकित्सकीय सुविधा उपरांत उसकी गरिमा का ध्यान रखते हुए उसे सखी वन स्टॉफ सेंटर बालोद में भर्ती कराया गया।

सखी वन स्टॉफसेंटर से भाग गई महिला

सखी वन स्टॉफ सेंटर से उक्त विक्षिप्त महिला फिर भाग गई। जिसे फिर से महिला आरक्षक नर्मदा कोठारी ने पकड़कर वापस सखी वन स्टॉफसेंटर बालोद लाया। जहां उस विक्षिप्त महिला की देखरेख तथा निरीक्षण एवं विजिट के दौरान अन्य मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला मिली जिसे सखी वन स्टॉफ सेंटर में रखा गया था। वह भी अपना नाम पता बता सकने में असमर्थ थी जिस पर प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देश पर तत्काल उस महिला का भी मुलाहिजा करवाया गया। उक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं के मेडिकल रिपोर्ट में चिकित्सक के द्वारा महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल सेंदरी बिलासपुर रिफर किये जाने की रिपोर्ट देने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रभारी सचिव बालोद द्वारा रिसेप्सन आर्डर जारी कर दोनों ही विक्षिप्त महिलाओ को सेंदरी बिलासपुर भिजवाया गया।

कानूनी जानकारी के आभाव में नहीं मिलती सहायता

उक्त घटना की जानकारी देते हुए अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के.विनोद कुजूर ने बताया गया कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी हमारे समाज में आसपास मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति दिखते है परंतु कानूनी जानकारी के अभाव में ऐसे व्यक्तियों को विधिक सहायता प्राप्त नहीं हो पाती है जबकि नालसा की योजना के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों को सहायता की जा सकती है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के तहत् वह व्यक्ति जिन्हे अशक्त व्यक्तियों (समान अवसर अधिकारों की रक्षा और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम 1995 के तहत् परिभाषित किया गया है और जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की धारा 2 के खण्ड (फ) के अर्थ में मनोचिकित्सक अस्पताल अथवा मनोचिकित्सक नर्सिंग होम में रखा गया है।

परिजनों व निवास स्थान की खोजबीन जारी

उक्त मामले में दोनों ही मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं के परिवार व निवास स्थान की जानकारी उपलब्ध नहीं होने पर जिले के सभी आरक्षी केन्द्रों पर इसकी सूचना प्रेषित किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश न्यायालय, प्राधिकरण के द्वारा प्रेषित किया जा चुका है ताकि उनके परिवार वालों की खोजबीन कर उन्हे स्वस्थ होने पर परिवार के सुपुर्द किया जा सके। उक्त कार्य में प्रशिक्षु डी.एस.पी. बालोद अमर सिदार एवं महिला प्रधान आरक्षक नर्मदा कोठारी की भूमिका सराहनीय रही जिसके द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए विक्षिप्त महिलाओं को अविलंब अस्पताल पहुंचाए जाने में सहायता प्रदान किया।

सीटी बजाने पर छात्र की डंडे से पिटाई, शिक्षिका निलंबित

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोटा क्षेत्र के सरकारी स्कूल में शिक्षिका द्वारा आठवीं के छात्र को बेरहमी से पिटाई के मामले में शिक्षिका किरण को निलंबित कर दिया गया है। यह मामला शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला का है जहां एक शिक्षिका नें 14 वर्षीय आठवीं कक्षा के नाबालिग छात्र को डंडे से जानवर की तरह पिट दिया, जो काफी शर्मसार करने देने वाला कृत्य था।जिसकी शिकायत परिजनों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से की थी,वही मामले की गंभीरता को देखते हुए आज संरक्षण अधिनियम 2009 के विपरीत एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

मिलने आई युवती के साथ तीन दोस्तों ने किया दुष्कर्म

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दोस्त से मिलने शहर पहुँची युवती का तीन दोस्तो ने मिलकर दुष्कर्म को अंजाम दिया , पीड़िता कु शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर गिरफ्तार कर लिया । मिली जानकारी के मुताबिक अम्बिकापुर में रहने वाली युवती जो वर्तमान में रायपुर में प्राइवेट जॉब करती है, शुक्रवार को वह अपने मित्र मासूम बैग से मिलने बिलासपुर आई थी,पर उसे क्या पता था कि आज उसके दोस्त ने ही उसके इज्जत को तार तार करने का प्लान बना रखा है बीती रात्रि तकरीबन 8 बजे के आस पास जब वह अपने मित्र से मिलने सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतन चौक के समीप अटल आवास पहुँची फिर वे वहां एक रूम में बैठ कर बात कर रहे थे, इसी दौरान युवती के दोस्त मासूम बैग के दो मित्र शशिकांत व रमेश भी वहां पहुँच गए युवती के पूछने पर उसके दोस्त ने बताया कि वह उन्हें घर छोड़ने के लिए आये है, उन्होंने पूर्व में रचित प्लान अनुसार युवती के साथ मारपीट कर सुनसान जगह में बारी बारी दुष्कर्म किया व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे वही छोड़ कर भाग खड़े हुए। युवती किसी तरह तकरीबन रात 10:30 से 11 के बीच महिला थाने पहुँच कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के घटना की जानकारी दी, थाना प्रभारी तत्काल महिला के कथन अनुसार युवको के खिलाफ मामला दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना सरकंडा को युवको की गिरफ्तारी के निर्देश दिए, जिसके बाद सीएसपी कोतवाली निमेष बरैया,थाना प्रभारी जेपी गुप्ता प्रधान आरक्षक जितेश सिंह सहित स्टाफने युवको की तलाश में अलग अलग जगहों पर दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी

मासूम बैग उम्र 21 साल निवासी तेलीबांधा रायपुर, शशिकांत वैष्णव उम्र 26 साल अटल आवास नूतन चौक सरकंडा , रमेश साहू उम्र 19 मुक्तिधाम के पास तोरवा निवासी।

ऑटो शो-रूम में लगी आग, 80 बाइक हुई खाक

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित साहिल ऑटो के शो-रूम में आगजनी की घटना में पूरी शो-रूम जलकर खाक हो गई। साथ ही वहां खड़ी 80 बाइक भी पूरी तहर से जल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात शो-रूम संचालक ने रोजाना की तरह अपने शो-रूम को बंद कर घर चले गये थे। रात्रि करीब 12.30 बजे आसपास के लोगों ने आग की लपटें देखी, इसके बाद तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंच पाती, तब तक पूरी शो-रूम और वहां रखी गई नई बाईक पूरी तरह जल गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित साहिल आटो के शो-रूम में आग क्यों लगी, फिलहाल इसके वजह का पता नहीं लगा है, माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी । घटना की जानकारी लगते ही केशकाल एसडीओपी अमित पटेल सहित कई अधिकारी पहुंचे और आग लगने के वजहों की जांच कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया था। शो-रूम संचालक का कहना है कि भीतर नई-पुरानी मिलाकर 80 गाड़ियां खड़ी थी, इसके अलावा ऑइल, स्पेयर पार्टस व लेन-देन के दस्तावेज थे, इस घटना में सबकुछ जलकर खाक हो गया है।